आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गुरु रामदास जयंती

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 284 | उज्जैन, मंगलवार 27 अक्टूबर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 1-2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

राहुल गांधी शाह मानहानि केस में 8 साल बाद बरी

सुल्तानपुर। तारीख- 8 मई 2018। राहुल गांधी ने बेंगलुरु में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अमित शाह का नाम लिए बिना कहा कि भाजपा ईमानदार राजनीति की बात करती है, जबकि उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष हत्या के एक मामले में आरोपी रहे हैं। उनके 10 सेकेंड में दिए इस बयान की आंच 8 साल तक दिखी। अगस्त 2018 में यूपी के सुल्तानपुर में दर्ज हुए केस का फैसला 26 अक्टूबर 2026 को आया है। कोर्ट ने राहुल को बरी कर दिया है और उनके बयान को अपमानजनक नहीं माना।

मंत्री सुबोध उनियाल ने दलेर मेहंदी से मांगी माफी

देहरादून। उत्तराखंड में गायक दलेर मेहंदी के कार्यक्रम में व्यवधान को लेकर हुए विवाद के बीच कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने उनसे फोन पर माफी मांगी है। इस घटनाक्रम पर गायक मीका सिंह की टीम ने प्रतिक्रिया देते हुए माफी के कदम का स्वागत किया है। टीम ने उम्मीद जताई कि अब विवाद को खत्म कर सभी लोग आपसी सम्मान और समझदारी के साथ आगे बढ़ेंगे। मीका सिंह की टीम की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दलेर मेहंदी संगीत जगत के वरिष्ठ कलाकार हैं और उन्होंने इंडस्ट्री में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

100 करोड़ घोटाला केस में पूर्व शिक्षा मंत्री गिरफ्तार

चेन्नई। डीएमके नेता और पूर्व तमिलनाडु शिक्षा मंत्री अनबिल महेश पोय्यमोझी के खिलाफ कड़ा ऐक्शन हुआ है। पुलिस ने सोमवार को उन्हें गिरफ्तार किया। अनबिल को 100 करोड़ रुपए के प्राइवेट स्कूल स्कैम केस में यह कार्रवाई हुई है। अनबिल के खिलाफ गिरफ्तारी मद्रास हाईकोर्ट द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के थोड़ी ही देर बाद ही ग्रेटर चेन्नई पुलिस की सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने की। यह स्कैम में प्राइवेट स्कूलों को मान्यता और कानूनी मंजूरी जारी करने से जुड़ा था।

बम की धमकी के बाद जलसा की सुरक्षा बढ़ी



तबीयत खराब होने के बावजूद फैंस से मिलने पहुंचे अमिताभ बच्चन, पीछे खड़े नजर आए अभिषेक

मुंबई। मुंबई स्थित अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इसके बावजूद बिग बी ने रविवार को अपनी सालों पुरानी परंपरा निभाते हुए घर के बाहर जमा फैंस का अभिवादन किया। इस दौरान बेटे अभिषेक बच्चन भी उनके साथ नजर आए। पुलिस की मौजूदगी और बैरिकेडिंग के बीच फैंस से उनकी मुलाकात चर्चा में रही। अमिताभ बच्चन हर रविवार अपने बंगले जलसा के बाहर आकर फैंस का अभिवादन करते हैं। इस परंपरा को संडे दर्शन कहा जाता है। 25 अक्टूबर को भी उन्होंने यह सिलसिला जारी रखा, लेकिन इस बार बंगले के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। हाल ही में अमिताभ बच्चन के बंगले को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद मुंबई पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी। रविवार को जलसा के बाहर बड़ी संख्या में फैंस अपने पसंदीदा अभिनेता की झलक पाने पहुंचे थे। पुलिसकर्मी बैरिकेड्स के पास तैनात रहे और भीड़ पर नजर रखते दिखाई दिए। इस बार संडे दर्शन के दौरान अमिताभ बच्चन के साथ बेटे अभिषेक बच्चन भी मौजूद रहे। अमिताभ घर के बाहर आकर फैंस का अभिवादन कर रहे थे, तब अभिषेक उनके पीछे खड़े नजर आए।

नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली** : 100% एथेनॉल वाले ईंधन को सरकार की मंजूरी, सरकार बोली- कच्चे तेल का आयात और प्रदूषण घटेगा।
- **मुंबई** : सेंसेक्स 483 अंक चढ़कर 73,607 पर बंद, निफ्टी भी 153 अंक चढ़ा, आईटी और फार्मा शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही।
- **ब्राजील** : लूला दा सिल्वा चौथी बार ब्राजील के राष्ट्रपति बने, ट्रम्प समर्थक बोल्सोनारो को हराया।
- **नई दिल्ली** : मोदी को अपशब्द कहने पर खड़गे के खिलाफ शिकायत, पटना में कहा था- 'मोदी का बाप भी जाएगा', सीएम सम्राट बोले- राहुल-खड़गे माफी मांगें।
- **नई दिल्ली** : कांग्रेस का दावा- अरुणाचल में 40-50 किमी अंदर घुसे चीनी सैनिक, सेना बोली- घुसपैठ के दावे वाला वीडियो फर्जी, प्रेस कॉन्फ्रेंस के फुटेज से छेड़छाड़ कर बनाया।
- **वाशिंगटन** : ट्रम्प ने नोबेल न मिलने पर नॉर्वे को गाली दी: बोले- वहां के लोगों को अमेरिका नहीं आने देना चाहता।
- **अल्बानिया** : छात्रों ने पीएम ऑफिस की कुर्सियां जलाईं, प्रधानमंत्री ने खुद इन्हें रखा था, इन पर लिखा था- बातचीत करें।

पांचों दोस्त सागौर से सांवरिया सेठ के दर्शन करने जा रहे थे, डिवाइडर से टकराकर कार में लगी आग

हादसे में चार युवकों की जिंदा जलकर हुई मौत, एक गंभीर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

धार जिले के धार के बदनावर के लेबड़-नयागांव फोरलेन पर पुलिया पर बने डिवाइडर से टकराने के बाद डिजायर कार में आग लग गई। हादसे में कार सवार चार युवकों की जिंदा जलने से मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया।

हादसा सादलपुर और खेरोद के बीच रविवार की देर रात करीब 11.30 बजे ढाबे के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक पांचों दोस्त सागौर से सांवरिया सेठ के दर्शन करने गए थे। लौटते समय सादलपुर के पास उनकी कार पुलिया के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इंजन उखड़कर बाहर जा गिरा और कार पुलिया से नीचे जा गिरी। इसके बाद कार में आग लग गई।



चार युवक कार में फंसे, एक बाहर गिरा

हादसे में एक युवक कार से बाहर गिर गया, जबकि चार अंदर फंस गए। आग तेजी से फैलने से चारों की मौत हो गई। घायल युवक की हालत गंभीर है। मृतकों की पहचान अंकुश उर्फ भीम (20), पिता विक्रम चौधरी और चेतन चौधरी (20), पिता जीवन चौधरी, निवासी धाकड़ धर्मशाला के पास, बड़ी सागौर, आदित्य उर्फ अनमोल तिवारी (19), पिता संतोष तिवारी, निवासी चौधरी मोहल्ला, बड़ी सागौर और अभिषेक सोलंकी, पिता लक्ष्मण सोलंकी, निवासी सुहागपुर, सागौर के रूप में हुई है। हादसे में तुषार मंडलोई (20), पिता मुकेश मंडलोई, निवासी माधोपुर, सागौर घायल हुआ। प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया गया।

- **फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया-** सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया। तब तक कार बुरी तरह जल चुकी थी। पुलिस ने चारों मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए धार जिला चिकित्सालय भेज दिए।
- **शनिवार को पीथमपुर से दर्शन के लिए निकले थे-** जानकारी के मुताबिक पांचों दोस्त शनिवार को पीथमपुर से निकले थे। तीन मृतकों के परिवार खेती-किसानी से जुड़े हैं, जबकि चौथे मृतक अभिषेक सोलंकी के पिता कारखाने में काम करते हैं। घायल के पिता भी किसान हैं।

प्रशासन असत्य एवं भ्रामक बता रहा मौतों को, परिजनों के आरोप पर पुलिस कार्रवाई

चंदाना निवासी अवैध शराब विक्रेता विनोद जायसवाल सहित 10 आरोपी गिरफ्तार

15 एवं 18 अक्टूबर की मौतों को लेकर फरार हो गया था, पुलिस ने घेरा डालकर पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिला मुख्यालय से मात्र कुछ किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत चंदाना एवं बिंजाना में अक्टूबर माह के प्रथम पखवाड़े में हुई करीब एक दर्जन से अधिक मौतों के मामले में भले ही प्रशासन भ्रामक एवं असत्य करार दे रहा है लेकिन जहरीली शराब सेवन के आरोपों के चलते औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने चंदाना निवासी शराब विक्रेता विनोद जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से वह फरार था। इसके सहित पुलिस ने 10 अन्य शराब कारोबारियों को भी पकडा है।

देवास की कोतवाली पुलिस ने शराब कारोबारियों को घेराबंदी के बाद दबोचा है। पुलिस प्रेस नोट में बताया गया है कि 15 एवं 18 अक्टूबर को ग्राम चंदाना में दो व्यक्तियों की मृत्यु होने की सूचना जिला चिकित्सालय देवास से प्राप्त होने पर थाना सिविल लाईन में मर्ग पंजीबद्ध किये गये थे। मर्ग जांच के दौरान मृतकों के परिजनों एवं अन्य व्यक्तियों के कथन लिये गये, जिन्होने ग्राम चंदाना निवासी विनोद जायसवाल द्वारा गांव में अवैध तरीके से शराब बेचने की बात कही। जानकारी के अनुसार, विनोद जायसवाल घटना के बाद से फरार था। सोमवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि विनोद जायसवाल अपने साथियों के साथ कहीं जाने वाला है। सूचना पर पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान प्रताप नगर-अंबेडकर नगर क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की कार को रोका गया। पुलिस को देखकर कार सवारों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विनोद जायसवाल, अजय राठौर एवं रामेश्वर सोनगरा बताए।



- **कोतवाली थाना में प्रकरण दर्ज-** कार की तलाशी लेने पर डिक्की में 06 पेटी देशी शराब रखी मिली, जिसे विधिवत जप्त किया जाकर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 768/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम 1915 का पंजीबद्ध किया गया। अवैध शराब के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने सत्येन्द्र ओझा, नितिन सोलंकी, चन्द्रशेखर बैरागी, राज, जुगल, राजेन्द्र निनामा, विशाल चौहान के साथ मिलकर अवैध रुप से शराब बेचना बताया। इस जानकारी के आधार पर पुलिस द्वारा अलग-अलग टीमें गठित कर कार्यवाही की गई तथा शराब के अवैध कारोबार से जुड़े कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।
- **कलेक्टोरेट का घेराव आज-** देवास जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मनीष चौधरी के अनुसार 27 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के घेराव किया जाएगा। जिले के चंदाना और बीराखेड़ी में शराब के सेवन से हुई मौतों के विरोध में अवैध शराब और मादक पदार्थों के लगातार धंधे के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है। इस विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी शामिल होंगे।
- **प्रशासन भ्रामक बता रहा, पुलिस कार्रवाई -** मौतों के जहरीली शराब सेवन के आरोपों को लेकर जिला प्रशासन के एसडीएम अभिषेक शर्मा ने सिरे से ही खारिज कर दिया है। उन्होंने एक वीडियो जारी करते हुए अपने बयान में साफ तौर पर कहा था कि चंदाना में कुछ भ्रामक खबर संज्ञान में आई थी कि वहां पर जहरीली शराब का सेवन करने से कुछ लोगों की मृत्यु हुई है, यह खबर पूर्णतः भ्रामक है। उन्होंने गांव में होने वाली मौतों को सिलसिलेवार बताते हुए उन्हें प्राकृतिक मौत बताया था। इसी स्थिति को देवास जनसंपर्क विभाग ने प्रसारित किया, जिसमें मौतों पर दावा और सच की स्थिति दर्शाई गई।

नजरें संभागीय जांच दल पर

मामले में शनिवार को संभागायुक्त आशीषसिंह ने उज्जैन अपर कलेक्टर एवं महाकाल मंदिर प्रबंध समिति प्रशासक प्रथम कौशिक की अध्यक्षता में कुल 5 अधिकारियों की समिति को जांच का जिम्मा सौंपा है। इस जांच समिति की जांच पर सबकी निगाहें हैं।

ये शराब कारोबारी गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में विनोद जायसवाल पिता प्रयाग नारायण जायसवाल निवासी चंदाना,अजय उर्फ अज्जु पिता विष्णु राठौर निवी ग्राम पुवार्डादाई जिला इंदौर, नितिन सोलंकी पिता मदन सिंह सोलंकी (वाईन शॉप मैनेजर भाड़ा पिपल्या) निवासी न्यु गौरी नगर जिला इंदौर ,चन्द्रशेखर बैरागी पिता ओमप्रकाश (मैनेजर-वाईन शॉप क्षिप्रा), सत्येन्द्र ओझा पिता भगवानदास (सेल्स मैन वाईन शॉप अरबिंदो इंदौर) निवासी वैभव लक्ष्मीनगर जिला इंदौर, राजदेव पिता रामचन्द्र पटेल (सेल्समैन वाईन शॉप क्षिप्रा) निवासी जौनपुर उत्तरप्रदेश ,जुगल सिंह पिता लालसिंह,राजेन्द्र निनामा पिता धन्नालाल, विशाल पिता बद्रीलाल चौहान निवासी इल्यासखेड़ी थाना पीपलरावां, रामेश्वर पिता अमर सिंह सोनगरा निवासी गदईशा पिपल्या शामिल हैं।

जामिया में फिर बवाल कई छात्र हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

जामिया मिलिया इस्लामिया ने सोमवार को छात्र संघ के संविधान को मंजूरी मिलने के 15 दिन के भीतर छात्र संघ चुनाव कराए जाने के आदेश दिए हैं। लेकिन इसके बाद कैंपस में फिर से प्रदर्शन शुरू हो गए। छात्र एक तय समय-सीमा के भीतर चुनाव प्रक्रिया पूरी करने और एक मुख्य चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की मांग कर रहे थे। छात्र आसिफ खान ने कहा, हम चाहते हैं कि प्रशासन एक मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त करे और चुनाव प्रक्रिया में तेजी लाए। तब तक विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कई मांगें अभी भी पूरी नहीं हुई हैं, इसलिए उन्होंने आंदोलन खत्म करने से इनकार कर दिया है।

2.12 लाख करोड़ रु. की रक्षा खरीद को सरकार की मंजूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सरकार के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को डिफेंस फोर्सेज के लिए 2.12 लाख करोड़ की खरीद को मंजूरी दी। इसमें मल्टीपरपज हेलिकॉप्टर, लंबी दूरी के कामिकाजे ड्रोन सिस्टम और हथियार भी शामिल हैं। इस खरीद में करीब 82% खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी। सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल, सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, एयर डिफेंस सिस्टम और काउंटर ड्रोन सिस्टम खरीदे जाएंगे। नौसेना और वायुसेना के लिए भी कई अहम प्लेटफॉर्म, हेलिकॉप्टर, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम को मंजूरी मिली है। लाइट मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, सेना के लिए वेरी शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम और काउंटर अनमैंड एरियल सिस्टम खरीदे जाएंगे। सेना के लिए अन्य अनमैंड एरियल सिस्टम और सर्विलांस अनमैंड एरियल व्हीकल्स की खरीद को भी मंजूरी दी। इंटीग्रेटेड सर्विलांस एंड स्ट्राइक सिस्टम और लंबी दूरी के कामिकाजे ड्रोन सिस्टम भी इसमें शामिल हैं।

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाएं

30 सेकेंड में आंदोलन रोक देंगे: राहुल गांधी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली को टालने से इनकार कर दिया। राहुल ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि दिल्ली के हर व्यापारी से हम प्यार करते हैं, उनकी बात सुन रहे हैं।

मोदी जी से कहिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटा दें। 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा। दिल्ली के कश्मीरी गेट पर सोमवार को व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस से 1 नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाली रैली को दिवाली के बाद कराने की मांग की।

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के सभी दलों को पत्र लिखा जाएगा। संगठन ने दिवाली फेस्टिवल सीजन में 10 हजार करोड़ रुपए के व्यापारिक नुकसान की चेतावनी दी है।

खड़गे बोले- रैली में सब लोग शामिल हों



खड़गे ने एक्स पर लिखा- यह त्योहार का मौसम है, लेकिन इस समय आप कमरतोड़ महंगाई से जूझ रहे हैं। सरकार को इसकी बिल्कुल भी चिंता नहीं, क्योंकि वह सिर्फ वोट चोरी करना जानते हैं। इसी सिलसिले में 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट बचाओ, देश बचाओ महा रैली होगी। आप से अपील है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए, इस रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और इस मुहिम को सफल बनाएं।

1 नवंबर की रैली से थोक बाजारों पर गंभीर असर पड़ सकता है। कारोबार पर भारी असर पड़ेगा, क्योंकि रिपोर्टों के मुताबिक रामलीला मैदान में 10 लाख लोग जुट सकते हैं, जबकि इसकी वास्तविक क्षमता करीब 50 हजार है। रामलीला मैदान के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 20 से ज्यादा प्रमुख थोक बाजारों का कारोबार प्रभावित हो सकता है। इनमें चांदनी चौक, सदर बाजार, खारी बावली, नया बाजार, चावड़ी बाजार, दरियागंज और कश्मीरी गेट शामिल हैं।

विपक्ष की रैली के दिन भाजपा उतरेगी मैदान में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

इंडिया ब्लॉक की एक नवंबर को दिल्ली में होने वाली रैली के जवाब में भाजपा भी उसी दिन से महीनेभर का पदयात्रा अभियान शुरू करेगी। इसमें भाजपा शासित राज्यों के मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल होंगे। इसके तहत बड़े राजनेता एक साथ अलग-अलग जगहों पर पदयात्राएं करेंगे। यह अभियान इंडिया ब्लॉक की प्रस्तावित रैली के जवाब में आयोजित किया जा रहा है। इंडिया ब्लॉक की यह बड़ी रैली एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी। इसका नाम 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रखा गया है।

कॉकरोचों को पनपने न दें: सुवेंदु

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि दिमागी नक्सल, टुकड़े-टुकड़े गैंग और कॉकरोचों को पनपने न दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हों। सुवेंदु ने यह बातें तमलुक में भाजपा के पार्टी कार्यालय के भूमि पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। दो दिन में यह दूसरी बार है जब सुवेंदु ने कॉकरोच पार्टी पर निशाना साधा। रविवार को भी रामनगर में एक कार्यक्रम में सुवेंदु ने कहा था कॉकरोच, खटमल जैसी बुराइयां कोरोना वायरस की तरह फैलने की कोशिश कर रही हैं। इन्हें कीटनाशक स्प्रे हिट से ही खत्म किया जा सकता है। ममता सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति की। ममता को राष्ट्रवाद की कोई समझ नहीं थी और वह राज्य को ग्रेटर बांग्लादेश में बदलने की योजना बना रही थी।

सीबीएफसी से 500 से ज्यादा फिल्मों का डेटा लीक

स्क्रिप्ट, सेंसर कट और डिस्ट्रीब्यूशन एग्रीमेंट ऑनलाइन उजागर होने का दावा, जांच शुरू

एजेंसी ▸▸ मुंबई

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से जुड़ा डेटा लीक होने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 500 से ज्यादा फिल्मों के सर्टिफिकेशन रिकॉर्ड, शूटिंग स्क्रिप्ट, सेंसर बोर्ड के कट ऑर्डर और डिस्ट्रीब्यूशन एग्रीमेंट जैसी संवेदनशील जानकारियां ऑनलाइन उपलब्ध थीं। इनमें कुछ फिल्मों की लाइसेंसिंग फीस और कारोबारी शर्तों से जुड़े दस्तावेज भी शामिल बताए गए हैं। मामले के बाद सीबीएफसी ने जांच और ऑनलाइन पोर्टल के सिक्योरिटी ऑडिट की बात कही है।

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल से 500 से ज्यादा फिल्मों के दस्तावेज लीक होने का दावा किया गया है। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें शूटिंग स्क्रिप्ट, सेंसर बोर्ड के कट ऑर्डर और डिस्ट्रीब्यूशन एग्रीमेंट शामिल हैं। कुछ फिल्मों की लाइसेंसिंग फीस और कारोबारी शर्तों की जानकारी भी सामने आने की बात कही गई है। हालांकि, फिल्में खुद लीक नहीं हुई हैं।



ई-सिनेप्रमाण पोर्टल से लीक हुए दस्तावेज

सीबीएफसी फिल्मों को सिनेमाघरों में रिलीज से पहले सर्टिफिकेट देता है। इसके लिए फिल्म निर्माता और प्रोडक्शन हाउस ई-सिनेप्रमाण पोर्टल के जरिए आवेदन कर जरूरी दस्तावेज जमा करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इसी पोर्टल से जुड़े दस्तावेज कथित तौर पर लीक हुए और कई दिनों तक ऑनलाइन उपलब्ध रहे। कुछ दस्तावेज इंटरनेट आर्काइव के जरिए डाउनलोड किए जा सकते थे। मामला सामने आने के बाद संबंधित कंटेंट हटा दिया गया।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

प्रशासकीय मुखिया ने दिया दम

महाआयोजन की तैयारी में सभी जिम्मेदार लगे हुए हैं। धर्मनगरी में इसके साथ ही पर्यटकों को देव दर्शन में कोई परेशानी न हो इसका भी खयाल रखा जा रहा है। बराबर चिंता के साथ पर्यटकों के लिए सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखा जा रहा है। जिले के प्रशासकीय मुखिया इसे लेकर खुद प्रयास कर रहे हैं। अवकाश दिवस होने के बावजूद भी वे मदिरापान वाले देवलोक में श्रद्धालुओं की व्यवस्था एवं निर्माणों की गति देखने पहुंचे थे।इस दौरान जो कुछ उन्होंने देखा और जिससे उनका पारा चढ़ गया उसमें से सडकारी भोंपू तो पाव भर भी प्रसारित एवं प्रकाशित नहीं कर सका है लेकिन जिले के प्रशासकीय मुखिया की कार्रवाई ने बता दिया कि अगर स्थल पर इनमें से कोई भी सामने आ जाता तो उस पर बिजली गिर ही जाती। श्रद्धालुओं की सेवा में पलक पावड़े बिछाने की स्थिति जहां बनाई जा रही है वहां स्वच्छता का इतना अभाव देखा गया कि देखने वाले को मितली आने लग जाए। यही नहीं महाआयोजन के क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर अपने चश्मे से देखने वालों को यहां अतिक्रमण भी नहीं दिख रहा था। जिले के प्रशासकीय मुखिया ने ऐसे में चश्में का नंबर भी जांच कर बराबर कर दिया है जवाब भी मांग लिया है। धर्मनगरी के अन्यानेक धर्मस्थलों पर यही हाल देखा जा रहा है। कार्तिम मास शुरू हो चुका है ऐसे में धर्मनगरी के नौ नारायण स्थलों के आसपास जो व्यवस्थाएं होना चाहिए वो भी नहीं है। कार्तिक मास में नौ नारायणों के पूजन का जिक्र पुराणों में मिलता है। खुसूर-फुसूर है कि प्रशासकीय मुखिया की कार्रवाई से शहर की संस्था के दूसरे नंबर वाले साहब के पसीने छूट गए हैं। उनकी आवाज में ही नरमी आ गई है। अभी तो नोटिस देकर जवाब ही मांगा गया है। वैसे ज्ञानी भी कम नहीं है वे नोटिस की वैधानिकता पर ही तर्क वितर्क कर रहे हैं। ज्ञानियों का कहना है कि शहर की संस्था के तीसरे नंबर के साब को तो सही नोटिस गया है लेकिन दूसरे नंबर वाले साब इनके दायरे से बाहर बताए जा रहे हैं उनके लिए संभाग के प्रशासनिक मुखिया को अधिकृत बताया जा रहा है।

नैनो न्यूज

- श्री राठौर तीर्थ धाम में भव्य संकल्प उत्सव संपन्न, 69 परिवारों ने कुल देवी-देवताओं का आशीर्वाद स्थापित कर लिया संकल्प
- नारी शक्ति बाल शारदा व्यायाम शाला समिति ने चल समारोह में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, कोच पूजा दीदी का हुआ सम्मान
- चारधाम यात्रा से लौटने पर उत्तमसिंह राजपूत का साफा व शाल-श्रीफल से अभिनंदन
- हर परिस्थिति में परमात्मा के प्रेम में स्थिर रहना ही सच्ची जागृति, 79वें निरंकारी संत समागम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, हरियाणा के सीएम ने लिया आशीर्वाद
- इंदिरा नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न, 200 मरीजों का हुआ परीक्षण, 14 मरीजों का होगा निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, विधायक ने किया चिकित्सकों का सम्मान
- वोट बचाओ देश बचाओ अभियानः 1 नवंबर को दिल्ली कूच करेंगे उज्जैन के कांग्रेसी, महाराष्ट्र के विधायक अमीन पटेल ने ली बैठक, चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की उठाई मांग
- सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20 दिसंबर को, अवन्तिका सनाढ्य ब्राह्मण परिषद ने सौंपे दायित्व, 5 दिसंबर तक निःशुल्क होगा पंजीयन
- श्री शीतला माता मंदिर में हुई माता की महाआरती, विशाल भंडारा, श्री मां शीतला माता नवयुवक मंडल के आयोजन में उमड़े श्रद्धालु
- शरद पूर्णिमा पर कविताओं की फुहार, कवियों ने पिरोए भक्ति और श्रृंगार के स्वर, जैन कवि संगम की मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न
- उज्जैन में आक्यूपेशनल थैरेपी के प्रति जागरूकता शिविर आयोजित, डॉ.सलोनी शर्मा ने शिक्षकों, अभिभावकों व बच्चों को किया जागरूक
- वाल्मीकि जयंती पर निकला भव्य चल समारोह, समाज एकता एवं भाईचारे का दिया संदेश
- मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट ने मुश्ताक पटेल को उज्जैन संभाग का संयोजक प्रभार सौंपा
- विक्रम विश्वविद्यालय के डॉ. मेहता अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन स्पर्धा के अंपायर नियुक्त
- शरद पूर्णिमा पर सिंधी भाई बंध पंचायत ने किया कन्या पूजन व गरबा, 31 बालिकाओं का हुआ पूजन, समाजसेवियों का किया सम्मान
- शरद पूर्णिमा पर आयुर्वेद की सेवा का महाअभियान, 29वें निःशुल्क शिविर में 800 से अधिक लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ
- स्वर्णकार समाज ने मां गढ़ कालिका प्रांगण में की आराधना, माता रानी को भोग लगाकर समाजजनों ने किया फ्रीस्टाइल गरबा
- स्वरांजलि गीत-संगीत कला संस्थान द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया।
- मालवी लोहार समाज की नई कार्यकारिणी गठित, सुभाष सिसोदिया बने निर्विरोध अध्यक्ष
- वसंत विहार में मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव, बंटी 251 लीटर केसरिया दूध प्रसादी

29 को करवा चौथ : जीवनखेड़ी में स्थित चौथ माता की मूर्ति आभायुक्त, आशीर्वाद देने की मुद्रा में प्रतिमा


मां शिप्रा के आंगन में भी 25 वर्ष पुराना एक मंदिर चौथ माता का

करवाचौथ पर बांटा जाता हैं कामाख्या का सिन्दूर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देश के विभिन्न स्थानों पर देवी के विभिन्न रूपों के दर्शन होते हैं। कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्थी पर सनातनी महिलाएं अपने सौभाग्य की रक्षा के लिए करवा चौथ का व्रत रखती हैं और चौथ माता की पूजा धार्मिक रीति से करती हैं। देश का सबसे प्राचीन लगभग 568 वर्ष पुराना चौथ माता का मंदिर राजस्थान मे सवाई माधोपुर जिले के चौथ का वरबाड़ा नामक कस्बे में है। करवा चतुर्थी के दिन पूरे देश से श्रद्धालु इस मंदिर मे दर्शन के लिए जुटते हैं किन्तु मां शिप्रा के आंगन में भी एक मंदिर चौथ माता का है जो लगभग 25 वर्ष पुराना है। शहर से लगे ग्राम जीवनखेड़ी में स्थित चौथ माता की मूर्ति आभायुक्त, आशीर्वाद देने की मुद्रा में है।

स्वप्न में प्रेरणा दी चौथमाता ने- जीवनखेड़ी स्थित मंदिर के संबंध मे जानकारी देते हुए व्यवस्थापक डॉ. कैलाश नागवंशी ने बताया कि उनकी माताजी की इच्छा थी कि शहर में चौथ माता का एक मंदिर हो जहां श्रद्धालु महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा हेतु पूजन करें। माताजी की मृत्यु के बाद डॉ. नागवंशी की धर्म पत्नी को स्वप्न में भी मंदिर निर्माण की प्रेरणा निरंतर मिलती रही तब नागवंशी ने अपनी निजी जमीन पर उक्त मंदिर अपनी स्वर्गीय माताजी की स्मृति मे बनवाया। स्वयं के व्यय से बनवाए गए इस मंदिर में श्वेत संगमरमर से निर्मित आकर्षक मूर्ति जयपुर से लाकर सन 2000 में प्रतिष्ठित की गई। मंदिर में चौथ माता अभय मुद्रा में सभी को आशीष देती हुई नजर आती हैं। पास ही पावन शिप्रा नदी कलकल बहती हुई वातावरण को मनोरम रूप देती जान पड़ती है।





करवाचौथ पर विभिन्न कार्यक्रम

चौथ माता मंदिर के पट वर्ष में एक बार ही, करवाचौथ के पावन दिन खुलते हैं। इस दिन सुबह से ही व्रती महिलाओं का तांता दिनभर मंदिर मे लगा रहता है। दोपहर मे भजन कीर्तन व करवाचौथ माता की कथा होती है। परंपरागत रूप से हर वर्ष करवा चौथ पर महिलाओं को मां कामाख्या (असम) से मंगाया गया सिन्दूर, सौभाग्य प्रदान करनेवाला पवित्र लाल कपड़ा व नेपाल का रूद्राक्ष वितरित किया जाता है। दूर-दूर से महिलाएं करवाचौथ चौथ के पावन दिन मंदिर पहुंचकर अपने सुहाग की रक्षा के लिए माता की आराधना करती हैं।

विकास की आवश्यकता- वर्तमान में मंदिर पहुंच मार्ग थोड़ा कठिनाई भरा है। खेत के कच्चे रास्ते से होकर मंदिर पहुंचा जाता है। मार्ग उबड़ खाबड़ व पेचीदा है। ऊपर से मुख्य मार्ग से जब प्रवेश करते हैं तो पानी का विशाल डबरा वसंत एनक्लेव कॉलोनी के गेट पर बना हुआ है। प्रशासन करवा चौथ के पहले इस पानी की निकासी करके कुछ भराव करवा दे तो दर्शनार्थी महिलाओं को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

कैसे पहुंचे मंदिर- शांति पैलेस होटल से नागदा रोड पर आगे बढ़ने पर शिप्रा के पुल को पार करते ही वसंत एनक्लेव कॉलोनी आती है। इस कॉलोनी के अंदर से ही चौथ माता मंदिर जाना होता है।

बदलते दौर में करवों ने भी बदले रंग

करवा चतुर्थी का त्योहार नजदीक है और शहर में त्योहार की आमद साफ नजर आ रही है। कुंभकार लगातार मिट्टी के परंपरागत करवों को नवीन रूप देने में शिद्दत से लगे हुए हैं। आज करवे का रूप बदल चुका है। मिट्टी के करवे पर आधुनिक एक्रेलिक कलर, फेविकोल, कपड़े की रंगबिरंगी लेस और चमक लगाकर आकर्षक बनाया जा रहा है।

करवा चौथ पर मिट्टी के करवा का महत्व- धार्मिक मान्यतानुसार चौथमाता का प्रतिनिधित्व मिट्टी का करवा करता है। करवा एक मिट्टी का पात्र होता है जिसमे आगे की तरफ एक टोंटी होती है। मिट्टी ही पृथ्वी तत्व की परिचायक है और जब इसमे पावन जल भर दिया जाता है तो ब्रह्मांड के दो महत्वपूर्ण तत्व जल व पृथ्वी इसमे समाहित हो जाते हैं। देश के कुछ प्रदेशों मे सौभाग्यवती महिलाएं करवाचौथ की पूजा करने के बाद करवे में जल भरकर चन्द्रमा को अर्ध्य देती हैं तो कुछ स्थानों पर व्रत करनेवाली महिलाएं करवे में नेवैद्य रखकर अपनी सास या ब्राह्मण को करवा देती हैं। करवा चौथ माता के सामने दो करवा रखे जाते हैं। एक में पावन जल और दूसरे मे पकवान रखने का विधान है। पूजा उपरांत दोनों करवे बदले जाते हैं फिर चन्द्रमा के दर्शन करते हुए व्रत खोला जाता है।

जो चमकता है वही बिकता है

करवा चौथ के पूर्व शहर के कुंभकार परिवार करवा को आकर्षक रूप प्रदान करने में जुटे हुए हैं। मिट्टी के करवा पर रंग रोगन करती हुई शांति प्रजापत ने बताया कि पहले एक्रेलिक कलर से करवे पर रंग किया जाता है। रंग सूख जाने पर फेविकोल से बिन्दु डालकर सुन्दर डिजाइन बनाई जाती है। अंत मे गोल्डन जरीदार लैस चिपका कर करवा तैयार किया जाता है। सुनीता प्रजापति ने बताया कि परंपरागत मिट्टी के करवे आजकल महिलाएं पसंद नहीं करती इसलिए इन्हें फेंसी लुक देना वक्त की मांग है। इनको आकर्षक बनाने मे बहुत मेहनत व समय लगता है पर यदि उचित कीमत मिल जाती है तो हमारी मेहनत सार्थक हो जाती है।



30 से 50 रूपए प्रति नग

फैंसी चटक रंग वाले करवा की कीमत बाजार मे 30 रू. से लेकर 50 रू. नग तक चल रही है। बाजार में करवा विक्रेताओं में जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा भी चल रही है। ठेले भर भरकर करवे कॉलोनियों व नई बस्तियों मे भी खूब बिक रहे हैं।

लोकल कलाकार को प्रोत्साहन की दरकार

प्रगतिशील समाज में मंच से लोकल फॉर वोकल की गूंज खूब सुनाती पड़ती है पर लोकल विक्रेताओं को प्रोत्साहन देने की अपील करनेवाले ही बाजार में मिट्टी के करवा खरीदते समय लोकल कलाकारों से खूब भाव ताव करते नजर आते हैं। मिट्टी की कला को उचित प्रोत्साहन की दरकार है तभी ये कला संरक्षित रह पाएगी।

दुश्मनों की तस्वीर पर कील ठोकना अंधविश्वास

साध्वी हरिप्रिया ने मेलडी माता मंदिर परिसर में पेड़ पर लटके फोटो और पुतले हटाए


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विक्रांत भैरव क्षेत्र स्थित सती माता मंदिर (मेलडी माता मंदिर) परिसर में पेड़ों पर महिला-पुरुषों के फोटो लगाकर उनमें कीलें ठोंकने का मामला सामने आया है। यहां कुछ जगहों पर सैंडल और कपड़ों से बने पुतले भी टंगे मिले। स्थानीय मान्यता के अनुसार, इन गतिविधियों को शत्रु नाश से जोड़कर देखा जाता है।

मामले की जानकारी मिलने पर अटल अखाड़े की साध्वी हरिप्रिया मंदिर परिसर पहुंचीं। वह पिछले 3-4 दिनों से रोज सुबह और शाम यहां आकर पेड़ों पर लगी तस्वीरें और कीलें हटाने का काम कर रही हैं। तस्वीरों वाली खबर सामने आने के बाद लोग भी मौके पर पहुंचने लगे। साध्वी ने तस्वीरें हटाकर जला दीं और इस प्रथा को अंधविश्वास बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ों में कीलें ठोकने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है और ऐसी गतिविधियों से उज्जैन की धार्मिक छवि भी प्रभावित हो सकती है।







पेड़ों में कीलें ठोकने से पर्यावरण को नुकसान

साध्वी हरिप्रिया ने कहा कि पेड़ों में कीलें ठोकने से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। उज्जैन देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर परिसर में इस तरह के फोटो और तंत्र-मंत्र से जुड़ी निशानियां देखकर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं में भय पैदा हो सकता है। इससे उज्जैन की धार्मिक छवि और मंदिर की प्रतिष्ठा भी प्रभावित होती है।

पुलिस में शिकायत, सीएम से मिलने की बात

साध्वी ने कहा कि मामले को लेकर पुलिस थाने में शिकायत की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों और पेड़ों को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगना जरूरी है।

शत्रु नाश के पूजन की मान्यता- स्थानीय स्तर पर इस मंदिर को शत्रु नाश के पूजन से जोड़कर देखा जाता है। कुछ लोगों का दावा है कि पारिवारिक और निजी विवादों से परेशान लोग यहां ऐसे पूजन कराने आते हैं। गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान से भी लोगों के आने की बात कही जाती है, हालांकि इन दावों के स्वतंत्र आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। मंदिर के आसपास भैरव मंदिर और श्मशान घाट होने के कारण यहां तंत्र साधना को लेकर चर्चाएं होती हैं, लेकिन हर गतिविधि को तंत्र साधना से जोड़ने का स्वतंत्र प्रमाण नहीं है। मंदिर का मूल नाम सती माता मंदिर बताया जाता है, जबकि पिछले कुछ समय से मेलडी माता नाम अधिक प्रचलित हुआ है।

संपूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा हेतु सनातन धर्म गुरु आमंत्रित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा 21 से 24 नवंबर तक इस वर्ष आयोजित होने वाली सम्पूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा में सम्मिलित होने हेतु धर्मगुरुओं को आमंत्रित किया गया है। संस्थापक त्रिशूलपाणी आदित्य नागर द्वारा वाराणसी जाकर जगन्नाथपुरी जगतगुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज, कथाकार अनिरुद्धाचार्य एवं कथाकार देवकीनंदन ठाकुर महाराज आमंत्रित किया गया।

संपूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा में यात्रा का मुख्य उद्देश्य शिप्रा नदी के प्रति लोगों में जागृति पैदा करना और शिप्रा को प्रवाहमान बनने के लिए प्रयास करना है। त्रिशूलपाणी आदित्य नागर ने वाराणसी में सनातन धर्म गुरुओं से भेंट कर उनका सम्मान किया तथा संस्था के उद्देश्यों के संबंध में उन्हें जानकारी दी। पूज्य पुरी शंकराचार्य, अनिरुद्धाचार्य की एवं देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा किये जा रहे कार्यों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस कार्य को निरंतर करने का आशीर्वाद दिया और जन साधारण को इस कार्य में सहयोग करने का संदेश दिया। यात्रा में इन धर्मगुरुओं के आने कि सम्भावना है।

स्थानीय भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल में उज्जैन के विभिन्न खेल संगठनों का दशहरा खेल मिलन समारोह खेलमय वातावरण में संपन्न

खेल संघों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निराकरण : राजेश सिंह कुशवाह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्थानीय भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल में उज्जैन के विभिन्न खेल संगठनों का दशहरा खेल मिलन समारोह खेलमय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में शहर के विभिन्न खेलों से जुड़े पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं खेल प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर खेल एकता, सहयोग और समन्वय का संदेश दिया।

कार्यक्रम संयोजक टेबल टेनिस संघ के राजेश शर्मा एवं शतरंज संघ के श्री महावीर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश रग्बी संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह कुशवाह थे, अध्यक्षता खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने की। इस अवसर पर बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेन्द्र व्यास (स्वामी मुस्कुराके), मलखंभ के द्रोणाचार्य अवार्डी योगेश मालवीय एवं जिम्नास्टिक के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक आर.एल. वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

खेल संगठनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश सिंह कुशवाह ने कहा कि उज्जैन के खेल संघों की जो भी समस्याएं हैं, चाहे वे खेल मैदान, संसाधनों अथवा प्रशासनिक स्तर से संबंधित हों, उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। खेलों के विकास के लिए खेल संघों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विजेंद्र देवड़ा ने कहा कि खेल संघों के बीच आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। दशहरा खेल मिलन समारोह उज्जैन के खेल इतिहास में एक नई पहल है। उन्होंने कहा कि जो खेल अभी अपेक्षाकृत पीछे हैं, उन्हें भी मुख्यधारा में लाने के लिए सभी को विशेष प्रयास करने होंगे, ताकि उज्जैन का हर खेल और हर खिलाड़ी आगे बढ़ सके।

बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास ने अतिथियों का ध्यान खेल संघों की समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए उनको प्राथमिकता से निराकरण करने का आग्रह किया। इस अवसर पर योगेश मालवीय एवं आर.एल. वर्मा ने भी खेल संगठनों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश चावरे एवं राजेश शर्मा ने किया। आभार विवेचना क्षीरसागर ने किया।



खेल भले ही अलग-अलग हों, लेकिन खेल जगत का लक्ष्य एक

समारोह में विभिन्न खेल संघों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह संदेश दिया कि खेल भले ही अलग-अलग हों, लेकिन उज्जैन के खेल जगत का लक्ष्य एक है– आपसी एकता, सहयोग और समन्वय के साथ शहर को खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना।

ये थे विशेष रूप से उपस्थित

1. **रग्बी संघः** राजेश सिंह कुशवाह।
2. **क्रिकेट संघः** यूनुस शेख, सुरेंद्र कावरा, डॉ. राकेश चावरे, मेघा शर्मा।
3. **फुटबॉल संघः** मनोज तिवारी, दिलीप मेहता, नितिन अगस्ते।
4. **हॉकी संघः** अनिल निकम, गोपाल सिंह गौतम, सपना कछवाय, दिलीप भार्गव।
5. **जिम्नास्टिक संघः** आर.एल. वर्मा, ओमप्रकाश शर्मा।
6. **बैडमिंटन संघः** योगेश बंदेवार, मोनिका खलोटिया, विजय भार्गव।
7. **मलखंभ संघः** आशीष मेहता, योगेश मालवीय, संतोष सोलंकी, सपना माली।
8. **पारंपरिक लाठी संघः** रजनी नरवरिया, मीनाक्षी चौहान, पूजा चितौड़ा।
9. **साइकिल पोलो संघः** विवेक वैद्य, एम.एल. परस्ते।
10. **शतरंज संघः** संदीप कुलश्रेष्ठ, महावीर जैन, रमेशचंद्र शर्मा।
11. **साइकिल एसोसिएशनः** उत्कर्ष सिंह सेंगर।
12. **तैराकी संघः** चित्रेश शर्मा, हरीश शुक्ला, संतोष सोलंकी।
13. **कुश्ती संघः** गणेश बागड़ी, (गज्जू पहलवान)
14. **बॉडी बिल्डिंग संघः** शैलेंद्र व्यास, (स्वामी मुस्कुराके) गजेंद्र मेहता, जितेंद्र सिंह कुशवाह।
15. **कबड्डी संघः** भारती शर्मा।
16. **खो-खो संघः** दिनेश चौबे, दिलीप चौहान।
17. **वॉलीबॉल संघः** भास्कर राव भागवत, पूजा राठौर।
18. **कलारीपयट्टू संघः** विशाल सिंह।
19. **किक बॉक्सिंग संघः** निरंजन सोलंकी।
20. **टेबल टेनिस संघः** सतीश मेहता, हरीश कुमार सिंह, पंकज चांदोरकर, राजेश शर्मा।
21. **राइफल शूटिंग संघः** अक्षय सिंह, विराज परिहार।
22. **योग संघः** परिणीता शर्मा।
23. **गतका संघः** पुरुषोत्तम तिवारी।
24. **जूडो संघः** आशा पवार।
25. **एथलेटिक्स संघः** सुदर्शन शर्मा
26. **फिजियोथैरेपिस्ट (स्पोर्ट्स) :** सुनील सेन।
27. **जिला आत्मरक्षा कराते संघ संघः** कमल सोनी, संतोष कुशवाह विशेष रूप से उपस्थित थे।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 27 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना होगी आयोजित

इंदौर। इंदौर जिले के चार चयनित वृंदावन ग्रामों में 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना का आयोजन किया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना, भारतीय नस्ल की उन्नत गायों को प्रोत्साहित करना तथा उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को सम्मानित करना है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. दिनकर राव पाटील ने बताया कि जिले के चयनित वृंदावन ग्राम में योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारतीय नस्ल की उन्नत गायों का पालन करने वाले ऐसे पशुपालकों का पंजीयन किया जाएगा, जिनकी गाय प्रतिदिन छह लीटर या उससे अधिक दूध देती है।

मुख्यमंत्री ने सप्त गौ परिक्रमा मंदिर में किया गौ पूजन

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बड़वानी जिले के गायत्री धाम कलाल्दा में आयोजित होने वाले शरद उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता के लिए पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गायत्री धाम स्थित सप्त गौ परिक्रमा मंदिर में विधि-विधान से गौ पूजन एवं गौ सेवा की। उन्होंने गौ माता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए भारतीय संस्कृति में गौ संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ सेवा को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं का अभिन्न अंग बताते हुए जीवों के प्रति करुणा, संवेदनशीलता एवं सेवा भाव का संदेश दिया। उन्होंने गौ माता के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौ संरक्षण के प्रति जनजागरूकता को प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से किया आत्मीय संवाद

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के गायत्री धाम, कलाल्दा में आयोजित शरद उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता के दौरान विद्यार्थियों से विकसित भारत का आधार विषय पर आत्मीय एवं प्रेरणादायी संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, उपलब्धियों एवं आत्मविश्वास की सराहना करते हुए संवाद में सहभागिता करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 10-10 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से विद्यार्थियों में उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा, खेल, संगीत एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले विद्यार्थियों से उनकी सफलता, भविष्य के लक्ष्यों एवं आकांक्षाओं के संबंध में चर्चा की।

इंदौर में किशोरी के साथ दुष्कर्म किया, वीडियो बनाए



इंदौर। इंदौर में एक किशोरी से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने दुष्कर्म के बाद वीडियो बनाए और उसे वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता शिप्रा थाने पहुंची और केस दर्ज कराया। मुख्य आरोपी और उसके तीन साथी भी नाबालिग हैं। एक आरोपी किशोरी का पूर्व परिचित था। उसके तीन साथी युवती का वीडियो वायरल करने के लिए धमकी दे रहे थे। यह बात 16 वर्षीय किशोरी ने अपने परिजनों को बताई। तब मामला पुलिस के पास पहुंचा। किशोरी ने पुलिस को बताया कि घटना पिछले साल की है, लेकिन उसे धमकाया जा रहा था। पिछले साल दिसंबर माह में युवती को उसका परिचित किशोर बूढ़ी बरलाई में अपने पिता की दुकान के पास ले गया था। वहां उसने दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। इसकी जानकारी किशोरी को नहीं थी। सालभर बाद आरोपी किशोर के तीन दोस्तों ने किशोरी के साथ अश्लील हरकत की और कहा कि उसके अश्लील वीडियो उनके पास हैं। उसे हम वायरल कर देंगे। इसके बाद गलत नीयत से छेड़छाड़ भी करने लगे। पुलिस ने इस मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी नाबालिग हैं। मुख्य आरोपी के पिता की गांव में ही दुकान है।

नैनो न्यूज

- **देवास: माता टेकरी की दान पेटियों में अनोखी अर्जियां-** देवास माता टेकरी की दान पेटियों में श्रद्धालुओं की अनोखी अर्जियां मिलीं। किसी ने आंखों की रोशनी तो किसी ने नौकरी में राहत की प्रार्थना की।
- **आगर मालवा: जनविश्वास शिविर में 108 आवेदन निराकृत-** बड़ौद के ग्राम गुराड़िया में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 108 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।
- **शाजापुर: कृष्णमृगों को कूनो भेजने का अभियान-** शाजापुर जिले के खेतों से कृष्णमृगों को सुरक्षित स्थानांतरित करने का अभियान जारी है। वन विभाग इन्हें विशेष वाहनों से कूनो राष्ट्रीय उद्यान भेज रहा है।
- **सुसनेर: सीमा पर ट्रक चालकों से वसूली-** सुसनेर क्षेत्र में मध्यप्रदेश-राजस्थान सीमा पर ट्रक चालकों से कथित अवैध वसूली का मामला सामने आया। कैमरा दिखाई देने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।
- **रतलाम: सिविल अस्पताल निर्माण में तेजी-** रतलाम सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अस्पताल की चौथी मंजिल फरवरी-मार्च तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

निर्माण के बीच श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन कलेक्टर ने दिए निर्देश, विकास कार्यों के दौरान श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए

सिंहस्थ-2028 से पहले 163 करोड़ से संवरेगा कालभैरव मंदिर

निर्माण के कारण दर्शन मार्ग बदले जाने पर इसकी जानकारी संकेतकों पर प्रमुखता से प्रदर्शित करनी होगी, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालु भटके नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के प्रसिद्ध श्री कालभैरव मंदिर में सिंहस्थ-2028 के दौरान उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने के लिए परिसर को 163 करोड़ रुपये से महाकाल महालोक की तर्ज पर श्री कालभैरव महालोक के रूप में तब्दील करने की योजना है। कार्ययोजना में तीन बड़े पार्किंग स्थल, धर्मशाला, फेसिलिटी सेंटर और नई अप्रोच रोड प्रस्तावित हैं। नए निर्माण के साथ फिलहाल सबसे बड़ी जरूरत दर्शन मार्ग, पेयजल और आवागमन की व्यवस्था सुधारने की है।

रविवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों के कारण रास्तों में बदलाव होगा, ऐसे में श्रद्धालुओं को सही मार्ग बताने से लेकर दर्शन के बाद सुरक्षित और व्यवस्थित निकासी तक की जिम्मेदारी भी बढ़ेगी। कलेक्टर ने दर्शन मार्ग पर चूरी डालने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं के पैरों में पत्थर न चुभे। मंदिर के आंतरिक और बाहरी परिसर में पर्याप्त और स्पष्ट साइनेज लगाने को कहा। निर्माण के कारण दर्शन मार्ग बदले जाने पर इसकी जानकारी संकेतकों पर प्रमुखता से प्रदर्शित करनी होगी, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालु भटके नहीं। दर्शन के लिए लगी जिगजैग व्यवस्था के स्थल का लेवलिंग कार्य जल्द पूरा करने और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

अतिक्रमण हटाया, निर्गम मार्ग का कार्य जल्द पूरा करने को कहा

मंदिर के बाहरी परिसर में शासकीय दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को निरीक्षण के दौरान मौके से हटवाया गया। मंदिर के पीछे निमार्णाधीन निर्गम मार्ग का काम तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए, ताकि दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से बाहर निकाला जा सके। बाहरी परिसर में पाइपलाइन फूटी मिलने पर कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल उसे दुरुस्त करने को कहा।

निर्माण के साथ दर्शन व्यवस्था भी चुनौती



कालभैरव मंदिर की धार्मिक महत्ता और मदिरा भोग की विशिष्ट परंपरा के कारण यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। सिंहस्थ के दौरान भीड़ बढ़ने पर पार्किंग, पेयजल, मार्गदर्शन और निकासी की व्यवस्था की परीक्षा होगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण एवं विकास कार्यों के दौरान श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। अब निगाह इस पर रहेगी कि निदेर्शों पर कितनी तेजी से अमल होता है और 163 करोड़ रुपये की विकास योजना के तहत काम किस समयसीमा में आगे बढ़ता है।

एंट्री को लेकर बनेंगे अलग प्रवेश द्वार- उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने बताया कि मंदिर में जनरल एंट्री, वीआईपी एंट्री और स्पेशल एंट्री के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इसके साथ ही मंदिर के लिए एक नई अप्रोच रोड भी प्रस्तावित है। मंदिर में फाउंटेन पार्क बड़ी मूर्ति भी लगाई जाएगी। साथ ही आने वाले कुंभ के लिए क्राउड मैनेजमेंट का ध्यान रखते हुए काम किए जाएंगे।

खेतों में ठहरेंगे सिंहस्थ के मेहमान, उज्जैन में बनेगी टेंट सिटी

किसानों को होगा आर्थिक लाभ और बढ़ेगा रोजगार

स्थानीय लोगों को सेवाओं के जरिए रोजगार मिल सकता है, शहर के भीतर ठहरने की व्यवस्था पर दबाव घटाने की उम्मीद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ में अब किसानों के खेत भी श्रद्धालुओं के ठिकाने बन सकते हैं। किसानों की जमीन पर टेंट सिटी विकसित करने की संभावना पर शनिवार को संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की मौजूदगी में चर्चा हुई। यह पहल मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के उस निर्देश के बाद सामने आई है, जिसमें उन्होंने घट्टिया, तराना और आसपास के क्षेत्रों में टेंट सिटी तथा होल्डिंग एरिया विकसित करने की संभावनाएं तलाशने और किसानों-सामाजिक संस्थाओं को प्रोत्साहित करने को कहा था।

टेंट सिटी में भूमि उपयोग की शर्तें स्पष्ट होने पर किसानों को आर्थिक लाभ का अवसर मिल सकता है। भोजन, सफाई, परिवहन, सुरक्षा और अन्य सेवाओं में स्थानीय लोगों को काम मिल सकता है। इसके लिए भूमि उपयोग की अवधि, किसानों को मिलने वाला प्रतिफल, भुगतान की शर्तें और संचालन की जिम्मेदारी पारदर्शी रखना जरूरी होगा।

शहर के भीतर ठहरने की व्यवस्था पर दबाव घटाने की उम्मीद

सिंहस्थ में देशभर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। ऐसे में ठहरने के लिए पर्याप्त स्थान, सुविधाएं और अलग-अलग बजट के विकल्प उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण होगा। शहर के बाहर या आसपास के क्षेत्रों में टेंट सिटी विकसित होने से आवास व्यवस्था का दायरा बढ़ सकता है। लेकिन इसका वास्तविक लाभ इस बात पर निर्भर करेगा कि स्थल कहां चुने जाते हैं, कितने श्रद्धालुओं के ठहरने की क्षमता बनाई जाती है और वहां से प्रमुख स्नान स्थलों तक पहुंचने के लिए परिवहन की क्या व्यवस्था रहती है। किराये, बुकिंग और सुविधाओं का स्वरूप भी अभी निर्धारित नहीं हुआ है।

स्थानीय लोगों को सेवाओं के जरिए रोजगार मिल सकता है

योजना आकार लेती है तो सिंहस्थ में श्रद्धालुओं के ठहरने के अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही किसानों को अपनी जमीन के उपयोग से आर्थिक अवसर और स्थानीय लोगों को सेवाओं के जरिए रोजगार मिल सकता है। हालांकि, टेंट सिटी के लिए जमीन, संख्या, क्षमता और संचालन की व्यवस्था अभी तय होना बाकी है। सिंहस्थ मेला कार्यालय में आयोजित बैठक में पर्यटन विभाग के सहयोग से टैंट सिटी विकसित करने की अवधारणा पर विचार-विमर्श किया गया। प्रशासन ने किसानों को संभावित व्यवस्थाओं और उनसे मिलने वाले अवसरों की जानकारी दी।

किसानों से जमीन के उपयोग, जरूरी सुविधाओं, संचालन और उनकी अपेक्षाओं पर सुझाव मांगे गए। किसानों ने पहल में रुचि दिखाई और सहभागिता के प्रति सकारात्मक रुख रखा। अब किसानों की जरूरतों और सुझावों को ध्यान में रखकर संबंधित विभागों के समन्वय से आगे की कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा हुई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ किसानों के हित सुरक्षित रहेंगे, तभी यह व्यवस्था प्रभावी साबित हो सकेगी। बैठक में अपर मेला अधिकारी ओमप्रकाश सनोडिया, एमपीआइडीसी के निदेशक राजेश राठौर, एएसपी मनोज खत्री, पर्यटन विकास निगम के अधिकारी और क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

शिविर में 800 से अधिक लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर इंदिरा नगर, में डॉ. प्रकाश जोशी एवं आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में 29वें शरद पूर्णिमा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 800 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इस अवसर पर दमा एवं अन्य श्वसन संबंधी रोगों से पीड़ित रोगियों को निःशुल्क औषधियाँ एवं औषधियुक्त खीर वितरित की गई। शिविर के संयोजक डॉ. प्रकाश जोशी ने बताया कि शरद पूर्णिमा पर आयोजित यह शिविर वर्षों से आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। शिविर में रोगियों को चिकित्सा परामर्श, आवश्यक औषधियाँ तथा ऋतु के अनुकूल दिनचर्या एवं जीवनशैली संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कल संयुक्त मोर्चा देगा कलेक्टर को ज्ञापन

उज्जैन। संयुक्त मोर्चे के द्वारा मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन के नाम 12 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर को 28 नवंबर को देगा। जिसके द्वारा पेंशनर्स की समस्याओं को शासन को अवगत कराया जाएगा और शांतिप्रिय तरीके से मौन रहकर न्याय की गुहार लगाई जाएगी।

सरकारी अस्पतालों में रेडियोलॉजिस्ट की कमी दूर करने दी जाएगी ट्रेनिंग

मध्यप्रदेश में अब एमबीबीएस डॉक्टर करेंगे अल्ट्रासाउंड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश के जिला-सिविल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रेडियोलॉजिस्ट की कमी दूर करने के लिए सरकार विकल्पों पर काम कर रही है। नई योजना के तहत उन अस्पतालों में पदस्थ एमबीबीएस डॉक्टरों को छह महीने के विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है।

इस प्रशिक्षण के बाद वे पेट और पेल्विक का अल्ट्रासाउंड कर सकेंगे। इससे जरूरतमंद मरीजों की समय से जांच हो पाएगी, पैसा बचेगा और भटकना नहीं पड़ेगा। यह प्रशिक्षण जिला अस्पताल के अलावा मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस डॉक्टरों को भी दिया जाएगा।

बता दें कि गांव और छोटे शहरों के अस्पतालों में मशीनें हैं लेकिन रेडियोलॉजिस्ट की कमी है। डॉक्टर पर्ची पर अल्ट्रासाउंड लिख देते हैं, लेकिन अस्पताल में जांच होती नहीं। मरीज को कहा जाता है कि बाहर से करा लाओ। गर्भवती महिला को तो हर बार जांच के लिए प्राइवेट सेंटर जाना पड़ता है। वहां 800 से 1500 रुपये तक खर्च हो जाता है।

कई बार रिपोर्ट के लिए दो-तीन दिन इंतजार करना पड़ता है। इसी इंतजार में इलाज लेट हो जाता है। इस पहल से अब मरीज को भटकना नहीं पड़ेगा। उसी अस्पताल में जांच होगी, उसी दिन रिपोर्ट मिलेगी और पैसा भी बचेगा। वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. शैलेष लुनावत का कहना है कि बेसिक जांच के लिए छह महीने की सही ट्रेनिंग काफी है, लेकिन डॉक्टर को अपनी सीमा पता होनी चाहिए। मुश्किल केस में सीनियर से सलाह लेनी ही होगी। मप्र के सरकारी अस्पतालों में कुल 22 रेडियोलॉजिस्ट है। हर साल हजारों डॉक्टर एमबीबीएस करते हैं, लेकिन रेडियोलॉजी की एमडी सीटें बहुत कम हैं।

ऐसे होगा प्रशिक्षण

छह महीने में रोज प्रैक्टिकल होगा। सीनियर डॉक्टर की देखरेख में जांच करनी होगी। आखिर में परीक्षा होगी। जो पास होगा, उसी को जांच की अनुमति मिलेगी। प्रशिक्षण वाले डॉक्टर सिर्फ पेट और पेल्विक का सामान्य अल्ट्रासाउंड करेंगे। कैंसर, जटिल गर्भावस्था या भ्रूण की बारीक जांच जैसे मुश्किल केस वे नहीं देखेंगे। ऐसे केस रेडियोलॉजिस्ट को भेजे जाएंगे। पीसीपीएनडीटी कानून का सख्ती से पालन करना होगा होगा। हर जांच का रिकार्ड, फार्म-एफ और ऑनलाइन एंट्री जरूरी होगी। नियम टूटा तो अनुमति रद्द होगी और कार्रवाई भी होगी। इसमें शासकीय डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि रेडियोलॉजिस्ट की कमी को पूरा करने में मदद मिले।

व्यापारी प्रकोष्ठ में इंदौर ग्रामीण की नियुक्ति, नगर की होल्ड पर...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल स्वयं इंदौर नगर में निवास करते हैं, लेकिन इसके बावजूद व्यापारी प्रकोष्ठ में इंदौर नगर के जिला संयोजक की घोषणा नहीं हो सकी। वहीं इंदौर ग्रामीण के जिला संयोजक के रूप में सुदर्शन जैन की नियुक्ति कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से जारी सूची में अन्य स्थानों पर भी नियुक्तियां की गई हैं, लेकिन इंदौर नगर का नाम होल्ड हो गया हे !

इंदौर ग्रामीण की जिम्मेदारी सुदर्शन जैन को सौंपी गई है। वे जनसंघ के वरिष्ठ नेता और लोकतंत्र सेनानी कांतिलाल जैन के पुत्र हैं। सुदर्शन जैन लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और भाजपा जिला मंत्री, युवा मोर्चा सहित विभिन्न दायित्व संभाल चुके हैं। इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल में भी उन्होंने जिला संयोजक की जिम्मेदारी निभाई है।

प्रदेश की आर्थिक राजधानी है इंदौर और व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का निवास भी इंदौर है दावेदारों को आशा थी कि नगर संयोजक की घोषणा पहली सूची में ही हो जाएगी लेकिन अन्य मोर्चा और प्रकोष्ठों के दावेदारों की तरह इस प्रकोष्ठ के दावेदार भी अब अगले सूची के इंतजार में रुकना पड़ेगा

32 करोड़ की लागत, दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य, मंत्री ने किया निरीक्षण, धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

इंदौर में केलोदहाला आरओबी का 40% ही काम पूरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया मोरी-केलोदहाला रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण धीमी रफ्तार से चल रहा है। अब तक सिर्फ 40 फीसदी काम ही पूरा हो पाया है। रेलवे के हिस्से का काम अभी शुरू नहीं हुआ है। रविवार को जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने मौके पर पहुंचकर निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को बाधाएं जल्द दूर करने के निर्देश दिए।

एमआर-12 रोड पर केलोदहाला फाटक के ऊपर 734 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा आरओबी बनाया जा रहा है। इसकी कुल लागत करीब 32 करोड़ रुपये है। शासन ने 14 जुलाई 2023 को वित्तीय स्वीकृति दी थी। निर्माण का ठेका मेसर्स केटी कंस्ट्रक्शंस लिमिटेड को मिला है। लोक निर्माण विभाग काम करवा रहा है।

मंत्री सिलावट ने कहा कि आरओबी को दिसंबर 2027 तक शुरू करने का लक्ष्य है। इसके बनने से फाटक पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। सिंहस्थ-2028 के दौरान भारी यातायात को देखते हुए यह पुल महत्वपूर्ण रहेगा। एमआर-12 के पूरी तरह चालू होने पर केलोदहाला आरओबी शहर की कनेक्टिविटी में बड़ी भूमिका निभाएगा। जिन तीन सड़कों का काम चल रहा है उसकी गति इतनी धीमी है कि कब पूरा होगा पता नहीं। सबसे ज्यादा खराब हालत जिंसी सड़क की है। निगमायुक्त और महापौर इस निमार्णाधीन सड़क का दौरा कर कई बार यातायात शुरू करने की तारीख घोषित कर चुके हैं, लेकिन सड़क का काम पूरा नहीं हुआ। निगम का दावा 31 अक्टूबर तक लक्ष्मीबाई प्रतिमा से नेमिनाथ चौराहा तक एक साइड यातायात शुरू करने का है, लेकिन जो हालात हैं वो बता रहे हैं कि यह लगभग असंभव है।

रेलवे वाला हिस्सा तुरंत शुरू कराने को कहा

विभागीय अधिकारियों के अनुसार नींव का काम पूरा हो चुका है। अभी सब-स्ट्रक्चर और सुपर-स्ट्रक्चर का काम चल रहा है, लेकिन रेलवे पोर्शन में काम शुरू न होने से प्रगति प्रभावित हो रही है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने रेलवे के डीआरएम अश्विन कुमार से फोन पर बात कर रेलवे वाला हिस्सा तुरंत शुरू कराने को कहा।

आरओबी के दोनों ओर सर्विस रोड और रिटेनिंग वाल का काम भी अतिक्रमण की वजह से रुका है। मंत्री ने आईडीए अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित एजेंसियों से समन्वय कर अतिक्रमण हटाया जाए और निर्माण में आ रही अड़चनें शीघ्र दूर की जाएं। निरीक्षण के समय लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री जेके मीणा, एसडीओ मनोज जैन, पार्षद राकेश सोलंकी, सरपंच जितेंद्र डोडिया और जनपद पंचायत अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया मौजूद थे।

सुभाष मार्ग का काम ही शुरू नहीं हुआ

गोल मंदिर से रामबाग पुल तक बनने वाली सुभाष मार्ग सड़क की चौड़ाई को लेकर लंबा विवाद चला। मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई 104 फीट है, लेकिन विवादों के बाद निर्णय लिया गया कि फिलहाल इसे 80 फीट ही बनाया जाएगा। इस निर्णय के बावजूद आज तक सड़क काम शुरू नहीं हो सका। लगभग 1300 मीटर लंबी इस सड़क पर 20 करोड़ से ज्यादा की लागत आना है। मास्टर प्लान की जिन 23 सड़कों का निर्माण होना है उसमें कंडीलपुर सड़क भी शामिल है। करीब 550 मीटर लंबी इस सड़क के निर्माण के लिए नगर निगम कई बार बाधित मकानों पर निशान लगा चुका है।

पहचान छिपाने से बढ़ा सस्पेंस

श्योपुर में नितनवास के पास गंभीर रूप से घायल मिला चीता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर

विजयपुर क्षेत्र के नितनवास गांव के पास एक चीता घायल अवस्था में मिलने से वन विभाग में हलचल मच गई। उसके पैर में गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घायल वन्यजीव की हालत को देखते हुए उसे ट्रेंकुलाइज कर-के उपचार के लिए कूनो नेशनल पार्क लाने की तैयारी की जा रही है।

चीते के घायल मिलने की सूचना के बाद वन विभाग की टीम उसे सुरक्षित तरीके से उपचार केंद्र तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू की गई, ताकि समय रहते चिकित्सकीय मदद मिल सके। हालांकि, चीते को चोट कैसे लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। उसके किसी अन्य वन्यजीव से संघर्ष, दुर्घटना या किसी दूसरी वजह से घायल होने की पुष्टि भी नहीं हुई है। इस मामले में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि वन विभाग के अधिकारी फिलहाल घायल चीते के नाम और पहचान को लेकर जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि घायल वन्यजीव कूनो में रह रहे किस चीते में से है। उसकी पहचान और चोट की वास्तविक वजह सामने आने के लिए चिकित्सकीय परीक्षण तथा विभागीय जांच का इंतजार है। कूनो पहुंचने के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार किया जाएगा। फिलहाल प्राथमिकता उसे सुरक्षित तरीके से पार्क तक पहुंचाकर आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध कराने की है। चीते की चोट कितनी गंभीर है और उपचार के बाद उसकी स्थिति में कितना सुधार होता है, इस पर वन विभाग की आगे की कार्रवाई निर्भर करेगी।

न्यूज कालम



शरद पूर्णिमा पर गूंजे गरबा के सुर, उमड़ा श्रद्धा और उत्साह का सैलाब

मनावर। जिला धार।। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर मृत्युंजय होटल गार्डन में सामूहिक ओपन गरबा का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था, उल्लास और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़े इस आयोजन में नगरवासियों ने परिवार सहित उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नगर में पहली बार शरद पूर्णिमा पर निःशुल्क सामूहिक गरबा कार्यक्रम आयोजित होने से लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शाम से शुरू हुआ गरबा देर रात तक चलता रहा। गरबा की धुनों पर प्रतिभागियों ने पारंपरिक अंदाज में नृत्य कर उत्सव को यादगार बनाया। आयोजक समिति के पवन पाटीदार (मृत्युंजय), अरविंद पटेल ने बताया कि शरद पूर्णिमा हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है। मान्यता के अनुसार, इस पूर्णिमा की चांदनी अमृतमयी मानी जाती है। इस पावन अवसर पर धार्मिक परंपराओं के साथ सामूहिक आयोजन करने की विशेष महत्ता है। इसी भावना के साथ आयोजित गरबा कार्यक्रम में लोगों ने भक्ति, उमंग और सामूहिक सहभागिता का परिचय दिया।

19 वर्षीय युवक ने लिया 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की पैदल यात्रा का संकल्प



बुरहानपुर। बिहार के अररिया जिले के 19 वर्षीय मोनू मेटूर चौहान ने अपनी मां के स्वास्थ्य लाभ के लिए भगवान भोलेनाथ से मन्नत मांगी और उसके पूरा होने पर 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की पैदल यात्रा का संकल्प लिया। जानकारी के अनुसार, खाने के दौरान मछली का कांटा गले में फंस जाने से मोनू की मां की तबीयत बिगड़ गई थी। अस्पतालों में काफी पैसा खर्च करने के बावजूद तबीयत ठीक नहीं हो रही थी। तब मोनू ने भगवान शिव शंकर भोलेनाथ से मां के ठीक होने की प्रार्थना की और मन्नत मांगी कि मां के स्वस्थ होने पर वह 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की पैदल यात्रा करेगा। मां के स्वस्थ होने के बाद मोनू अपने शहर अररिया, बिहार से 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की धार्मिक यात्रा पर पैदल निकल पड़ा। इस यात्रा के दौरान मध्यप्रदेश के मां ताप्ती नदी के तट पर बसी पुरातन, धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी बुरहानपुर (ब्रह्मपुर) पहुंचने पर भगवान भोलेनाथ के भक्त मोनू मेटूर चौहान का स्थानीय लोगों द्वारा भव्य स्वागत और सत्कार किया गया।

डॉ. दीपांशु पाटीदार ने जनरल सर्जरी की पढाई कर समाज का गौरव बढाया

मनावर जिला धार। पाटीदार समाज के प्रतिभाशाली युवा मेजर डॉ. दीपांशु पाटीदार ग्राम सुसारी ने सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय पुणे से जनरल सर्जरी की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूर्ण कर परिवार एवं समाज का गौरव बढ़ाया है। मेजर डॉ. दीपांशु पाटीदार, डॉ. देवराम पाटीदार एवं श्रीमती मंजुला पाटीदार के सुपुत्र तथा अंजड़ निवासी श्री महादेव भाई आवल्या के भांजे हैं। उनकी यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा का परिणाम है। देश के प्रतिष्ठित सैन्य चिकित्सा संस्थानों में शामिल पुणे से विशेषज्ञ चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना अपने आप में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय सेना में मेजर के रूप में राष्ट्रसेवा के दायित्वों का निर्वहन करते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में यह सफलता हासिल करना उनकी कर्तव्यनिष्ठा, लगन और प्रतिभा को दशार्ता है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पाटीदार समाज एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मेजर डॉ. दीपांशु पाटीदार को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। समाज को विश्वास है कि वे अपने ज्ञान, शल्य चिकित्सा कौशल और सेवाभाव से चिकित्सा जगत में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे तथा युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे।



नार्मदीय भवन न्यास इंदौर ने शरद पूर्णिमा समारोह में किया सम्मानित,



इंदौर। शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर नार्मदीय भवन न्यास, इंदौर द्वारा मध्यप्रदेश नर्मदा फाउंडेशन के अध्यक्ष पं. राजेंद्र बर्वे का सम्मान किया गया। जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण संरक्षण, नर्मदा शुद्धिकरण और परोपकार के क्षेत्र में किए जा रहे उनके कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। मध्यप्रदेश शासन के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुकेश शुक्ला ने बर्वे का सम्मान किया। न्यास के प्रमुख ट्रस्टी आलोक बिल्लोरे ने पं. राजेंद्र बर्वे के सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की सराहना करते हुए समाज जनों से स्वच्छता के प्रति संकल्पित होने का आह्वान किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और नर्मदा की स्वच्छता के लिए सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर पं. राजेंद्र बर्वे ने इंदौर संभाग से आए समाजजनों को नर्मदा संरक्षण और फाउंडेशन के सेवा कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। नर्मदापुरम के पूर्व कमिश्नर एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुकेश शुक्ला ने भी इन प्रयासों की प्रशंसा करते हुए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में इंदौर नार्मदीय इकाई के अध्यक्ष गणेश भारद्वाज, महिला अध्यक्ष सुनीता जोशी सहित समाज के गणमान्य सदस्य, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पार्टी कार्यकर्ता वोकल फॉर लोकल और जल संरक्षण को बनाएं जन अभियान-जिला अध्यक्ष श्री तोमर

बुथ स्तर तक सुना गया प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का पूरे जिले में सामूहिक श्रवण किया गया। जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर एवं पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने युवा मोर्चा के सानिध्य में अटल बिहारी वाजपेई मंडल के रामगंज वार्ड बुथ क्रमांक 210 माणिक्य वाचनालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 12 वर्ष पूर्व विजयादशमी के दिन से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आमजन से रूबरू होकर चर्चा करने के रेडियो प्रोग्राम मन की बात कार्यक्रम प्रारंभ किया था, आज सफलतम 12 वर्ष पूर्ण हुए।

युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सागर आरतानी एवं युवा टीम के मार्गदर्शन में आयोजित मन की बात कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री तोमर के साथ ही जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल, अरुण सिंह मुन्ना, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे,दिनेश पालीवाल, प्रवक्ता सुनील जैन के साथ कार्यकताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने च्मन की बातच सुनने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संदेश को पार्टी कार्यकर्ता जनभागीदारी के साथ साकार करें। च्मन की बातज में हमेशा सामाजिक समरसता और सेवा की भावना को भी निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। भारतीय संस्कृति में समरसता की भावना पुरातन काल से रही है। भगवान श्रीराम द्वारा माता शबरी के बेर स्वीकार करना सामाजिक समरसता का प्रेरणादायी उदाहरण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहे हैं। हम सभी को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उसकी खरीदारी करनी चाहिए, जिससे अपना प्रदेश और देश आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने च्मन की बातच कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में हो रही सकारात्मक गतिविधियों, नवाचारों और जनभागीदारी के कार्यों की जानकारी देशवासियों से साझा करते हैं, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा देकर राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ना है। प्रधानमंत्री जी का यह कार्यक्रम देश के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे अच्छे कार्यों को देशव्यापी पहचान देने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की रविवार को मोदीजी के च्मन की बातज कार्यक्रम के 139वें संस्करण का सामूहिक श्रवण भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र बजाज, मुकेश तन्वे , हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल, अरुण सिंह मुन्ना, दिनेश पालीवाल, सुनील जैन भाजयुमो जिलाध्यक्ष सागर आरतानी, अनूप पटेल, रिंकू सोनकर, तपन डोंगरे, कपिल अंजने, शुभम पटेल, सोमनाथ काले, नीतीश बजाज, हिमांशु राज, डा. शिवशंकर गुर्जर, दीपेश राठौर, मिनीत जैन युवा उद्यमी एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संस्था आस के हस्तक्षेप से ग्राम नांदुरखुर्द में रोका गया बाल विवाह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर जिले के खकनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नांदुरखुर्द में संस्था आस के त्वरित हस्तक्षेप एवं प्रशासनिक विभागों के सहयोग से एक बाल विवाह को रुकवाया गया। यह कार्रवाई जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से संचालित एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के अंतर्गत की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नांदुरखुर्द में बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर संस्था आस की सदस्य मीनू कौर पवार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग और खकनार थाना पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही संबंधित विभागों एवं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया।

जानकारी के अनुसार, नेपानगर थाना क्षेत्र के ग्राम दूधिया से एक नाबालिग बालिका को विवाह के लिए ग्राम नांदुरखुर्द लाया गया था। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के परिजनों को समझाइश दी गई तथा बालक एवं बालिका के बालिग होने तक विवाह नहीं करने की हिदायत दी गई। इसके बाद दोनों बच्चों को उनके माता-पिता के सुपुर्द कर सुरक्षित रूप से घर भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला अधिकारी शुभांगी मजूमदार, सहायक संचालक विजय सोलंकी, खकनार थाना पुलिस तथा संस्था आस की सदस्य मीनू कौर पवार, जिला समन्वयक सुनील शिंदे एवं सदस्य राजेन्द्र मसाने की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ब्राह्मणपुरी में श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती और शरद पूर्णिमा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



शहर के ब्राह्मणपुरी स्थित तिलक रोड पर रविवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं शरदोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। आयोजन प्रमुख महेंद्र मिसर ने उपस्थित श्रद्धालुओं को महर्षि वाल्मीकि के जीवन परिचय, उनकी कालजयी रचना रामायण और शरद पूर्णिमा के धार्मिक महत्व की जानकारी दी। इस दौरान संत सिंगाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उनके भजनों की सुमधुर प्रस्तुति भी दी गई।

पंडित मिसर ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि कहा जाता है। संस्कृत में रचित वाल्मीकि रामायण में 24 हजार श्लोक हैं, इसी कारण इसे 'चतुर्विंशति साहस्त्री' भी कहा जाता है। उन्होंने शरद पूर्णिमा के धार्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।

आयोजन में श्रद्धालुओं ने श्रीगणेश अथर्वशीर्ष, रामरक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा, श्रीसूक्त और नर्मदाष्टक का पाठ किया। इसके बाद आरती की गई तथा चंद्रमा की किरणों में रखे गए दूध का प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर कैलाश खेड़े, आशुतोष दुबे, गिरिश पाठक, विशुद्ध जैन, वीरेन्द्र मिसर, आर्यन ठाकुर, दिनेश बड्सरे, सुधाकर व्यास, जयंत को मिसर, सुनील बैसवार, अहिश चौरे, कान्हा चौरे, सानिध्य बार्चे, नियति कुमारी, आराध्या ठाकुर, राजकुमारी व्यास, रेणु पाठक, हर्षित पाठक, सोनल जैन, अंतिम राठौर, शकुन्तला ठाकुर, संतोष ठाकुर, बिंदु चौरे, हेमा चौरे, भारती बार्चे, राधिका, सुशीला खेड़े और सिद्धी मिसर सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



सनावद के लक्ष्य ने प्रतिभा का लोहा मनवाया, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला सम्मान

सनावद। पीडब्ल्यू विद्यापीठ इंदौर द्वारा आयोजित परीक्षा में सनावद के लक्ष्य पाण्डेय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 160 में से 152 अंक हासिल किए। इस उपलब्धि पर उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया। संस्था के नीट प्रमुख डॉ. अजय ने बताया कि विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने के उद्देश्य से संस्था देशभर के शहरों, जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन करती है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर आईआईटी, नीट और ओलंपियाड जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने बताया कि संस्था विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ उनकी अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान देती है। संस्था के ऐप के माध्यम से अभिभावक भी अपने बच्चों की पढ़ाई और गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। संस्था ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लक्ष्य पाण्डेय की इस उपलब्धि से सनावद का नाम गौरवान्वित हुआ है।

श्री महालक्ष्मी मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन

खण्डवा। विष्णुप्रिया माता लक्ष्मी अतिप्रिय पवित्र कार्तिक मास में श्रीहरि विष्णु की आराधना के साथ पवित्र नदी, तालाब में स्नान का महत्व है वहीं महत्व कार्तिक मास में दीपदान एवं कांकडा आरती का है। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष शैलेष पालीवाल ने बताया कि लाल चौकी स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में कार्तिक मास में 26 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक प्रातः 5.30 बजे से मंदिर में एक माह तक नियमित कांकडा आरती का आयोजन होगा। इस कांकडा आरती में श्रद्धालु महिलाएं प्रातः काल मंदिर की आरती में शामिल होती है। मंदिर पुजारी पं. बसंत महोदय ने कार्तिक मास की काकडा आरती एवं दीपदान का महत्व बताते हुए कहा कि भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा भरने और सामुदायिक एकता को बढावा दे।



श्रद्धा बुद्ध विहार पर वर्षावास का समापन

नेपानगर। नगर की नवांकुर संस्था श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था के तत्वावधान में आषाढ़ पूर्णिमा से अश्विन पूर्णिमा तक चलने वाले वर्षावास का समापन रविवार 26 अक्टूबर को आयोजित किया गया। संस्था के रविन्द्र मसाने ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं बुद्ध पूजा के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत सत्कार कर भोजनदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों ने पहुंचकर प्रसादी का लाभ लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मंजू दादू उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील, भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन, मनोज माहेश्वरी, विजय यादव, संजय विजयवर्गीय, जगमीत सिंह जॉली और राजू पाटील शामिल हुए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हरीश शिंदे, भीमराव वानखेड़े, रविन्द्र गाडे, खेमचंद ठाकरे, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश सचिव रविंद्र इंगले, कडू मसाने, अरुण साल्वे, अशोक साल्वे, मोहन इंगले, रवि मोरे, हरीश नायके, पुरुषोत्तम वानखेड़े, सुनील शिंदे, राजेन्द्र मसाने, संदीप दहाट सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। माता भीमाई महिला मंडल की अध्यक्ष कुसुम बाई इंगले, कमल बाई वानखेड़े, आशा वानखेड़े, सुनंदा ठाकरे, ज्योत्सना शंखपाल, पुष्पा बाई नायके, इंदु बाई मसाने, चंद्रकला मसाने, कविता बाई तायडे, लीलाबाई ढीवरे, लीला बाई बाविस्कर, मनीषा मोरे, शीला बाई मोरे, मीरा तायड़े, शारदा साल्वे, गीता बाई साल्वे, वन्दना इंगले और निर्मला अड़कमोल सहित बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।



स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं तेजी लाएं - कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

नवागत कलेक्टर विवेक कुमार ने सोमवार को जिले में पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत निर्मित भवनों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने रेणुका माता मंदिर के पास निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं सिटी पैलेस के समीप स्थित पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लगभग 7 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के नक्शे का मौके पर ही अवलोकन किया। उन्होंने कॉम्प्लेक्स में प्रस्तावित कक्षों, खेल गतिविधियों के लिए सुविधाओं, कैफेटेरिया, जिम एवं ड्रेसिंग रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

इसके पश्चात कलेक्टर ने सिटी पैलेस के समीप स्थित पॉलीक्लिनिक के संपूर्ण परिसर का जायजा लिया। उन्होंने लेबर रूम एवं जनरल वार्ड की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए परिसर में बाउंड्रीवॉल निर्माण तथा सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



नवनिर्मित लाचित बरफुकन खेलकूद परिसर का उद्घाटन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 की शुरूआत 26 अक्टूबर से की, जो 1 नवंबर 2026 तक चलेगा। इसके साथ ही, गुवाहाटी के मालीगांव स्थित बी.जी. कॉलोनी क्षेत्र में नवनिर्मित लाचित बरफुकन खेलकूद परिसर का उद्घाटन किया गया। एनएफआरके महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव ने अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में इस खेलकूद परिसर/एथलेटिक ग्राउंड का उद्घाटन किया। एनएफआरमें, इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषयच्सत्यनिष्ठा से समृद्धिज्है, जो सार्वजनिक सेवा में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व पर जोर देती है। इस आयोजन का शुभारंभ मालीगांव स्थित एनएफआरमुख्यालय में अपर महाप्रबंधक और एनएफआर (निर्माण संगठन) में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी-निर्माण द्वारा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में की गई। पहले दिन के कार्यक्रम में सत्यनिष्ठा की शपथऔर वॉकथॉन शामिल था, जिसका उद्देश्य रेलकर्मियों को नैतिक आचरण अपनाने और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करना था। सप्ताह व्यापी इस आयोजन में नुक्कड़ नाटक, सतर्कता बुलेटिनका विमोचन किया।

भारतीय रेल की वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना का लाभ अब टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी मिलेगा

27 अक्टूबर से सुविधा लागू;डिजिटल भुगतान व मोबाइल नं. अनिवार्य

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ इन्दौर

भारतीय रेल अपनी मौजूदा वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना (ओटीआईएस) का विस्तार करते हुए 27 अक्टूबर, से अपने पूरे नेटवर्क में यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों पर आरक्षित टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी यह सुविधा प्रदान करेगी। आईआर सीटीसी के माध्यम से ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध यह योजना अब रेलवे आरक्षण काउंटरों से आरक्षित टिकट खरीदने वाले पात्र यात्रियों के लिए भी उपलब्ध होगी।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बीमा सुविधा पूरी तरह वैकल्पिक होगी।

यह सुविधा केवल उन्हीं यात्रियों को प्रदान की जाएगी जो बीमा का विकल्प चुनेंगे, मोबाइल नंबर देंगे और डिजिटल माध्यम से भुगतान करेंगे। लागू बीमा प्रीमियम टिकट किराये के साथ लिया जाएगा तथा किराये और प्रीमियम, दोनों का भुगतान केवल डिजिटल माध्यम से करना होगा।

लागू नियमों एवं शर्तों के अनुसार, प्रीमियम सभी करों सहित प्रति यात्री 45 पैसे है। यह योजना केवल भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है, जिनके टिकट की स्थिति बुकिंग के समय कन्फर्म, आरएसी या आंशिक रूप से कन्फर्म हो। बीमा का विकल्प चुने जाने पर यह एक ही पीएनआर के अंतर्गत बुक किए गए सभी पात्र यात्रियों पर लागू होगा।

पाँच वर्ष से कम आयु के जिन बच्चों की बुकिंग बिना बर्थ/सीट के की गई हो, वे बीमा के अंतर्गत कवर नहीं होंगे, जबकि पाँच से ग्यारह वर्ष की आयु के बच्चे बर्थ के साथ या बिना बर्थ के भी पात्र होंगे।पॉलिसी के अंतर्गत आने वाली रेल दुर्घटना या अप्रिय घटना की स्थिति में इस योजना के तहत मृत्यु या स्थायी पूर्ण दिव्यांगता के लिए 10 लाख, स्थायी आंशिक दिव्यांगता के लिए 7.50 लाख तक तथा चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराने के खर्च के लिए 2 लाख तक का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। पॉलिसी के नियमों एवं शर्तों के अधीन पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए 10 हजार का लाभ भी प्रदान किया जाता है।

यात्रियों को यात्रा बीमा संबंधी अपना विकल्प अंकित करने की सुविधा देने के लिए आरक्षण मांग प्रपत्र में संशोधन किया गया है। संशोधित प्रपत्र पश्चिम रेलवे के सभी पीआरएस केंद्रों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इन केंद्रों पर यात्रियों को इस सुविधा तथा इसके लिए डिजिटल भुगतान और मोबाइल नंबर की आवश्यकता के बारे में जानकारी देने हेतु उद्घोषणाएं भी की जाएंगी। आरक्षण कर्मचारी यात्रियों को बीमा के विकल्प और निर्धारित प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन देंगे।

बीमा पॉलिसी का विवरण यात्री के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। यात्रियों को बुकिंग के बाद उपलब्ध कराए गए लिंक का उपयोग करके संबंधित बीमा कंपनी की वेबसाइट पर नामांकन संबंधी विवरण भरना चाहिए। मृत्यु संबंधी दावों का निपटान घोषित नामित व्यक्ति के पक्ष में किया जाएगा अथवा नामित व्यक्ति का विवरण दर्ज न होने पर विधिक वारिस प्रमाणपत्र या उत्तराधिकार प्रमाणपत्र के आधार पर विधिक वारिसों के पक्ष में किया जाएगा।

योजना के मौजूदा नियम एवं शर्तें पीआरएस काउंटरों से की गई बुकिंग पर भी लागू होंगी। पॉलिसी जारी करने और दावों के निपटान की जिम्मेदारी संबंधित बीमा कंपनी की होगी। इस सुविधा का लाभ उठाने के इच्छुक यात्रियों से अनुरोध है कि वे संशोधित आरक्षण मांग प्रपत्र में अपना विकल्प स्पष्ट रूप से अंकित करें।

मुंबई लोकल 10 घंटे ठप, ट्रैक पर मिले 3 शव

मुंबई। मुंबई में सोमवार को रेलवे ट्रैक पर तीन लोगों की मौत हो गई। कई लोकल ट्रेनें 10 घंटे तक तक फंसी रहीं और यात्रियों को ट्रैक पर चलना पड़ा। मुंबई के ट्रांसपोर्ट सिस्टम में यह दिक्कत आज सुबह 10.00 बजे कांजुरमार्ग स्टेशन के पास लगी आग की वजह से हुई। घाटकोपर-विक्रोली सेक्शन पर दो लोग मरे हुए मिले, दोनों को राजावाड़ी हॉस्पिटल भेजा गया है। भांडुप में भी ट्रेन की टक्कर से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, मृतक साहिल थिटे पटरियां पार कर रहा था, तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

स्कॉर्पियों खरीदने के लिए 20 लाख छिपाए, पुलिस ने पकड़ा

चित्तौड़गढ। चित्तौड़गढ़ जिले में दीपावली से पहले नई स्कॉर्पियो खरीदने के लालच में एक ठेकेदार के मुनीम ने खुद ही करीब 20 लाख की लूट की साजिश रच डाली। घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र की सोमवार सुबह की है। मुनीम धरियावद जा रहा था, जब उसने खुद के साथ लूट की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि रुपए लेकर जा रहे मुनीम ने ही पूरी साजिश रची थी। पुलिस ने 3 घंटे के भीतर मामले का पर्दाफाश कर मुनीम को डिटेन कर लिया और रकम बरामद कर ली। आरोपी बालकिशन (30) खेताखेड़ा (उदयपुर) निवासी है। चित्तौड़गढ़ जिले में सिंचाई विभाग के ठेकेदार के यहां मुनीम का काम करता है। सदर थानाधिकारी प्रेम सिंह ने बताया- आरोपी की निशानदेही पर बोजुंदा पुलिया के पास झाड़ियों में छिपाई पूरी रकम, टूटा हुआ मोबाइल और बाइक बरामद कर ली हैं। थानाधिकारी ने बताया- मुनीम बालकिशन, ठेकेदार कैलाश चौधरी से रकम लेकर बस्सी से धरियावद (प्रतापगढ़) के लिए निकला था। यह राशि ठेकेदार ने काम कर रहे मजदूरों को भुगतान के लिए भेजी थी।

सिरसी थाना क्षेत्र में जमीनी रंजिश के चलते फायरिंग

गुना। गुना जिले के सिरसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सारेठा में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद में खून के रिश्तों में दरार पड़ गई और मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना रविवार रात करीब 8 बजे की बताई गई है जिसमें विजय यादव की गोली मारकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि गंभीर हालत में परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, गोली चलाने का आरोप विजय यादव के बड़े भाई भरत सिंह यादव के बेटे विशाल पर है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि परिवार में वन विभाग की करीब 500 बीघा जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। विजय यादव को गोली लगने के बाद परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज शुरू होने से पहले ही डॉक्टरों ने उनकों मृत घोषित कर दिया। जबकि उनके बेटे शांतनु यादव को भी घायल होने से आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कूनो में चीते को ग्रामीणों ने लाठियों से पीटा

भोपाल। कूनो नेशनल पार्क के एक चीते पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। बछड़ों के शिकार के बाद चीते पर हमला किए जाने की बात सामने आई है। ग्रामीणों के हमले में चीता गंभीर रूप से घायल है। कूनो नेशनल पार्क के फील्ड डायरेक्टर और आईएफएस अधिकारी उत्तम कुमार शर्मा ने चीते पर हमले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि चीते का अभी उपचार चल रहा है। बता दें कि, कूनो नेशनल पार्क के बमोरी गांव में रविवार सुबह करीब 5 बजे दो चीते गांव के बाहर बने एक मकान में घुस गए थे और आंगन में बंधे गाय के दो बछड़ों का शिकार कर लिया था। बछड़ों के चिल्लाने की आवाज सुनकर टपरी में खटिया पर सो रहे सोमलावीर सिंह और उनकी पत्नी की नींद खुली। बताया जाता है कि चीतों को देखकर दंपती कुछ देर सांसें थामे लेटे रहे और मौका मिलते ही जान बचाकर वहां से भागे। शुरुआती सूचना के मुताबिक, ग्रामीणों ने बाद में एकत्र होकर चीतों को जंगल की ओर खदेड़ दिया था। चीतों के हमले में दोनों बछड़ों की मौत हो गई।

40 करोड़ के सीएम राइज स्कूल की छत गिरी

ग्वालियर। ग्वालियर के कंपू थाना क्षेत्र में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे सीएम राइज स्कूल (सांदीपनि विद्यालय) की निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत सोमवार को अचानक भरभराकर गिर गई। हादसा शासकीय पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में हुआ, जहां नई बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर स्लैब की कास्टिंग का काम चल रहा था। छत गिरने से वहां काम कर रहे चार मजदूर घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे में निर्माणाधीन बिल्डिंग के पिलर भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता, शटरिंग की मजबूती और कार्यस्थल पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। सूचना मिलने पर प्रशासन, पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और निर्माण कार्य से जुड़े लोगों से जानकारी जुटाई। शासकीय पद्माराजे कन्या विद्यालय परिसर में पुलिस हाउसिंग बोर्ड कॉरपोरेशन द्वारा नई बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना की लागत करीब 39 से 40 करोड़ रुपए बताई गई है। निर्माण कार्य का ठेका गुलशन राय के पास है। बिल्डिंग के एक हिस्से का काम पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे हिस्से में निर्माण जारी है। सोमवार को दूसरी मंजिल पर छत डालने के लिए स्लैब की कास्टिंग की जा रही थी।

नीलकंठ द्वार से महाकाल चौराहा तक 24 मीटर चौड़ी होगी सड़क

11 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा 400 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण, नाली निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण और विकास कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नीलकंठ द्वार से महाकाल चौराहा तक सड़क को 24 मीटर चौड़ा करने का कार्य तेजी से जारी है। इस कार्य में क्षेत्र के रहवासियों का सहयोग मिल रहा है।

राज्य शासन से स्वीकृत राशि और सिंहस्थ मद से लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से करीब 400 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। वर्तमान में भवनों की तुड़ाई का कार्य लगभग पूरा होने की स्थिति में है। इसके बाद नाली निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।

तुड़ाई के बाद मलबा हटाने और सफाई पर जोर-नगर निगम द्वारा तुड़ाई के बाद प्रतिदिन मलबा हटाने और सफाई का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के रहवासियों और आम नागरिकों को कम से कम परेशानी हो। सड़क चौड़ीकरण के दौरान यातायात और आवागमन को व्यवस्थित रखने के लिए भी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं।

सिंहस्थ में श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा-नीलकंठ द्वार से महाकाल चौराहा तक का मार्ग महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और शहर के नागरिकों के आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

सिंहस्थ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या और यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए इस मार्ग को 24 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। प्रस्तावित चौड़ीकरण कार्य से कुल 127 भवन प्रभावित हुए हैं। मार्ग के विकास का मुख्य उद्देश्य सड़क की क्षमता बढ़ाना, यातायात को सुगम बनाना और सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराना है। कार्य पूरा होने के बाद इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था में सुधार होने के साथ ही नागरिकों और श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

कोयला फाटक से निजातपुरा तक निगम ने हटाया अस्थायी अतिक्रमण

तीन गैरेज संचालकों पर 1500 रुपए का जुर्माना, चौड़ीकरण मार्गों पर लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम द्वारा सोमवार को कोयला फाटक से निजातपुरा तक मार्ग पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने वाले तीन गैरेज संचालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 1500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

मार्ग चौड़ीकरण के बाद कोयला फाटक से निजातपुरा, कंठाल चौराहा और सती गेट तक दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर अस्थायी अतिक्रमण कर लिया गया था।

इससे आवागमन में परेशानी हो रहीथी। इसे देखते हुए नगर निगम की अतिक्रमण गैंग ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की और संबंधित गैरेज संचालकों पर जुर्माना लगाया।

चौड़ीकरण वाले मार्गों पर लगातार होगी कार्रवाई- शहर में जिन मार्गों पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, वहां कुछ दुकानदारों द्वारा अस्थायी अतिक्रमण किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा ऐसे अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। मार्ग चौड़ीकरण का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना और लोगों के आवागमन को सुगम करना है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को

गुना। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला गुना ने बताया कि राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन दिनांक 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में किया जाना है। संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन 05 विधाओं समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक विद्या में किया जाना है। इस वर्ष सांस्कृतिक ट्रेक में समूह लोक नृत्य, समूह लोकगायन, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत थीम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जावेगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में प्रात: 10: 00 बजे से किया जावेगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष (17 अगस्त 2016 की स्थिति में) आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते है। प्रतिभागी को अपनी विधा से संबंधित समस्त सामग्री/गणवेश स्वयं लाना होगी। जिला स्तरीय युवा उत्सव में भागीदारी करने वाले प्रतिभागियों को अपने साथ दो फोटो, मूलनिवासी प्रमाण पत्र, बैक पासबुक की छायाप्रति, जन्म प्रमाण पत्र/बोर्ड की अंकसूची साथ में लाना अनिवार्य होगी तथा प्रतिभागी को माय भारत पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि चन्द्रशेखर आजाद मार्ग, उज्जैन पर स्थित भवन स्वामी (अ) रशीदा अत्तरवाला पुत्री अकबर अली अत्तरवाला के स्वामित्व का भवन म्यु. क्रमांक 3/1/ए, जिसका प्रथम मंजिल (हवाई हक सहित) कुल क्षेत्रफल 54.10 वर्गमीटर हैं, (ब) श्रीमती सगीरा बाई अत्तरवाला पति स्वर्गीय मोहम्मद हुसैन अत्तरवाला के स्वामित्व का भवन म्यु. क्रमांक 3/2 का उत्तर दिशा वाला भाग, जिसका तल मंजिल कुल क्षेत्रफल 9.73 वर्गमीटर हैं, तथा (स) श्रीमती सगीरा बाई अत्तरवाला पति स्वर्गीय मोहम्मद हुसैन अत्तरवाला, अकबर अली अत्तरवाला पिता स्वर्गीय मोहम्मद हुसैन अत्तरवाला, श्रीमती तसनीम पुत्री स्वर्गीय मोहम्मद हुसैन अत्तरवाला पत्नि मुस्तफा अली, के संयुक्त स्वामित्व का भवन म्यु. क्रमांक 3/2/1 जिसका कुल क्षेत्रफल 16.40 वर्गमीटर हैं। उक्त तीनों संपत्तियां मौके पर एक ही संपत्ति के रूप में भूखण्ड के रूप में मौजुद हैं तथा चौड़ीकरण में अधिगृहित होने के कारण वर्तमान में ऊपर वर्णित क्षेत्रफल में आंशिक रूप में कम हैं। उक्त वर्णित संपूर्ण संपत्ति को मय तल भूमि तथा हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने वर्णित भवन स्वामीगण से क्रय करने का तय कर जल्द ही दस्तावज विक्रय-पत्र का संपादन कर पंजीकरण होना हैं। उक्त संपूर्ण संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी आदि का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त वर्णित संपूर्ण संपत्ति कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहूकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय/कार्यालय में उक्त वर्णित संपूर्ण संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति / वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 सात दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त वर्णित संपूर्ण संपत्ति की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा किया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त संपूर्ण संपत्ति को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो।

इति दिनांक 26/10/2026, स्थान: उज्जैन

शकील एहमद एडवोकेट सुहाना पैलेस
34 , शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन
मो. 87707-18997

जाहिर सूचना

(ग्राम उपडी तहसील तराना स्थित भूमि सर्वे कमांक 61, 62, 63, 65, 66, 67, 93, 100, 361 के संबंध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा राजमणी पति राजेश पिता लालूली निवासी केलादेवी मंदिर के पास देवास होकर मेरी पक्षकारा एवं अन्य सहस्वामियों की संयुक्त स्वामित्व की कृषि भूमि स्थित ग्राम उपडी तहसील तराना जिला उज्जैन भूमि सर्वे क्रमांक 61, 62, 63, 65, 66, 67, 93, 100, 361 कुल रकबा 7.574 हे. की भूमि है उक्त भूमि के मुल पुरूष कोदाजी मृत है उनके तीन पुत्र किशन, कालु, रामा भी मृत है उक्त किशन के तीन पुत्र अमरा, बापू, पर्वत रहे जो मृत है। राजमणी कालूजी के पुत्र लालुजी की पुत्री है एवं उपरोक्त भूमियों में मेरी पक्षकारा का भी बराबर का हक एवं हिस्सा है एवं उपरोक्त भूमिया संयुक्त संपत्ति की है एवं मेरी पक्षकारा अपने हिस्से पर काबिज है। अनुविभागिय अधिकारी तराना द्वारा किये गये असमान विभाजन के आदेश की अपील माननीय अपर आयुक्त महोदय उज्जैन संभाग उज्जैन जिसका क 552/2024-25 होकर अपील विचाराधीन है एवं रामा के पुत्र बाबुलाल अपने हिस्से की भूमि विक्रय कर दी गई इसके बावजुद मेरी पक्षकारा की भूमि को हडपने के उददेश्य से उसके द्वारा सिविल वाद तराना न्यायायल में प्रस्तुत किया था जो निरस्त हो चुका है एवं अपर आयुक्त महोदय के प्रकरण के विचारण के दौरान उक्त सर्वे नं. की भूमियों पर धारा 52 संपत्ति अंतरण अधिनियम के प्रावधान लागु है। यह कि बाबुलाल की मृत्यु के पश्चात उसके वारिसान पुत्र इन्दर पिता बाबुलाल व पुत्री कमला निवासी ग्राम उपडी तह तराना द्वारा उक्त भूमि को वाद के प्रचलन के दौरान विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि बाबुलाल के द्वारा अपने हिस्से की भूमि पुर्व में विक्रय की जा चुकी है उसका या उसके वारिसो का उपरोक्त भूमिया में कोई हक व हिस्सा नही है। अत: इस जाहिर सूचना द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाबुलाल के उपरोक्त वारिसान का भूमि में कोई हक व हिस्सा नही होने एवं वाद के प्रचलन के दौरान उक्त भूमि का कोई अतंरण के संबंध में संव्यवहार संपादित नही करे अन्यथा वाद के निर्णय के प्रभाव ऐसे केता पर लागू होकर समस्त परिणामों हेतु केता स्वयं जिम्मेदार होगें। सूचित हो। दिनांक 26-10-2026

गजेन्द्रसिंह कुशवाह एड.
कार्यालय -66 महालक्ष्मी विहार उज्जैन
मो. 6263345362

गुना में आबकारी विभाग की कार्रवाई, 87 लीटर हाथ भट्टी अवैध शराब जब्त

गुना। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार, 26 अक्टूबर 2026 को आबकारी वृत्त गुना-1 की टीम ने सिंगवासा चक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों से कुल 87 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत करीब 26 हजार रुपये बताई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिंगवासा चक में एक व्यक्ति अवैध मदिरा लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए रूपसिंह पारदी पुत्र भानिया पारदी, निवासी माधोगढ़, जिला अशोकनगर के कब्जे से करीब 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। इसी स्थान पर जासम पत्नी भोला पारदी, निवासी सिंगवासा चक के पास से करीब 27 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। मदिरा से तेज गंध आने के कारण उचित जांच के लिए नमूने लेकर एफएसएल ग्वालियर भेजने की प्रक्रिया की गई। विभाग ने दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत दो प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार, आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक अरुण कुमार शर्मा और गोविंद सिंह मीणा तथा महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी एवं खुशबू रघुवंशी की भूमिका रही। आबकारी विभाग ने बताया कि अवैध मदिरा के निर्माण और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान क्वार्टर नम्बर 46-ए म्यु. नम्बर-08 जो कि महाकाल सिन्धी कॉलोनी सांवेर रोड़, उज्जैन, (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 157.88 वर्गमीटर है उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी लक्ष्मण सिंह शेखावत पिता श्री नारायण सिंह शेखावत से किया गया है एवं मेरे पक्षकार ने सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी को उक्त सम्पत्ति के क्रय पेटे आंशिक राशि टोकन के रूप में अदा कर दी है केवल अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाना शेष है, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा सम्पत्ति के अनुबंध पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

दिनांक 26/10/2026

श्रीमति मन्जू मेहता, अभिभाषक
कार्यालय- ऑफिस क्रमांक 102, प्रथम मंजिल
पीसीआर स्क्वायर एसपी ऑफिस के सामने, डी.पी. ज्वेलर्स के पास वाली बिल्डिंग माधव नगर फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 82250-51125

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पदाकार ने किरणबाई पुत्री देवीलाल कृषक ग्राम पिग्लेश्वर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकल स्वामित्व तथा आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 467/2/2 रकबा 0.6950 हेक्टेयर कुल किता 1 कुल रकबा 0.6950 हेक्टेयर स्थित ग्राम पिग्लेश्वर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमि स्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एव तत्पश्चात विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, व्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपति मान्य नहीं की जायेगा सो सूचित हो। इति दिनांक 26/10/2026 स्थान उज्जैन

अजय कुमावत एडवोकेट
कार्यालय-पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन
मो. 9993364312

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन क्रमांक एल-03 स्थित रॉयल एन्क्लेव ग्राम कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षैत्रफल 53.47 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार पूर्व में- भूखण्ड मय प्लींथ क्रमांक 60, पश्चिम में- रास्ता कॉलोनी का, उत्तर में- भवन क्रमांक एल-04 एवं दक्षिण में- भवन क्रमांक एल-02 स्थित है। यह कि उक्त संपत्ति को विक्रय करने का सौदा दिनांक 09/06/2026 को संपत्ति स्वामी शहजाद पिता शम्सुद्दीन निवासी- 41एम आर 04 रोड़ राज रॉयल एनक्लेव कॉलोनी उज्जैन ने मेरे पक्षकार मोहम्मद युनुस पिता अब्दुल जब्बार से किया है तथा उक्त अनुबधं आज भी प्रभावशील है तथा मेरे पक्षकार को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त संपति को शहजाद पिता शम्सद्दीन द्वारा बाले-बाले कुट रचित दस्तावेजो के माध्यम से उक्त संपत्ति अन्य किसी व्यक्ति को विक्रय करना चाहता है अत: सूचित किया जाता हैं कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भवन के संबंध में शहजाद पिता शम्सुद्दीन से किसी प्रकार का कोई अनुबंध सौदा चिट्ठी आदि नहीं करें यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा ऐसा कोई समव्यवहार उक्त संपत्ति के संबंध में किया जाता है तो उससे होने वाले समस्त न्यायलीन कार्यवाहीयो से होने वाले परिणामों एवं वैधानिक कार्यवाहियों के लिये ऐसा व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित हो । दिनांक 26/10/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9301860352

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी युसूफ अली कपडावाला पिता शब्बीर हुसैन निवासी 29 कमरी मार्ग अपोजिट लडडू वाला मार्केट उज्जैन एवं भुमि स्वामि ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व अधिपत्य कि व्यपवर्तन औद्योगिक एवं खनन भूमि सर्वे नंम्बर 929/2 का रकबा 0.50 हेक्टयर सर्वे नम्बर 929/3 का रकबा 0.50 आरे कुल किता 02 कुल रकबा 1.00 हैक्टयेर, स्थित ग्राम-घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित होकर मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा कर किया गया है जिसकी बयाना राशि मेरे पक्षकार केता ने अदा कर अपने नाम की सोदा चिटठी एवं अनुबंध पत्र तैयार करवा लिया गया है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसाइटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका विधिवत निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचित हो।

इति: दिनांक 25 /10/ 2026 स्थान-घट्टिया


शादाब मन्सुरी सर्विस प्रोवाईडर एण्ड स्टाम्प वेन्डर
कार्यालय तहसील परिसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन
मो. 8878601187-8770092900

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी 1. शंकरलाल पिता श्री नानक जी व 2. रमेशचंद्र मीना पिता श्री नानक जी निवासीगण 172, शिवांश प्राइड, आगर रोड, सुरासा, उज्जैन, म.प्र. से उनके आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 18/2/1 रकबा 0.6000 हेक्टर मे से रकबा 0.3000 हेक्टर तथा कृषि भूमि सर्वे नं. 18/2 रकबा 0.6000 हेक्टर में से रकबा 0.3000 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 0.6000 हेक्टर स्थित ग्राम बदरखा बाबाजी, तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त कृषि भूमि को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया होकर बयाना राशि अदा कर दी हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि भूमि स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का कोइ ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक 26-10-2026 उज्जैन

अभिषेक सिंह सिकरवार एडव्होकेट
सिटी कार्यालय 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन
कार्यालय डी-3, भरतपूरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन
मो.98273-80500, 70001-92470

क्या बिगड़ गए बच्चे



इन दिनों लोग इस बात को लेकर परेशान हैं कि आज के बच्चे बिगड़ गए हैं। हर जगह बवाल, जगह-जगह बगावत। यह कोई आज का सवाल नहीं है, पीढ़ी-दर-पीढ़ी यही चिंता चली आ रही है। यह सच है कि आजकल पीढ़ियों के बीच का फर्क ज्यादा बड़ा हो गया है, क्योंकि सूचनाएं बहुत तेजी से बदल रही हैं। पहले पिता के पास अनुभव से आया हुआ ज्ञान होता था, अब बच्चों के पास नई-नई सूचनाएं हैं, जो टेक्नोलॉजी से आती हैं। बच्चों के भीतर जो प्रश्न हैं, उनके उत्तर पिता के पास नहीं हैं और पिता के रटे-रटाए उत्तर उनके किसी काम के नहीं हैं। दोनों के बीच एक खाई खड़ी हो गई है। यही वजह है कि सारी पृथ्वी पर पिता के और गुरु के आदर में कमी हुई है। हमारे मुल्क में बहुत ज्यादा चिंता है, क्योंकि हमारी पूरी संस्कृति ने पिता-माता और गुरु की पूजा सिखाई है। बच्चे, खासकर लड़के सदा से जैसे थे, वैसे ही हैं। बुजुर्गों के सम्मान में जो अनिवार्य रूप से परिवर्तन आया है, उसे अगर हम समझ सकें, तो समझदारीपूर्वक एक नई व्यवस्था दे सकेंगे। न समझ पाएं, तो हम मुश्किल में पड़ जाएंगे। गुरु अब भी पुराना आदर मांगें, यह संभव नहीं है। पुराना आदर अब नहीं मिल सकता। विज्ञान ने जीवन का सच सामने लाकर रख दिया है; अब सब जानते हैं कि बच्चों को पैदा करके माता-पिता ने कोई एहसान नहीं किया है। इन बदली हुई स्थितियों में हमें सारे के सारे उत्तर नए खोजने पड़ेंगे। पुराने काम नहीं आ सकते। जैसे पुराने समय में विदेश गमन पाप था। समुद्र को लांघने की इजाजत नहीं थी। गांधीजी जब विदेश गए, तो उनकी जाति के लोगों ने उनको बाहर कर दिया, क्योंकि धर्म भ्रष्ट हो गया। आज पूरी दुनिया एक गांव हो गई है। एक ह्यग्लोबल विलेजह्न बन गई है। उस दुनिया की धारणाएं, हम अगर अभी भी पकड़कर चलते हैं, तो इस दुनिया में रहने के योग्य न रह जाएंगे। वे हमें छोड़नी ही पड़ेंगी। यह ऐसा ही है, जैसे हवाई जहाज ईजाद हो गया, लेकिन एक आदमी अपनी बैलगाड़ी को लेकर हवाई जहाज में बैठ जाए और कहे कि हम अपनी बैलगाड़ी नहीं छोड़ सकते, क्योंकि बैलगाड़ी में हमारे पूर्वज चलते थे। ओशो कहते हैं, हर युग अपना विचार पैदा करता है। फिर युग चला जाता है और विचार अटककर रह जाता है। विचार को हम दूसरे युग में ले जाते हैं, तब वह विचार बोझिल हो जाता है। इधर डेढ़ सौ वर्षों में मनुष्य की चेतना क्रांति से गुजर गई है। एक बहुत बड़ा तूफान आया, सब विचार बदल गए, नए ख्याल पैदा हुए, नए आविष्कार हुए। उन्होंने सब पुरानी स्थिति डांवाडोल कर दी। अब पुरानी पीढ़ी को बदलना पड़ेगा, पुराना होने का अहंकार छोड़ना पड़ेगा, तभी वे नए को समझने के काबिल होंगे।

सम्पादकीय

वैज्ञानिक कामयाबी

भारतीय भौतिक विज्ञानी अशोक सेन को दिया गया वर्ष 2026 का ऑस्कर क्लेन पदक भारतीय विज्ञान के लिए ऐतिहासिक अवसर है। विज्ञान की दुनिया में इस सम्मान को नोबेल तुल्य माना जाता है। साल 1988 में इसकी शुरूआत प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी ऑस्कर क्लेन के नाम से हुई थी और यह पदक पाना कोई मामूली बात नहीं है। यह पदक स्टॉकहोम विश्वविद्यालय और रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल कमेटी फॉर फिजिक्स द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाता है। यह सम्मान स्टीफन हॉकिंग को मिल चुका है और इसे प्राप्त करने वाले अशोक सेन पहले भारतीय वैज्ञानिक हैं। आम तौर पर भारत छोड़ चुके वैज्ञानिकों को ही कामयाब होते देखा जाता है। धारणा यह भी है कि भारत में रहकर शोध-आविष्कार संभव नहीं है। खुद विदेश में जा बसे वैज्ञानिक यह प्रचार करते हैं कि भारत में रहकर वैज्ञानिक कार्य असंभव है, पर ऐसे तमाम वैज्ञानिकों के लिए अशोक सेन एक माकूल जवाब हैं। जी हां, भारत में रहकर भी विज्ञान पर काम किया जा सकता है। विदेश जाने के मौके अशोक सेन को भी खूब मिले, पर उन्होंने अपने देश में ही रहकर सेवा करना स्वीकार किया और उनकी तपस्या साकार हुई।

बेंगलुरु स्थित अंतर्राष्ट्रीय सैद्धांतिक विज्ञान केंद्र (आईसीटीएस) के प्रोफेसर अशोक सेन ने यह सिद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि पांच स्ट्रिंग सिद्धांत, जिन्हें पहले अलग-अलग माना जाता था, एक ही मूल सिद्धांत के विभिन्न विवरण हो सकते हैं। ध्यान रहे, अशोक सेन ने 22 अक्तूबर को स्टॉकहोम में ह्यस्ट्रिंग से गुरुत्वाकर्षण और गुरुत्वाकर्षण से स्ट्रिंगह्न शीर्षक पर शानदार व्याख्यान से भौतिकी की दुनिया को चकित किया है। उसके बाद ही उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि उनकी खोज की वजह से कैसे गुरुत्वाकर्षण की व्याख्या हो सकती है और कैसे ब्लैक होल से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने में मदद मिल सकती है। असली चुनौती स्ट्रिंग सिद्धांत के भीतर एक ऐसा समाधान खोजना है, जो प्रकृति में देखे गए कणों से मेल खाता हो। इस दिशा में अशोक सेन की कामयाबी बहुत मायने रखती है। उनका अध्ययन कणों से आगे जाकर स्ट्रिंग को देखता है।

शांतिपूर्ण समाधान की दरबार

फ्रांस में जनाक्रोश, व्यवस्था के सामने चुनौती



महेन्द्र तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

फ्रांस की राजधानी पेरिस और उसके अन्य प्रमुख शहर इन दिनों भीषण जनाक्रोश और उग्र विरोध प्रदर्शनों की आग में जल रहे हैं। कभी अपनी सुंदरता, कला और शांति के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध यह यूरोपीय देश आज अभूतपूर्व अशांति के दौर से गुजर रहा है। सड़कों पर उतरे 4 लाख से अधिक नागरिकों का यह हुजूम सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरकार को इस जनसैलाब को नियंत्रित करने के लिए 70 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात करना पड़ा है। हालात बेकाबू होते देख सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर जल तोपों और अश्रु गैस के गोलों का लगातार इस्तेमाल किया जा रहा है। यह आंदोलन अब केवल एक साधारण विरोध नहीं रह गया है, बल्कि इसने एक व्यापक राष्ट्रीय संकट का रूप ले लिया है। संपूर्ण देश का जनजीवन पूरी तरह से अस्तव्यस्त हो चुका है और हर तरफ केवल अराजकता का माहौल दिखाई पड़ रहा है।

इस विशाल जन आंदोलन की शुरूआत मुख्य रूप से शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भारी कमियों को लेकर हुई थी। देश के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों और शिक्षकों ने सबसे पहले व्यवस्था के खिलाफ मोर्चा खोला। उनका मुख्य असंतोष शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की भारी कमी और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए वित्तीय आवंटन की कटौती को लेकर था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, शिक्षकों के अस्वस्थ होने या किसी कारणवश अनुपस्थित रहने पर उनके स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण बीते शैक्षणिक सत्र में 1 करोड़ 50 लाख से अधिक शिक्षण घंटे बर्बाद हो गए। इस स्थिति ने विशेष रूप से उन क्षेत्रों के छात्रों के भविष्य को अंधकारमय कर दिया है, जहां आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग निवास करते हैं। उचित संसाधनों के अभाव ने युवाओं के मन में एक गहरी निराशा और व्यवस्था के प्रति भारी रोष उत्पन्न कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने सड़कों पर उतरकर न्याय मांगने का निर्णय लिया।

छात्रों और शिक्षकों के इस विरोध में जल्द ही देश के विभिन्न श्रमिक संघ और आम नागरिक भी शामिल हो गए। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण जीवन यापन की लागत में हो रही बेतहाशा वृद्धि और मुद्रास्फीति का संकट है। आम आदमी के लिए अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी अब एक कठिन चुनौती बन गया है। आवश्यक वस्तुओं के मूल्य आसमान छू रहे हैं, जिसके कारण श्रमिक वर्ग अपने वेतन में वृद्धि और बेहतर सेवानिवृत्ति भत्ते की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आया है। आर्थिक असमानता की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। इसी बीच, पीले परिधान पहनने वाले वे प्रदर्शनकारी भी इस आंदोलन का हिस्सा बन गए, जो कुछ वर्ष पहले भी आर्थिक नीतियों के खिलाफ अपनी ताकत दिखा चुके थे। इन सभी वर्गों के एक साथ आ जाने से यह विरोध प्रदर्शन एक विशाल जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया, जिसने सरकार की नींव हिलाकर रख दी है।

यह संपूर्ण जनाक्रोश वर्तमान सत्ता पक्ष और प्रशासन के प्रति गहरे अविश्वास का परिचायक है। देश के शीर्ष नेतृत्व और आम जनता के बीच एक बड़ा वैचारिक और भावनात्मक अंतराल पैदा हो गया है। नागरिकों का स्पष्ट रूप से मानना है कि सत्ता पक्ष की वर्तमान नीतियां केवल संपन्न वर्ग को लाभ पहुंचा रही हैं, जबकि मध्यम और निम्न वर्ग को उनके हाल पर बेसहारा छोड़ दिया गया है। इसी राजनीतिक असंतोष ने जनता के भीतर पल रहे गुस्से को भयानक ज्वाला में बदल दिया है। शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुए इस आंदोलन ने देखते ही देखते एक अत्यंत उग्र और हिंसक रूप धारण कर लिया। प्रशासनिक विफलता और जनसंवाद की कमी ने इस आग को और भड़काने का काम किया है।

पेरिस सहित देश के अन्य बड़े शहरों में हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ अतिवादी समूहों और मुखौटा पहने असामाजिक तत्वों ने आंदोलन की आड़ में सुरक्षा बलों पर पथराव करना, कांच की बोतलें और ज्वलनशील पदार्थ फेंकना शुरू कर दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाकर्मी लगातार बल प्रयोग कर रहे हैं। सार्वजनिक संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। सड़कों पर खड़े वाहनों और कचरा पात्रों को आग के हवाले कर दिया गया। अब तक लगभग 3 हजार से अधिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों और दुकानों में लूटपाट की घटनाएं हो चुकी हैं। अपनी आजीविका को बचाने के लिए छोटे व्यापारियों को अपनी दुकानों के आगे लकड़ी के बड़े तख्ते लगाने पड़े हैं। हर तरफ खौफ और अनिश्चितता का माहौल व्याप्त है।

सरकार द्वारा स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अत्यंत कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों ने अब तक 1 हजार से अधिक उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। तलाशी अभियानों के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों के पास से लोहे के छर्रे, ज्वलनशील सामग्री और धारदार हथियार भी बरामद किए हैं। नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए देश के कई हिस्सों में रात्रिकालीन निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। विश्व भर में प्रसिद्ध कई ऐतिहासिक संग्रहालयों और पर्यटन स्थलों को अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है। नागरिक अपने ही घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं।

फ्रांस का इतिहास जन क्रांतियों और सत्ता के खिलाफ विद्रोहों से भरा पड़ा है। वहां की जनता ने कभी भी अन्याय को मूकदर्शक बनकर स्वीकार नहीं किया है। वर्तमान का यह संकट भी उसी ऐतिहासिक परंपरा की एक कड़ी प्रतीत होता है, जहां नागरिक अपने अधिकारों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। सरकार की हठधर्मिता और प्रदर्शनकारियों के अडिग रुख के बीच फंसा यह देश अब एक ऐसे चौराहे पर खड़ा है, जहां से आगे का रास्ता बहुत ही कठिन और अनिश्चित जान पड़ता है। प्रशासन के आला अधिकारी लगातार बैठकें कर रहे हैं, परंतु अभी तक कोई ठोस समाधान निकलकर सामने नहीं आया है। सत्ता पक्ष के लोग शांति की अपील कर रहे हैं, लेकिन जब तक जमीनी स्तर पर जनता की वास्तविक समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता, तब तक इन अपीलों का कोई विशेष प्रभाव होता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है। आर्थिक मोर्चे पर देश की स्थिति दिनोंदिन चिंताजनक होती जा रही है। खाद्य पदार्थों, ईंधन और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में हुई भारी वृद्धि ने आम नागरिक की कमर तोड़ कर रख दी है।

खानपान संस्कृति विभाग

खानपान संस्कृति विभाग में हाल ही में राजधानी के राज्य सचिवालय से नए क्षेत्रीय निदेशक बनकर आए साहब अनिमेष अग्निहोत्री बहुत ही कड़क, आधुनिक क्लाउड किचन और फूड चेन प्रबंधन के विशेषज्ञ और प्रशासनिक अनुशासन के पक्के अफसर माने जाते थे। अनिमेष साहब जब भी अपनी चमकती हुई सरकारी गाड़ी से उतरकर नए स्मार्ट फूड हब का मुआयना करने निकलते तो उनकी नजर सबसे पहले उसी चबूतरे पर बैठे मंगतराम काका पर जाकर टिक जाती थी जिनकी आँखें हमेशा उस सूने घर की खुली खिड़की से दिखाई देती पुरानी परात पर जमी रहती थीं। अनिमेष साहब को वैश्विक खाद्य दिवस के इतने बड़े भव्य सरकारी जलसे और डिजिटल फूड डिलीवरी ऐप्स के दौर में किसी फटेहाल बुजुर्ग का इस तरह रोज आकर एक कबाड़ रसोई के बर्तन के आगे हाथ जोड़ना दकियानूसी सोच और अनुशासन को बिगाड़ने जैसा लगता था। जब दोपहर के समय मुख्य सत्र समाप्त हुआ और बड़े-बड़े अतिथि वीआईपी लाउंज में वातानुकूलित कमरे में लजीज पकवान खाने चले गए तो अनिमेष साहब अपने सुरक्षाकर्मियों को वहीं छोड़कर सीधे मंगतराम काका के पास पहुँच गए। अनिमेष साहब ने अपनी रौबदार आवाज में बहुत ही तीखे लहजे में पूछा ₹काका आप इस उम्र में रोज यहाँ आकर इस वीरान मकान के बाहर क्यों बैठते हैं, अगर आपको कोई फूड सब्सिडी या बुजुर्ग पेंशन का फॉर्म भरना है तो भीतर काउंटर पर जाइए, इस तरह बाहर बैठकर एक पुरानी रसोई की परात को घूरने से इस देश की आधुनिक फूड इंडस्ट्री का स्वाद बदलने वाला नहीं है।₹ मंगतराम काका ने बहुत ही शालीनता से अपने दोनों हाथ जोड़े और कांपती आवाज में बोले निदेशक साहब मैं किसी पेंशन या मुफ़्त खाने की भीख के लिए यहाँ नहीं बैठा हूँ, मैं तो बस उस दिन की बाट जोह रहा हूँ जब इस परात में वह खोया हुआ अपनापन लौटेगा जो किसी जमाने में इसी रसोई में मुझसे छीना गया था।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27अक्टूबर 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:25सूर्यास्त 17:45
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - प्रतिपदा तिथि 08:09 उपरांत द्वितीया 06:18 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - भरणी 18:05 उपरांत कृत्तिका
योग - सिद्धि 13:15 उपरांत व्यतिपात
करण - कौलव
चन्द्रमा - मेष मे है 23:47 पर वृषभ में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास-जमादुअव्वल 16 तारिख।

मेष- नई योजनाओं पर काम करने के लिए दिन अनुकूल है। व्यापारिक सौदों में बड़ा फायदा हो सकता है।

वृषभ- परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। वित्तीय लाभ मिलने के योग हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, ऊर्जा बनी रहेगी।

मिथुन- शिवलिंग पर जल अर्पित करें। आपके काम की दफ्तर में प्रशंसा होगी। व्यावसायिक यात्राओं से फायदा मिलेगा।

कर्क- पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा। आय में सुधार की संभावना है। मानसिक शांति मिलेगी, सेहत अच्छी रहेगी।

सिंह- ॐ नमः शिवाय का जप करें। आपके फैसले कार्यस्थल पर सराहे जाएंगे।

कन्या- व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। प्रेम जीवन में खुशी और नवीनता रहेगी।

तुला- आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। शारीरिक रूप से चुस्त रहेंगे। पार्वती जी की पूजा करें।

वृश्चिक- विरोधियों पर विजय मिलेगी, काम बनेंगे। व्यापार में मुनाफे के नए स्रोत बनेंगे।

धनु- परिवार का सहयोग मनोबल बढ़ाएगा। अचानक धन लाभ होने के योग हैं। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, तनाव से बचें।

मकर- शिव जी को आंकड़े के फूल चढ़ाएं। जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, धैर्य रखें। विश्राम करें, थकावट महसूस हो सकती है।

कुंभ- कागजी काम ध्यानपूर्वक निपटाएं। परिवार में मिलकर मसले सुलझाएं। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

मीन- विश्राम करें, थकावट महसूस हो सकती है। शिवलिंग पर काले तिल चढ़ाएं। मानसिक शांति के लिए आराम करें।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

व्यंग्य

करवा चौथ : चाँद, चुटकी और चुटकुलों के बीच दांपत्य का व्यंग्य

करवा चौथ आते ही सामाजिक जीवन में पति-पत्नी के प्रेम, तकरार, त्याग और तानों की ऐसी बहार आती है कि लगता है, दुनिया के सारे व्यंग्यकारों ने अपनी कलम इसी एक रिश्ते के नाम कर दी है। प्रेम पर कविताएँ बहुत लिखी गईं, लेकिन पत्नी के एक वाक्य—आपकी तो पसंद ही खराब है!—में जितना व्यंग्य छिपा है, उतना शायद पूरी पुस्तक में भी न मिले। लगभग हर पत्नी का एक सर्वकालिक संवाद है—ये तो मैं ही हूँ, जो आपके साथ निभा रही हूँ। कोई दूसरी होती तो...! पति बेचारा मन ही मन सोचता है कि दूसरी होती तो क्या होता? मगर यह प्रश्न पूछने का साहस वही कर सकता है, जिसे अपनी गृहस्थी की शांति से विशेष लगाव न हो।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

एक विदुषी से इस कथन का रहस्य पूछा तो उन्होंने बड़ी सहजता से कहा, दूसरी होती तो वह भी यही कहती! बात में दम था। भारतीय दांपत्य की यही विशेषता है कि शिकायत के शब्द बदल सकते हैं, लेकिन शिकायत का अधिकार स्थायी रहता है।

एक बार एक पुलिस अधिकारी ने डाकू को धमकाया, एक कदम भी आगे बढ़ाया तो...! डाकू ने पूछा, तो क्या होगा? अधिकारी बोला, तो मैं दो कदम पीछे हट जाऊँगा। वैवाहिक जीवन में भी कई बार पति की बहादुरी इसी सीमा तक दिखाई देती है। पत्नी का वाक्य अधूरा रह जाए, तभी पति को अपनी समझदारी दिखाने का अवसर मिलता है।

हमारे एक मित्र विदेश यात्रा पर पत्नी को साथ ले गए। पत्नी कभी कहतीं, देखकर नहीं चल सकते? कपड़ों पर सब्जी गिरा ली! कभी फरमान आता, बैठने की तमीज नहीं है? बिना देखे कहीं भी बैठ जाते हैं! संयोग से मैं भी उनके साथ था। मित्र ने बाजार से कुछ सामान खरीदा तो पत्नी ने परिचित अंदाज में कहा, आपकी पसंद ही खराब है! मित्र ने मेरी ओर ऐसे देखा, जैसे किसी डूबते व्यक्ति को किनारा दिखाई दे गया हो। मैंने उन्हें एक अचूक मंत्र बताया। अगली बार पत्नी कहें, आपकी पसंद ही खराब है! तो मुस्कराकर जवाब दें, बिल्कुल ठीक कहती हो। अगर मेरी पसंद खराब न होती, तो तुम मुझे कैसे पसंद कर लेतीं?

मित्र ने मंत्र आजमाया। उस दिन बहस वहीं समाप्त हो गई। हालाँकि यह मत समझिए कि वैवाहिक जीवन की हर समस्या का समाधान एक वाक्य में संभव है। मंत्र काम कर जाए तो पति की बुद्धिमानी और न करे तो पत्नी की दूरदर्शिता समझिए। मुफ्त की सलाह की यही विशेषता है—उसकी कोई गारंटी नहीं होती।

इसी बीच एक सज्जन ने गंभीर प्रश्न उठाया—करवा चौथ और चौथ वसूली में कोई संबंध है क्या? प्रश्न जोखिम भरा था। मैंने उन्हें समझाया कि शब्दों के अर्थ तलाशने से पहले प्रसंग की गंभीरता समझिए। करवा चौथ पर चंद्रमा की प्रतीक्षा होती है, जबकि गृहस्थी में कभी-कभी पति को पत्नी के चेहरे का मौसम देखकर ही अपनी अगली बात तय करनी पड़ती है।

कुछ पतियों की शिकायत है कि बाजार में महिलाओं के कारण ही इतनी चहल-पहल है। कभी वस्त्र, कभी आभूषण, कभी सजने-सँवरने का सामान—खर्चों की सूची लंबी होती जाती है। बेचारे पति अपनी पुरानी कमीज और पतलून में वर्षों निकाल देते हैं, जबकि पत्नी का परिधान मौसम, अवसर और मनोदशा के अनुसार बदलता रहता है।

उनसे पूछिए कि विवाह के समय पत्नी की सुंदरता पर इतना मोहित कौन था? तब तो हर नई साड़ी पर तारीफों के पुल बाँधते थे। अब वही साड़ी बजट की दुश्मन कैसे हो गई? प्रेम में खर्च हुआ तो उपहार, गृहस्थी में हुआ तो अपव्यय! पति की अर्थव्यवस्था और पत्नी की सौंदर्य-दृष्टि का यह संघर्ष शायद अनादिकाल से चल रहा है।

सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकती है मिलावटी मिठाइयां

दिवाली पर्व के कारण दुकानों पर रंगीन मिठाई बनाने का काम तेजी से चल रहा है। काफी दुकानें ऐसी हैं जो सिर्फ त्योहार के इर्द गिर्द ही खुलती हैं। दुकानों पर बिकने वाली इन मिठाईयों से बीमार होने का खतरा अधिक है। मिलावटी मिठाई सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। मिठाइयों में जो चीजें मिलाई जाती हैं, उससे पाचन तंत्र के साथ-साथ किडनी पर भी असर पड़ेगा। आंत में इंफेक्शन होने से पेट खराब हो जाता है।

घटिया खोये का होता है इस्तेमाल

मिठाई की बात करें तो इसमें घटिया खोये का इस्तेमाल किया जाता है। कई दिनों के रखे हुए खोये को गरम कर उसे ताजा बनकर बेच दिया जाता है। जरूरी है कि जांच परख कर ही खाद्य पदार्थ खरीदें। इसे अच्छा दिखाने तथा महक के लिए कई तरह के केमिकल का उपयोग होता है, जो शरीर के लिए हानिकारक हैं।

देखकर खरीदें चांदी के वर्क की मिठाई

दुकानों पर चांदी की तर्ज पर एल्यूमीनियम की वर्क चढ़ाकर मिठाई बेची जा रही हैं। यह वर्क सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। अंगुली में रगड़ने पर छाप छोड़ने से



इसकी पहचान की जा सकती है। अंगुली रगड़ने पर वर्क गायब हो जाता है।एक?सपर्ट ने बताया कि त्योहार पर अपने मिलने वालों को ज्यादा रंगीन मिठाई न दें। यह जरूर ध्यान दें कि मिठाई कब की बनी है और कब तक इसका सेवन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दूध में यूरियाजैसी खतरनाक चीज की मिलावट हो रही है।

कैंसर होने का भी खतरा

इसके अलावा मिठाइयों में रंगों का इस्तेमाल होता है। खाने वाले रंग का यूज हो तो यह घातक नहीं है। जानकारों के मुताबिक, मिठाइयों में सामान्य रंगों का भी इस्तेमाल हो रहा है। रंगों में कार्बन व भारी मेटल होते हैं। यह सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके चलते एलर्जी, अस्थमा बीमारी होती है। लंबे समय तक ऐसी मिठाई खाने से कैंसर भी हो सकता है।

किससे क्या खतरा

- कास्टिक सोडाः ब्लड प्रेशर बढ़ता है
- यूरियाः लिवर व किडनी खराब होने का खतरा
- रंग- एलर्जी, अस्थमा, किडनी खराब होने व कैंसर का खतरा
- उबले आलू, शकरकंदः पेट खराब होना, आंतों में इंफेक्शन उर्वरकचुनें

ये बरतें सावधानी

- रंग-बिरंगी मिठाइयां खरीदने से बचें
- त्योहार के दिन घर पर ही मिठाई बनाएं
- बाजार में बनी चीजों से परहेज करें शुगर पेशेंट मिठाई खाने से बचें

धर्म-आस्था

सपने में आग देखना क्या देता है संकेत?

कभी-कभी कुछ सपने मन में कई सवाल छोड़ जाते हैं और उनमें से एक है सपने में आग की लपटें देखना। सपने में आग देखना कोई सामान्य बात नहीं होती, जिसके कारण जब कोई व्यक्ति सपने में आग देखता है, तो उसके मन में यह जानने की इच्छा होती है कि क्या यह किसी शुभ घटना का संकेत है या जीवन में आने वाली किसी चुनौती का प्रतीक। हालांकि, सपने में किसी ने आग को किस तरह देखा है, इससे सपने के अर्थ पर प्रभाव पड़ता है। तो, चलिए जानते हैं सपने में अलग-अलग परिस्थितियों में आग देखने का अर्थ - सपने में आग देखने का आध्यात्मिक अर्थ

आध्यात्मिक दृष्टि से आग को ऊर्जा, शुद्धि, परिवर्तन और चेतना का प्रतीक माना जाता है। जिस तरह अग्नि किसी वस्तु का रूप बदल देती है, उसी तरह सपने में आग दिखाई देना जीवन में बदलाव, पुरानी आदतों को छोड़ने या नई शुरूआत करने की इच्छा से जोड़ा जा सकता है। हो सकता है कि आप जीवन के किसी ऐसे दौर से गुजर रहे हों, जहां पुरानी सोच और परिस्थितियों से आगे बढ़ने की जरूरत महसूस कर रहे हों। ऐसे में आग का सपना आपके भीतर चल रहे भावनात्मक बदलावों का प्रतीक हो सकता है। हालांकि, हिंदू धर्म में भी अग्नि तत्व का विशेष महत्व है। यज्ञ, हवन और विवाह जैसे अनेक धार्मिक संस्कारों में अग्नि की उपस्थिति महत्वपूर्ण मानी जाती है। तो, सपने में आग देखना किस तरह का संकेत दे रहा है, इसकी व्याख्या इस बात पर निर्भर करती है



कि आग किस रूप में दिखाई दी और सपना देखते समय व्यक्ति को कैसा महसूस हुआ।

1. सपने में हवन या पूजा की अग्नि देखना

हिंदू धर्म में अग्नि को पवित्रता और देवताओं तक आहुति पहुंचाने वाले माध्यम के रूप में सम्मान दिया जाता है। यदि सपने में आप हवन कुंड, पूजा की अग्नि या मंदिर में जलती हुई लौ देखते हैं, तो आध्यात्मिक प्रतीकवाद के अनुसार इसे श्रद्धा, आत्मचिंतन और मन की शुद्धि से जोड़कर देखा जा सकता है। आध्यात्मिक रूप से यह पुराने कर्मों और नकारात्मकता के नाश का प्रतीक है।

2. सपने में घर में आग लगते देखना

घर को अक्सर सुरक्षा, परिवार और व्यक्तिगत जीवन से जोड़कर देखा जाता है। इसलिए सपने में अपने घर को आग में जलते देखना व्यक्ति के मन में डर या बेचैनी पैदा कर सकता है। प्रतीकात्मक दृष्टि से ऐसा सपना परिवार से जुड़ी चिंताओं, जीवन में अस्थिरता की भावना या किसी बड़े बदलाव को लेकर मन में चल रहे तनाव को दर्शा सकता है। कभी-कभी यह सपना इस बात से भी जुड़ा हो सकता है कि व्यक्ति अपनी मौजूदा परिस्थितियों को लेकर असहज महसूस कर रहा है।

3. सपने में आग की तेज लपटें देखना

तेज लपटों वाली आग शक्ति, तीव्र भावनाओं और ऊर्जा का प्रतीक हो सकती है। यदि सपने में आग बहुत तेजी से फैलती दिखाई देती है, तो यह आपके जीवन में किसी ऐसी परिस्थिति का प्रतीक हो सकती है जो आपको नियंत्रण से बाहर महसूस हो रही है। दूसरी ओर, यदि आग की लपटें देखकर आपको डर के बजाय आश्चर्य या उत्साह महसूस होता है, तो यह किसी लक्ष्य के प्रति आपकी तीव्र इच्छा या रचनात्मक ऊर्जा से भी जुड़ा हो सकता है।

4. सपने में आग बुझाते हुए देखना

यदि आप सपने में आग बुझाने की कोशिश करते हैं, तो इसका प्रतीकात्मक संबंध किसी समस्या को सुलझाने या कठिन परिस्थिति पर नियंत्रण पाने की इच्छा से हो सकता है। संभव है कि वास्तविक जीवन में आप किसी विवाद को शांत करना चाहते हों या ऐसी परेशानी से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हों जो आपको मानसिक रूप से परेशान कर रही है।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी- टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

1 नवंबर से होगी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

शुजालपुर। शहर में 70वीं शालेय राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 5 नवंबर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता मां शारदा सांदीपनि विद्यालय,शुजालपुर में होगी। इसमें मध्यप्रदेश के सभी दस संभागों की टीमें हिस्सा लेंगी। खेल शिक्षक आनंद परमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संभागों के बालक एवं बालिका खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

वृंदावन ग्राम में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरुस्कार के लिए दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता

शुजालपुर। जिले के वृंदावन ग्राम तिलावद गोविंद, मदाना एवं भैंसायागढ़ा में आगामी सप्ताह दो दिवसीय दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उप संचालक पशुपालन डॉ. प्रशांत महाडिक ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना अंतर्गत होने वाली इस प्रतियोगिता में भारतीय उन्नत या देशी नस्ल की ऐसी दुग्धारू गायों के पशु पालक भाग ले सकेंगे, जिनके ग्राम का दैनिक दुग्ध उत्पादन 6 लीटर प्रति दिवस या उसके अधिक हो। सभी वर्गों के पात्र पशुपालक निर्धारित आवेदन पत्र में अपने गाय का पंजीयन करा सकेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1 लाख, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार, तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपए निर्धारित हैं। जिला प्रशासन ने पात्र पशुपालकों को पंजीयन कराकर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

देवास में किराए के मकान में मिला बुजुर्ग का शव

देवास। बावड़िया में किराए के मकान में रहने वाले 62 साल के वली उल्लाह का शव सोमवार दोपहर उनके घर के अंदर मिला। वह पिछले दो दिन से घर से बाहर नहीं निकले थे। मकान से बदबू आने पर उनके परिचितों को शक हुआ। गेट बंद होने पर उसे कटवाकर अंदर देखा गया, तो वली उल्लाह मृत मिले। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिचितों को सौंप दिया गया। मकान मालिक पवन सिंह पवार ने बताया कि वली उल्लाह कंपनियों में हम्माली का काम करते थे। उन्हें अस्थमा की शिकायत भी थी। वह बीमार भी रहते थे। 12 साल से वे इस मकान में किराए पर रह रहे थे।

दीपावली पर्व की तैयारी के बीच बढ़ी परेशानी, नगर पालिका की जवाबदेही पर सवाल

2 फिल्टर प्लांट व 12 से ज्यादा टंकियों के बावजूद जलसंकट, 6 दिन से प्यासा शहर, टैंकर के दाम भी बढ़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



दीपावली पर घरों की सफाई करें या पानी का इंतजाम, शहर के कई परिवारों के सामने यह संकट खड़ा हो गया है। 6 दिन से अधिक समय तक जल प्रदाय प्रभावित रहने से लोगों को टैंकरों के भरोसे रहना पड़ा। आम दिनों में 200 रुपए में मिलने वाला टैंकर अब 300 रुपए तक में मिल रहा है। करीब एक लाख की आबादी वाले शहर में बामनघाट बांध लबालब,दो फिल्टर प्लांट और 12 से अधिक पानी की टंकियां होने के बावजूद जलापूर्ति ठप होना नगर पालिका की तैयारी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है।

बामनघाट बांध पर पानी खींचने वाला मोटर पंप खराब हुआ तो जल प्रदाय प्रभावित हो गया। पंप बदलकर चालू किया गया, लेकिन इसके बाद जटाशंकर स्थित फिल्टर प्लांट का ट्रांसफार्मर बिना लोड के फॉल्ट हो गया। जल प्रदाय शाखा प्रभारी प्रेम सिंह थापा के अनुसार, दूसरी तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बहाल होने में देरी हुई। नगर पालिका के पास आपात स्थिति के लिए अतिरिक्त पंप होने की जानकारी है, फिर भी वैकल्पिक इंतजाम समय पर नहीं हो सके। पंप में पहले भी खराबी आ चुकी है। ऐसे में सवाल है कि बार-बार सामने आने वाली समस्या का स्थायी समाधान क्यों नहीं किया गया, जलापूर्ति कब बहाल होगी, इसकी समय पर सूचना भी नागरिकों को नहीं मिली।

शहर की पेयजल व्यवस्था के लिए तीन बांध, दो फिल्टर प्लांट, दो नदियां और 12 से अधिक टंकियां हैं। नेवज नदी में पर्याप्त पानी होने की जानकारी के बावजूद जलसंकट पैदा होना चिंता बढ़ाता है। अल्पवर्षा वाले इस वर्ष में शीत ऋतु की शुरूआत में ही ऐसी स्थिति बनना आगामी गर्मी के लिए चेतावनी है। नगर पालिका को उपकरणों के नियमित रखरखाव, वैकल्पिक पंप और जलस्रोतों के बेहतर प्रबंधन पर ध्यान देना होगा, ताकि एक खराबी से पूरी व्यवस्था ठप न हो।

रविवार दोपहर बाद सिटी क्षेत्र में जल प्रदाय शुरू होने की जानकारी मिली। जल प्रदाय शाखा प्रभारी प्रेम सिंह थापा के अनुसार सिटी क्षेत्र में आपूर्ति के बाद मंडी क्षेत्र की टंकियां भरी जाएंगी। इसके बाद मंडी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सोमवार को दोपहर 12 बजे के बाद जल प्रदाय होने की संभावना जताई गई है। नागरिकों को अब आपूर्ति सामान्य होने का इंतजार है।

पानी के लिए जेब पर बढ़ा बोझ

शहर में सामान्य तौर पर दो दिन छोड़कर जल प्रदाय होता है और नलों से महज 40 से 45 मिनट पानी मिलता है। कई दिन आपूर्ति बाधित रहने से टैंकरों की मांग बढ़ गई। कुछ नागरिक अपने निजी नलकूपों से आसपास के रहवासियों को पानी उपलब्ध करा रहे हैं और बिजली का खर्च भी स्वयं उठा रहे हैं। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए लोगों को महंगे टैंकरों पर निर्भर होना पड़े तो व्यवस्था की निगरानी और जवाबदेही तय होना जरूरी है।



मिर्ची से भरी पिकअप पुलिया में घुसी, केबिन काटकर चालक को सुरक्षित निकाला

शाजापुर। मक्सी बाईपास रेलवे ब्रिज के पास एक अनियंत्रित पिकअप वाहन सीधे पुलिया में जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलते ही राहत टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्राइंडर से वाहन की बॉडी काटकर घायल चालक को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। हादसा रविवार तड़के करीब 4:30 बजे हुआ। नंदुरबार महाराष्ट्र से हरी मिर्ची भरकर ग्वालियर जा रहा पिकअप वाहन जैसे ही मक्सी बाईपास रेलवे ब्रिज से आगे निकला, चालक का नियंत्रण खो गया और गाड़ी सीधे पुलिया से टकराते हुए उसमें जा धंसी। अंधेरा होने और वाहन के बुरी तरह पिचक जाने के कारण अंदर फंसे चालक की जान पर बन आई। घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत 1033 एंबुलेंस और पुलिस प्रशासन को अलर्ट किया गया। मौके पर पहुंचे स्टाफ पायलट मुबारिक खान, हेड कांस्टेबल दिनेश मीणा और 1033 एंबुलेंस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया। केबिन में बुरी तरह दबे चालक को निकालने के लिए ग्राइंडर मशीन मंगवाई गई। लोहे की चादरों और एंगल को काटकर चालक को सुरक्षित बाहर खींच लिया गया। घायल चालक की पहचान बड़ापुरा (जिला भिंड) निवासी विजय कुमार पिता राम बहादुर सिंह के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद 1033 एंबुलेंस की मदद से उसे तुरंत जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। समय रहते मिली मदद से चालक की जान बच गई।

31 अक्टूबर को 30वाँ चरण होगा आयोजित

जामनेर में सुंदरकांड सम्पन्न, एसडीओपी, तहसीलदार सहित गणमान्यजन हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



सार्वजनिक श्रीकृष्ण मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर जामनेर में 21 सुंदरकांड महाअनुष्ठान का आठवां चरण श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। वर्ष 2026 का यह आठवां और दोनों वर्षों को मिलाकर 29वां चरण था। आयोजन में शुजालपुर एसडीओपी निमेष देशमुख, तहसीलदार मुकेश सांवले, अधिवक्ता रामचंद्र सोनी और अभिभाषक संघ उपाध्यक्ष जयप्रकाश मीणा सहित गणमान्यजन शामिल हुए।

वक्ताओं ने संकल्पकर्ता एडवोकेट अमित मालवीय की पहल की सराहना करते हुए इसे धर्म,संस्कार और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने वाला प्रयास बताया। कार्यक्रम में हुकुमसिंह गुर्जर सहित अन्य गायकों ने देवनारायण और सांवरिया सेठ के भजनों की प्रस्तुति दी। जय श्री सीताराम सुंदरकांड मंडली,धाकड़ खेड़ा ने सुंदरकांड पाठ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के बाद भोजन प्रसादी वितरित की गई। सुंदरकांड श्रृंखला के संकल्पकर्ता एडवोकेट अमित मालवीय ने बताया कि आगामी 31 अक्टूबर को टेकरे वाले हनुमान मंदिर,जामनेर में वर्ष 2026 का नौवां और दोनों वर्षों को मिलाकर 30वां चरण आयोजित होगा। आयोजक मंडल ने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने की अपील की।



73.85 लाख के नर्मदा पाइप चोरी में 5 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

शाजापुर पुलिस ने 73.85 लाख रुपए के नर्मदा पाइप चोरी मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन राज्यों से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 37 नर्मदा पाइप, दो आयशर वाहन, एक क्रेन मशीन, एक कार और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। एसपी प्रियंका शुक्ला ने इस कार्रवाई की जानकारी दी।

पुलिस को पोलायकलां-पीपलरावा रोड पर मुखबिर से सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर दो आरोपियों को पाइप लोड करते हुए पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने तीन और लोगों के शामिल होने की बात कबूली, जिसके बाद उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार हुए आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में नरबत सिंह (गुजरात), इरफान (बिहार), इरशाद उर्फ सोनू (धार), मोहम्मद अलीम और मोहम्मद अरशे (दोनों जबलपुर) शामिल हैं। पुलिस ने इन आरोपियों को गुजरात, बिहार और मध्य प्रदेश से पकड़ा है। मामले की आगे की जांच जारी है।

भेरू महाराज मंदिर में शरद पूर्णिमा पर कन्या भोज का आयोजन, श्रद्धालुओं ने लिया प्रसादी का लाभ



शाजापुर। शहर के भंसाली मोहल्ला स्थित प्राचीन भेरू महाराज मंदिर में शरद पूर्णिमा पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में कन्याओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत रविवार सुबह मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना, आरती और महाप्रसादी के भोग के साथ हुई। इसके पश्चात छोटी कन्याओं को आमंत्रित कर उनका चरण वंदन किया गया और सम्मानपूर्वक भोज कराया गया। कन्याओं को भोजन कराने के बाद दक्षिणा एवं उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। शरद पूर्णिमा पर आयोजित इस भंडारे में मोहल्ले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भी प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय युवाओं ने सेवा भाव से व्यवस्था संभाली, जिससे पूरा कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में सभी उपस्थित भक्तों को शरद पूर्णिमा की विशेष प्रसादी वितरित की गई।

संघ के पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने दिया अनुशासन- एकता का संदेश

अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला गया। सुबह 9 से 12 बजे तक चले इस संचलन में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। उन्होंने अनुशासन, एकता और संगठन का संदेश दिया।

नागरिकों ने उत्साह से संचलन देखा। यह कृषि उपज मंडी परिसर से शुरू होकर महाराणा प्रताप बस स्टैंड, टप्पा चौराहा, झंडा चौक, टेंशन चौराहा, जाटपुरा और झीन कॉलोनी से गुजरा। पथ संचलन का शुभारंभ भारत माता के पूजन और ध्वज सम्मान के साथ हुआ। स्वयंसेवकों की एकरूपता और अनुशासित कदमताल आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में पूर्व पशु चिकित्सक डॉ. विक्रम जायसवाल मुख्य अतिथि रहे। नगर कार्यवाह राजेंद्र राजपूत और खंड प्रचारक शुभम सोनेर ने भी संबोधित किया। संचलन का उद्देश्य संगठन और सामूहिकता का संदेश देना था।

ग्राम विकास व सामाजिक सरोकारों में निभाएं सक्रिय भूमिका

'शक्ति संचय प्रशिक्षण' में 40 प्रतिभागियों ने लिया भाग, शासकीय योजनाओं पर हुआ मंथन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था ह्यकंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटीह्न द्वारा आदर्श नवीन नगर स्थित संस्था कार्यालय में सेक्टर स्तरीय ह्यशक्ति संचय प्रशिक्षणह्न का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों एवं नवांकुर सखियों सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बसंत रावत ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण विकास की मजबूत धुरी हैं। उन्होंने समितियों को नियमित बैठकें आयोजित करने, सभी कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बरतने तथा गांव के समग्र विकास में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीकेएनएस कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. प्रकाश बर्फा ने की, जबकि जिला एवं सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय गोस्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। प्रशिक्षण सत्रों में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों की व्यावहारिक जानकारी दी। अधिवक्ता संजय गोस्वामी ने विधिक जागरूकता, कानूनी अधिकारों और सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डाला। वहीं राजेंद्र डोडिया ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के पारंपरिक तरीकों पर जोर दिया। तृप्ति मिश्रा ने पर्यावरण संतुलन, ऋतु मेवाड़ा ने संस्थागत दस्तावेज संधारण तथा अजय परमार ने आमजन तक शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के तौर-तरीके साझा किए।

प्रमाण-पत्र वितरण के साथ हुआ समापन

सत्र के समापन पर सभी 40 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान चंचल योगी, रामवती यादव, सरिता यादव एवं सीमा नागर सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। आभार कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी के प्रतिनिधि नवीन चंद्र वर्मा ने माना।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कैलाशचन्द्र श्रीमाली पिता स्व. बाबूलाल श्रीमाली एवं बालकृष्ण जैन पिता स्व. बाबूलाल जैन निवासी-45-ए, स्वास्तिक नगर हरिफाटक नानाखेड़ा रिंग रोड़ उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य के मकान नं. 21 स्थित खुदीराम बौसमार्ग, वार्ड नं. 32 झोन नं. 3 उज्जैन जिसमें होटल कैलाशम जो यात्री के निवास आदि के लिए संचालित हो रही है को क्रय करने बाबत सौदा किया है जिसका कुल क्षेत्रफल 49.70 वर्गमीटर होकर होटल तल सहित दो मंजिला होकर जिसकी लंबाई 26 फीट 3 इंच, 28.03 फीट तथा चौड़ाई 18 फीट 9 ईंच होकर पूर्व में मकान मोहम्मद बक्ष, पश्चिम में-गली आम, उत्तर में रोड़, दक्षिण में -मकान मोहम्मद बक्ष का होकर क्रय करने का सौदा किया है और इसके संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा टोकन अदा कर सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार ने उक्त होटल कैलाशम जिसमें यात्री के निवास हेतु होटल संचालित हो रही है अनुबंध पत्र/विक्रय पत्र का निष्पादन पंजीयन शीघ्र ही पक्षकार के हित में कराने वाले है। यदि उक्त भवन जिसमें होटल का संचालन हो रहा है में किसी अन्य व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के संबंध में अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवम् कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन में 5 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्र अपने पक्ष में करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगी । सूचित हो । इति दिनांक 27/10/2026

उमेश शर्मा एडवोकेट
कार्यालय-84/1, विष्णुपुरा, आई.सी. आई.सी.आई. बैंक की गली तीनबत्ती चौराहा उज्जैन
मोबा-98272-17353

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती राजश्री पत्नी श्री सुमेरसिंह जाति-राजपूत निवासी-ग्राम भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर-96 रकबा 0.48 हैक्टर में से रकबा 0.28 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-26.10.2026

कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर
सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मोबा. 98268.87494

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री वंश यादव पिता श्री प्रमोद यादव, कृषक ग्राम ताजपुर, तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-1620/1/2/1/1/1/1 (S) रकबा 0.0408 हेक्टर ग्राम ताजपुर, प. ह. नं.-68 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-26.10.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 94259-46659

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामिनी श्रीमती सुसम्मा सोलोमन पति श्री थामस सोलोमन, आयु 65 वर्ष, निवासी- NW-7, सेठी नगर, उज्जैन के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 294 का पूर्व दिशा वाला भाग स्थित सेठी नगर, उज्जैन में है। जिसका कुल क्षेत्रफल 46.48 वर्गमीटर एवं निर्मित टीनशेड क्षेत्रफल 40.00 वर्गमीटर है। जिसकी चतुःसीमा इस प्रकार है, जिसके पूर्व में भवन क्रमांक 295, पश्चिम में- भूखण्ड/भवन क्रमांक 294 का भाग, उत्तर में 30 फीट कॉलोनी की सड़क एवं दक्षिण में भवन क्रमांक 265 है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है, सिर्फ शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराना बाकी है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 24-10-2026, स्थान उज्जैन

गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट
दुकान नंबर- डीएफ-7, भरतपुरी शॉपिंग कॉम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन मोबाईल नंबर- 99260-68606

न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

प्रकरण क्र.मांक 160/2026 विविध
श्रीमती रेखा बाई पति महेश मालवीय आदि समस्त निवासी ग्राम डूंगलाय, पोस्ट - ढाबला घोसी, तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर (म.प्र.)
विरूद्ध
नेशनल इंश्योरेन्स कं०लि० द्वारा प्रबंधक, मण्डल कार्यालय, श्वेत मार्केट दशहरा मैदान उज्जैन

सूचना-पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक महेश मालवीय पिता भंवर जी की मृत्यु दिनांक 04.11.2018 को घटित दुर्घटना में हुई थी जिसके मृत्यु मुआवजे बाबद् रुपए 15,26,291-00 (पन्द्रह लाख छब्बीस हजार दो सौ इक्यानवे मात्र) नेशनल इंशुरेन्स कं०लि० द्वारा जमा किये गये।

अतः मृतक के कोई भी आश्रित हों तो वे अपना हक प्रार्थना पत्र के साथ अटेस्टेड फोटो सहित दिनांक 27.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे श्रम न्यायालय कोठी प्रांगण उज्जैन में प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी व बाद में सुनवाई नहीं होगी। मृतक के आश्रित होने संबंधि अटेस्टेड फोटो तथा पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र भी साथ लावें।

मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से आज दिनांक 26.10.2026 को जारी किया गया।

(नीरज कुमार प्रजापति)
न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

प्रकरण क्र.मांक 158/2026 विविध
ओम नारायण पिता रतन आयु 50 वर्ष व अन्य 1 निवासीगण 33 हेलाबाडी जिला उज्जैन
विरूद्ध
कमला इण्डस्ट्रीज निजातपुरा उज्जैन द्वारा प्रोयायटर अरविन्द कुमार कौशिक आदि

सूचना-पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक राधाबाई पति ओम नारायण की मृत्यु दिनांक 17.03.2019 को घटित दुर्घटना में हुई थी जिसके मृत्यु मुआवजे बाबद रुपए 11,56,746-00 (ग्यारह लाख छप्पन हजार सात सौ छियालीस मात्र) दी ओरिएन्टल इंशुरेन्स कं०लि० द्वारा जमा किये गये।

अतः मृतक के कोई भी आश्रित हों तो वे अपना हक प्रार्थना पत्र के साथ अटेस्टेड फोटो सहित दिनांक 17.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे श्रम न्यायालय कोठी प्रांगण उज्जैन में प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी व बाद में सुनवाई नहीं होगी। मृतक के आश्रित होने संबंधि अटेस्टेड फोटो तथा पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र भी साथ लावें।

मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से आज दिनांक 26.10.2026 को जारी किया गया।

(नीरज कुमार प्रजापति)
न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, सपना (SAPNA) पत्नी सुनील कुमार शर्मा, जन्म तिथि 01 जनवरी 1973, आयु 53 वर्ष, निवासी एल-97 सिन्द्रीवान शाही धरमशाला पटेल नगर अंकपात मार्ग, उज्जैन-456006 (मप्र) का होकर मेरे द्वारा आज दिनांक से मेरा नाम शोभा शर्मा (SHOBHA SHARMA) बदलने का निर्णय लिया गया है। सपना (SAPNA) और शोभा शर्मा (SHOBHA SHARMA) एक ही व्यक्ति हैं। आज से मैं सभी शासकीय एवं अन्य प्रयोजनों हेतु शोभा शर्मा (SHOBHA SHARMA) के नाम से जानी जाऊँगी।

पुराना नाम- सपना
नया नाम- शोभा शर्मा

न्यूज -कॉलम

पुत्र ने विवाद किया तो मां ने खाया जहरीला पदार्थ

उज्जैन। आगर मालवा के नलखेडा स्थित ग्राम नानियाखेडी में रहने वाली रेशमबाई पति रामलाल 60 वर्ष को जहरीला पदार्थ खाने के बाद परिजन रविवार रात उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में सोमवार तडके रेशमबाई की मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि रेशमबाई का पुत्र शराब पीकर घर लौटा था और विवाद किया था। पुत्र के साथ विवाद करने और हाथ उठाने से आहत होकर रेशमबाई ने घर में फसल में डालने के लिये रखा कीटनाशक गटक लिया था। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार मामला आगर मालवा का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये नलखेडा थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

जहर खाकर 12 वीं की छात्रा ने किया जीवन का अंत

उज्जैन। ग्राम मलवासा की रहने वाली पूजा पिता ईश्वर 17 साल ने रविवार को जहर की गोलियां खा ली। उसकी हालत बिगडने पर परिजनों ने पूछताछ की तो उसने मां को बताया कि सल्फास की गोली खाई है। परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंचे। जहां रात में मौत हो गई। सुबह पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि दोपहर तक पूजा बिल्कुल ठीक थी, वह दादा नागूलाल को खाना देने खेत पर गई थी, वापस लौटने पर कमरे में जाकर सो गई थी। कुछ देर बाद उल्टियां करने पर मां ने उससे पूछा तो जहर खाना बताया था। परिजनों का कहना था कि 12 का अध्ययन कर रही थी। उसने कभी कोई परेशानी नहीं बताई। ऐसा कदम क्यों उठाया इसका पता नहीं है।

मोबाइल हैक होने के बाद खाते से निकले 51 हजार

उज्जैन। ऑनलाइन खातों से राशि निकलने के मामले कम नहीं हो रहे है। साइबर ठगों द्वारा लगातार धोखाधडी की जा रही है। इंगोरिया के ग्राम रणवा में रहने वाले अजय पिता राधेश्याम सोलंकी का मोबाइल अचानक 16 अक्टूबर को हैक हो गया था। एक दिन बाद उसके खाते से 51 हजार रूपये निकलने का मैसेज मिला। अजय ने ऑनलाइन हुई धोखाधडी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नम्बर पर दर्ज कराई। मामला इंगोरिया पुलिस के पास पहुंचा तो मामले में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। पुलिस का कहना था कि अजय द्वारा एपीके फाइल पर क्लिक किया था। जिसके बाद मोबाइल हैक हुआ अनाधिकृत तरीके से राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है। एक मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहने वाले विवेक पिता भंवरलाल चौपरिया के साथ मई माह में हुआ। उसके पास दो क्रेडिट कार्ड थे। मोबाइल पर कॉल आया और कहा गया कि दो क्रेडिट कार्ड एक कर दिये जायेगें। लिंक भेजी है, जिस पर जानकारी भरकर भेजना होगी। विवेक ने लिंक ओपन की और खाते से 90 हजार का ट्रांजेक्शन हो गया। उसके द्वारा ऑनलाईन साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की गई थी। पांच माह बाद मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

मप्र शासन लिखी गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर

उज्जैन। इंदौररोड स्थित तपोभूमि चौराहा पर मध्यप्रदेश शासन एसओडी लिखी बोलेरो गाडी ने सडक किनारे खडी 2 से 3 बाइक को टक्कर मार दी। बाइक क्षतिग्रस्त होने पर लोगों को गुस्सा फूट पडा। उन्होने मध्यप्रदेश शासन लिखी गाडी रोक ली। चालक भाग निकला था। हंगामे की खबर मिलने पर नानाखेडा थाना पुलिस तपोभूमि पहुंची और मामले में क्षतिग्रस्त बाइक चालकों को शिकायत दर्ज कराने के लिये कहा। कृष्णा परिसर नानाखेडा पर रहने वाले कृष्ण कुमार पिता अभय नारायण मिश्र ने अपनी बाइक क्षतिग्रस्त होने पर मामले में शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि बोलेरो चालक ने सुनील पाटीदार और श्रवण नाथ की बाइक को भी टक्कर मारी थी। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर इस बात का जानकारी जुटाई जा रही है कि गाडी कौन चला रहा था और कहा अटैच है।

गाड़ी लगाने पर आारोपियों ने युवक को मारा चाकू

उज्जैन। जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के अन्नपूर्णा मंदिर के पीछे अशोक प्रजापत का भट्टा बना हुआ है। जहां रात में जानसापुरा आजाद मार्ग पर रहने वाला यासिर पिता जाकीर हुसैन अपनी गाडी रखने पहुंचा था। उसी दौरान वहां मौजूद कुछ युवकों ने गाडी लगाने की बात को लेकर विवाद किया और यासिर के साथ गाली गलौच करते हुये चाकू मार दिया। घायल यासिर को उसका साथी इमरान पिता अब्दुल गफ्फार अस्पताल लेकर पहुंचा। पुलिस ने इमरान की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

दिन	259-6	170-8
मेन बाजार	478-9	349-6
कल्याण नाइट	368-7	289-9
मिलन डे	579-1	238-3
मिलन नाइट	360-9	678-1
मधुर डे	790-6	370-0
मधुर नाइट	559-9	117-6
शुभांक	8 6	3

माकडोन में किसान की हत्या, 2 आरोपी हिरासत में.....

विवाद होने पर दी थी धमकी, 4 दिन बाद किया हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जमीन को लेकर हुये विवाद में भाईयों ने जान से मारने की धमकी दी। 4 दिन बाद रात के समय दूध देने जा रहे युवक पर हमला कर दिया। गंभीर घायल युवक को परिवार उज्जैन लेकर आया। जहां उसकी मौत हो गई। प्राणघातक हमले का मामला हत्या में तब्दील किया गया है।

माकडोन के थाना क्षेत्र के ग्राम भरियाखेडी में रहने वाला जीवन पिता रामकिशन शर्मा 40 साल खेती किसानी का काम करता था। रविवार रात 8 बजे वह घर से दूध देने के लिये ग्राम पाट बाइक से निकला था। रास्ते में छापरे की पुलिया के पास उस पर बाबूलाल, नंदकिशोर, विरेन्द्र और कृष्णपाल ने घेर लिया। चारों ने लोहे की रॉड, डंडे से जानलेवा हमला किया और भाग निकले। जीवन पर हमला होने की खबर मिलने पर परिवार पहुंचा और उसे गंभीर हालत में उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर आया। कुछ घंटे चले उपचार के बाद रात 3.30 बजे के लगभग जीवन की मौत हो गई। हमला होने के बाद पुलिस मामले में जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर चुकी थी। सोमवार सुबह मौत की खबर मिलने पर प्रकरण को हत्या में बदला गया है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि हमले के बाद ही विरेन्द्र और कृष्णपाल को हिरासत में ले लिया गया था। उनके परिवार के दो सदस्यों बाबूलाल और नंदकिशोर की तलाश की जा रही है।

मामूली विवाद में हुई थी मारपीट

बताया जा रहा है कि दशहरा पर्व पर ट्रेक्टर से खेत हांकने के दौरान बाबूलाल के खेत का कुछ हिस्सा खुद गया था। जिसके चलते उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई थी। मामूली रूप से थप्पड-मुक्कों से मारपीट हुई थी। जीवन ने बाबूलाल के दादाजी को थप्पड मार दिया था। उस दौरान बाबूलाल ने जान से मारने की धमकी दी थी। दोनों परिवार में राजीनामा होने पर मामला पुलिस के पास तक नहीं पहुंचा था।

थप्पड मारने का बदला हत्या कर लिया

बताया जा रहा है कि बाबूलाल अपने दादाजी को थप्पड मारने पर काफी गुस्सा हो गया था, उसे ठान लिया था कि वह जीवन की हत्या कर देगा। दोनों परिवार में राजीनामे के बाद भी वह चार दिनों से जीवन पर खुन्नस रख रहा था। उसने योजना बनाई और रात में दूध लेकर निकले जीवन को पुलिया के सुनसान रास्ते पर घेर भाईयों के साथ मिलकर हमला कर दिया।

3 बच्चों का पिता था मृतक जीवन

सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि जीवन 3 बच्चों का पिता था। आरोप लगाया गया कि हमला करने के दौरान आरोपियों के पास बंदूक थी। जिससे मारा गया, लेकिन गोली लगाने की पुष्टि पोस्टमार्टम के दौरान नहीं हुई है। जीवन कांग्रेस से जुड़ा था। पोस्टमार्टम के दौरान कांग्रेस विधायक महेश परमार अस्पताल पहुंचे थे।

आईटी टेस्टः चार जिलों के अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



70 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 के अंतर्गत सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में उज्जैन रेंज स्तरीय सूचना प्रौद्योगिकी दक्षता प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें उज्जैन, देवास, शाजापुर और आगर मालवा जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया।

पुलिस उप महानिरीक्षक उज्जैन रेंज के निर्देश पर आयोजित प्रतियोगिता में पुलिसकर्मियों की कंप्यूटर तकनीक, सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी दक्षता और तकनीकी ज्ञान का मूल्यांकन किया गया। इसका उद्देश्य राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए योग्य प्रतिभागियों का चयन करना था। प्रतियोगिता के दौरान एएसपी (पूर्व) आलोक शर्मा, प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक प्रतीक यादव और सूबेदार स्वाति कामले उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 70 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 के अंतर्गत राज्य स्तरीय सूचना प्रौद्योगिकी दक्षता प्रतियोगिता 12 नवंबर को भोपाल में प्रस्तावित है। उज्जैन रेंज में आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से राज्य स्तर पर रेंज का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागियों के चयन की प्रक्रिया की गई। पुलिस विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक, साइबर सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पुलिसकर्मियों की दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

उज्जैन के पर्यावरण मित्र पंडित दंपति नई दिल्ली में जल प्रहरी सम्मान से अलंकृत



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वर्षा जल और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उज्जैन के पर्यावरण मित्र पंडित दंपति को नई दिल्ली में प्रतिष्ठित जल प्रहरी सम्मान से नवाजा गया है। नई दिल्ली के तीन मूर्ति भवन परिसर स्थित विश्व युवा केंद्र में आयोजित समारोह में रेवाखंड फाउंडेशन के निदेशक मिलिंद पंडित और स्वाति संवत्सर पंडित को यह गौरव प्राप्त हुआ।

पंडित दंपति ने जल संरक्षण के लिए अपनी कर्मभूमि देश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों, चंबल के बीहड़ों और मध्य भारत के सूखाग्रस्त इलाकों को बनाया। इसके अलावा उन्होंने अफ्रीकी देश इथियोपिया में भी पर्यावरण बचाने का भागीरथी प्रयास किया है। जलवायु क्षेत्र में उनके इस उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हें देश का सर्वोच्च लोक सम्मान प्रदान किया गया है।

इस भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी, राज्यसभा सांसद डॉ. अरुण सिंह, पर्यावरण गतिविधि प्रमुख गोपाल आर्य, जल पुरुष के नाम से विख्यात राजेंद्र सिंह और जैन मुनि लोकेश जी महाराज ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के निर्णायक मंडल के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन गोगोई थे।

यूथ हॉस्टेल के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि यह दंपति यूथ हॉस्टेल एसोसिएशन ऑफ इंडिया से भी सक्रिय रूप से जुड़ा है। गौरतलब है कि मिलिंद पंडित के उज्जैन निवासी दोनों अनुज आशुतोष और अमिताभ पंडित भी निरंतर पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं।

सोना बेचने का झांसा देकर की 20 लाख की धोखाधड़ी

देशी घी खरीदने के बहाने फंसाया था जाल में, पहले दिये थे 2 मोती

उज्जैन। देशी घी खरीदने के बहाने 3 लोगों ने वृद्ध को अपने जाल में फंसाया और खुदाई में मिला सोना कम कीमत में बेचने की बात कहीं। वृद्ध उनकी बातों में आ गया और 20 लाख दे दिये। लेकिन उसे ना तो सोना मिला ना ही दिये गये रूपये वापस मिल पाये। आरोपियों में एक महिला शामिल है।

पूरा घटनाक्रम मंदसौर से शुरू होकर उज्जैन तक पहुंचा। धोखाधड़ी मंदसौर के ग्राम नांदवेल निवासी परिवार के साथ सामने आई है। जो उज्जैन तक आया था। परिवार के रमेश पिता धन्ना गायरी 57 साल ने नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि 25 दिन पहले जावरा मंडी में उसे एक महिला और दो युवक मिले थे, उन्होने देशी घी खरीदने की बात कहीं। उसने देशी घी नहीं होने की बात कहीं तो उन्होने कहा कि उन्हे खुदाई में 1 किलो सोना मिला है। वह बाजार में नहीं बेच सकते है। लेकिन कम कीमत में किसी को बेच देगें। उन्होने 2 मोती और अपना मोबाइल नम्बर 8115364897 और 8112967689 दिया। उसने अपने गांव लौटकर मोती सुनार को दिखाये तो उसने सोने के होना बताया। कम कीमत में सोना मिलने के लालच में आकर उसने मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया। उन्होने बताया कि अपना नाम मानसिंह, सागर और सोनिया बताया और कहा कि उज्जैन में जेसीबी चलाते है। सोना खरीदना है तो उज्जैन आ जाओ। वह 20 लाख रूपये लेकर 15 अक्टूबर को उज्जैन आया। तीनों ने शांति पैलेस चौराहा पर आने की बात कहीं। उन्होने बातों में उलझाया और 20 लाख रूपये लेकर बिना सोना दिये भाग निकले। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार मामले में जांच के बाद रविवार रात तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। रमेश गायरी को उन्होने भोपाल का रहने वाला बताया था।

तलाश में पता चला रतलाम में पकड़ाये

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश शुरू की गई तो पता चला कि कुछ दिन पहले तीनों आरोपी रतलाम पुलिस की गिरफ्त में आ गये थे। उन्होने रतलाम में ठगी को अंजाम दिया था। यह भी पता चला कि इसी तरह की ठगी नागदा पुलिस को भी एक किसान द्वारा कुछ दिन पहले दर्ज कराई गई थी। उसके साथ नकली सोने के मोती देकर असली चांदी के आभूषण ठग लिये गये थे। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि तीनों आरोपियों को रतलाम से पूछताछ के लिये उज्जैन लाया जायेगा।

धार्मिक यात्रा पर आये युवक की हार्ट अटैक से मौत



उज्जैन। धार्मिक यात्रा पर दोस्तों के साथ आये युवक की सोमवार सुबह हार्ट अटैक से मौत होना सामने आया। युवक बिहार का रहने वाला था। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि होटल अमृत में ठहरे बिहार के बक्सर में रहने वाले पप्पू पिता गुलाब चौधरी 45 साल की मौत होने सूचना मिली थी। पुलिस होटल पहुंची तो दोस्त अजय ने बताया कि बिहार से 23 अक्टूबर को पांच दोस्त धार्मिक यात्रा पर निकले थे। रविवार को उज्जैन पहुंचे थे, दिनभर धार्मिक नगरी के मंदिरों में देवदर्शन किये और शाम को अमृत होटल में रूम लिया। सुबह औंकारेश्वर जाने वाले थे, लेकिन पप्पू नहीं उठा। पुलिस ने शव अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हार्ट अटैक होने की संभावना जताई और शव पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। दोस्तों ने बताया कि सभी मजदूरी करते है। पप्पू के परिवार को उसके नहीं रहने की सूचना दी गई है। परिवार मंगलवार सुबह तक उज्जैन पहुंचेगा। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ का विस्तार, उज्जैन बना राष्ट्रीय उपप्रधान कार्यालय

उज्जैन। सदगुरु कबीर साहेब के विचारों और उनके ज्ञान को विश्व स्तर पर जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में 26 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर उज्जैन स्थित सदगुरु कबीर भवन को महासंघ का राष्ट्रीय उपप्रधान कार्यालय घोषित किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य बापू महंत चूड़ामणि नाम साहेब ने भारत के बाहर दो देशों में राष्ट्र प्रमुखों की नियुक्ति की। मलेशिया में शिव कुमार दास साहेब को देश प्रमुख बनाया गया है, जबकि नेपाल में राम गोविंद यादव को उपप्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। महासंघ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब ने बताया कि आगामी समय में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, वेस्टइंडीज, मॉरीशस और भूटान आदि देशों में भी महासंघ की इकाइयों का गठन किया जाएगा, जिसके लिए वहां के कबीर भक्तों से निरंतर चर्चा जारी है। इस अंतरराष्ट्रीय गठन पर दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे महासंघ से जुड़कर सदगुरु कबीर साहेब के ज्ञान, संदेश और समाज जागरण के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे, साथ ही उनके प्रति फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर कर सत्यता स्थापित करने में सहभागी बनेंगे। कार्यक्रम में नारी शक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मायादेवी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन साहेब, पूर्व मंत्री व नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद कबीर पंथी और महासचिव सत्यनारायण मालवीय मौजूद रहे।

चांदनी रात में रास खेली श्री बांके-बिहारी ने

उज्जैन। अंकपात मार्ग स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में शरद पूर्णिमा की रात महारास की झांकी सजाई गई। भगवान श्री बांके बिहारी ने राधा रानी के साथ महारास खेला। मंदिर पुजारी पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि सुबह आरती के बाद पंचामृत स्नान हुआ। शाम को सफेद वस्त्रों में श्री बांके बिहारी और राधा रानी जी को श्रृंगारित किया गया और महारास की झांकी सजाकर पूजन किया गया।

बुक कराए गए टिकटों पर भी मिलेगा बीमा का लाभ

आज से सुविधा लागू, डिजिटल भुगतान एवं मोबाइल नंबर देना अनिवार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना का विस्तार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 27 अक्टूबर 2026 से रेलवे के आरक्षण कार्यालयों से आरक्षित टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी यात्रा बीमा का लाभ मिल सकेगा। अब तक यह सुविधा आईआरसीटीसी के माध्यम से ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध थी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, यह बीमा सुविधा पूरी तरह वैकल्पिक होगी।इसका लाभ केवल उन्हीं यात्रियों को मिलेगा, जो बीमा का विकल्प चुनेंगे, अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराएंगे तथा टिकट किराये और बीमा प्रीमियम काभुगतान डिजिटल माध्यम से करेंगे। बीमा प्रीमियम टिकट किराये के साथ लिया जाएगा। निर्धारित नियमों के अनुसार, बीमा प्रीमियम सभी करों सहित प्रति यात्री 45 पैसे है।

ये होंगे पात्रता में शामिल- यह योजना केवल भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है। इसके अंतर्गत बुकिंग के समय कन्फर्म, आरएसी अथवा आंशिक रूप से कन्फर्म टिकट वाले पात्र यात्री बीमा का विकल्प चुन सकते हैं। एक ही पीएनआर के अंतर्गत बुक किए गए सभी पात्र यात्रियों पर बीमा लागू होगा। पांच वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे, जिनकी बुकिंग बिना बर्थ या सीट के की गई है, इस बीमा के दायरे में शामिल नहीं होंगे। वहीं, पांच से ग्यारह वर्ष की आयु के बच्चे बर्थ के साथ अथवा बिना बर्थ के भी पात्र होंगे।



इतना होगा बीमा कवर- बीमा पॉलिसी के नियमों एवं शर्तों के अधीन रेल दुर्घटना अथवा अन्य अधिसूचित अप्रिय घटना की स्थिति में मृत्यु या स्थायी पूर्ण दिव्यांगता के लिए रू.10 लाख, स्थायी आंशिक दिव्यांगता के लिए रू.7.50 लाख तक तथा चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराने के खर्च के लिए रू. 2 लाख तक का बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए रू.10,000 तक का लाभ भी निर्धारित शर्तों के अनुसार देय होगा।

आरक्षण फार्म में संशोधन किया- यात्रियों को बीमा का विकल्प चुनने की सुविधा देने के लिए आरक्षण फॉर्म में आवश्यक संशोधन किया गया है। संशोधित फॉर्म पश्चिम रेलवे के सभी आरक्षण कार्यालयों में उपलब्ध कराया जाएगा। आरक्षण कर्मचारी यात्रियों को बीमा विकल्प चुनने एवं निर्धारित प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

यात्रियों को भरना होगा बीमा फार्म-बीमा पॉलिसी का विवरण यात्री के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। टिकट बुक कराने के बाद यात्रियों को उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से संबंधित बीमा कंपनी की वेबसाइट पर नामांकन संबंधी आवश्यक विवरण भरना होगा। आरक्षण कार्यालयों से बुकिंग पर भी योजना के मौजूदा नियम एवं शर्तें लागू होंगी। बीमा पॉलिसी जारी करने तथा दावों के निपटान की जिम्मेदारी संबंधित बीमा कंपनी की होगी।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या: Snt_RTM_W_26_Tele_18 • **दिनांक:** 24.10.2026 • **कार्य का नाम:** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के विभिन्न खंडों में कवच/एलटीई (Kavach/LTE) के लिए 4×48 ओएफसी बैकबोन के प्रावधान के संबंध में दूरसंचार उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। • **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 69,34,29,481.58/- (रुपये उनहत्तर करोड़ चौंतीस लाख उनतीस हजार चार सौ इक्यासी और अट्ठावन पैसे मात्र)। • **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य • **बयाना राशि (ईएमडी):** रु. 1,38,68,600.00/- • **कार्य पूरा करने की अवधि:** अठारह (18) महीने • **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 25/11/2026 को 15:00 बजे तक • **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 25/11/2026 को 15:30 बजे • **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। CRY/305

Like us on: facebook.com/WesternRly

न्यूज-कॉलम

अवैध डोडाचूरा और प्रतिबंधित गोलियों के साथ आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले की नारायणगढ़ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5.290 किलोग्राम पिसा हुआ डोडाचूरा और बड़ मात्रा में प्रतिबंधित गोलियां जब्त की हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार 25 अक्टूबर को वाहन चेकिंग के दौरान नारायणगढ़-पिपलिया मंडी रोड पर सगस बावजी मंदिर के पास बरखेड़ा वीरपूरीया फंटा पर सहायक उपनिरीक्षक बाबूलाल डामोर ने एक टीवीएस स्पोर्टस मोटरसाइकिल (सवारी वाहन) को रोका। तलाशी लेने पर आरोपी ताहिद (40) पिता नबी नुर मोहम्मद निवासी रामद्वारा गली, जावद, जिला नीमच के कब्जे से 5.290 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा, अल्प्राजोलम टेबलेट के 1200 पत्ते, ट्रामाडोल टेबलेट के 20 पत्ते और टीपी डोल टेबलेट के 75 पत्ते विधिवत जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना नारायणगढ़ में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और मादक पदार्थ के स्रोतों के बारे में पूछताछ की जा रही है। जब्त किए गए कुल मश्रुका की कीमत एक लाख रुपये से अधिक है।

शिवदर्शन कॉलोनी में पेयजल पाइपलाइन कार्य का हुआ शुभारंभ

मंदसौर। नगरपालिका वार्ड नं. 26 स्थित शिवदर्शन कॉलोनी में करीब 7 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पेयजल पाइपलाइन का कार्य सोमवार, 26 अक्टूबर को शुरू हो गया। क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से अब रहवासियों को राहत मिलेगी। शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका जलकल समिति सभापति निलेश जैन और वार्ड पार्षद श्रीमती संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। पार्षद श्रीमती गोस्वामी ने बताया कि कॉलोनी में पाइपलाइन न होने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए वर्षों से परेशानी उठानी पड़ रही थी। उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर से इस समस्या के समाधान का आग्रह किया था, जिसके निर्देश पर आज कार्य का शुभारंभ किया गया। सभापति निलेश जैन ने क्षेत्र के एरिया इंचार्ज धर्मेश राव को इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि रहवासियों को नियमित पेयजल मिल सके। इस दौरान नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

बालाजी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर खीर का भोग लगाया

नीमच । शहर के ग्वालटोली में सिटी फोर लाइन पर स्थित दक्षिणमुखी एवं चमत्कारिक श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर पर मंदिर समिति द्वारा रविवार को शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर में खुले आसमान के नीचे चांद की रोशनी में खीर की प्रसादी बनाई गई। रात्रि 12 बजे पश्चात श्री बालाजी महाराज की आरती कर खीर की प्रसादी का भोग लगाया गया। इसके पश्चात भक्तों में प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं भक्तगण अच्छी खासी संख्या में उपस्थित थे।

घर में खेलते बच्चा पानी टैंक में गिरा 3 साल के मासूम की मौत

नीमच। समीप ग्राम कनावटी में रविवार दोपहर मासूम की घर में बने खुले पानी के गहरे टैंक में गिर गया। जिसे गिरता देख उसकी मां ने भी बिना देर किए उत्से बचाने के लिए टैंक में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक बहुत देर होने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार शोक मे डूबा है ।

पश्चिम रेलवे-रतलाम
निविदा सूचना
निविदा सूचना M247GLRSEPDM262733 दिनांक: 26-10.2026. 1. कार्य का नाम: 80 इलेक्ट्रिक लोको में EPDM केबल ट्रांजिट तथा प्रोटेशन प्रणाली की आपूर्ति एवं स्थापना करना। मु.का.प्र./दाहोद प. रेलवे कार्यालय। 2. कार्य की अनुमानित लागत: Rs. 1,52,75,595/- 3. बयाना राशि: Rs. 3,05,600/-। 4. ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय: ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 17.11.2026 को 14.30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। 5. निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता: www.ireps.gov.in / E-Tenders / Works / IR Electrical. 0306
हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly

20 किमी पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंचे छात्र, प्रशासन में मचा हड़कंप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम,



शासकीय आवासीय छात्रावास की बदहाल व्यवस्थाओं से आक्रोशित छात्रों का सब्र का बांध सोमवार को टूट गया। सैलाना स्थित शासकीय एकलव्य छात्रावास के बड़ी संख्या में छात्र अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 20 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा तय कर रतलाम कलेक्ट्रेट पहुंचे। कड़क धूप में पैदल चल रहे बच्चों को देखकर प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया।

छात्रों के पैदल मार्च की सूचना मिलते ही सैलाना एसडीएम सुनील जायसवाल और बजाना तहसीलदार कुलभूषण शर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आए। अधिकारियों ने पूरे रास्ते बच्चों के साथ पैदल चलकर उन्हें रोकने और समझाने का भरसक प्रयास किया। हालांकि, अपनी मांगों पर अड़े आक्रोशित छात्र नहीं माने और प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए सीधे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।

बदहाल शौचालय व्यवस्था, शिक्षकों का अभाव

कलेक्ट्रेट पहुंचने पर जब छात्रों को पता चला कि कलेक्टर अवकाश पर हैं, तो वे अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में ही नीचे बैठकर विरोध जताने लगे। स्कूल में कॉमर्स और इकोनॉमिक्स (अर्थशास्त्र) के विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उनका भविष्य खतरे में पड़ गया है।

छात्रावास में शौचालयों की स्थिति बद से बदतर है। दर्जनों बच्चों के लिए केवल एक ही शौचालय चालू स्थिति में है, जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पूरे शौचालय परिसर में गंदगी और भीषण बदबू फैली हुई है, जिससे छात्रों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। छात्रों का कहना है कि उन्होंने छात्रावास की प्रिंसिपल को कई बार इन मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया, लेकिन हर बार उनकी मांगों को अनसुना कर दिया गया। फिलहाल, कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी छात्रों को समझा-बुझाकर उचित कार्रवाई और जल्द निराकरण का आश्वासन देने में जुटे हुए हैं।

नारायणगढ़ पुलिस ने किया नकबजनी की वारदातों का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



नारायणगढ़ पुलिस ने क्षेत्र में हुई विभिन्न नकबजनी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सहित चोरी का मश्रुका बरामद किया है।

एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देशन और थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार पवार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही थी। पहली घटना 20 जनवरी 2026 को हुई थी, जहां प्रार्थी आशीष चौहान के घर से अज्ञात चोर दिन में सोने-चांदी के पुराने जेवरात चुरा ले गए थे। इसके अलावा, 10 अक्टूबर 2026 को जीवन सिंह निवासी हिंगोरिया छोटा के घर से भी रात के समय जेवरात चोरी हो गए थे।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दिनांक 24 अक्टूबर को आरोपी प्रदीप उर्फ हनिश पिता हरिश्चंद्र सिंगावत और परवेश उर्फ परवेज पिता प्रकाश मालवीय दोनों निवासी हाड़ी पिपलिया, थाना मनासा, जिला नीमच को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने नारायणगढ़ और नई आबादी थाना क्षेत्र में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना कबूल किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही से चांदी के पायजेब, बिछिया, कड़े, सोने के मोतियों वाली पोची और 20 हजार रुपये नगद जब्त किए हैं। प्रकरण में फरार सुरेन्द्र पिता शम्भुलाल मालवीय, निक्की पिता श्यामलाल मालवीय, राजीव उर्फ राजु पिता सुरेश मालवीय तीनों निवासी हाडी पिपलिया व अभिषेक डाबर निवासी बर्डिया थाना मनासा की तलाश जारी है।



कांग्रेस ने वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत निकाला पैदल मार्च

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

कांग्रेस के वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को पंचायत और बूथ स्तर तक व्यापक रूप से पहुंचाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक रोडमैप तैयार किया है। इसी सिलसिले में सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में एक विस्तारित बैठक आयोजित की गई, जिसके बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरणसिंह सपरा के नेतृत्व में गांधी चौराहे से सरदार पटेल चौराहे तक एक पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के विरोध में नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। बैठक में प्रदेश समन्वयक दिलीपसिंह गुर्जर, जिला संगठन प्रभारी सदाशिव यादव और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्री सपरा ने कहा कि इस अभियान को एक बड़े जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा, जिसके तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन, ब्लॉक बैठकें और पंचायतों में चौपालें आयोजित की जाएंगी। उन्होंने आगामी 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली विशाल रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। साथ ही, मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं और लोकतंत्र की रक्षा का मुद्दा उठाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश सोलंकी ने किया और आभार ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विकास दशोरा ने माना।

कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी बैंक मैनेजर की क्रेटा कार चोरी



नीमच । शहर में जहां पहले दो पहिया वाहन चोरी की घटनाएं आम थी अब वाहन चोरी वारदार में वाहन की रात्रि कालीन गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अज्ञात बदमाशों ने शहर की आदिन्य स्टेट कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी एसबीआई बैंक मैनेजर की सफेद रंग की हुंडई क्रेटा कार चोरी कर ली। जबकि इसी कॉलोनी में नीमच केंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा का भी निवास बताया जा ऐसे में पुलिस अधिकारी सफेद रंग की हुंडई क्रेटा कार क्रमांक सफेद रंग की घर के बाहर खड़ी थी। उन्होंने घर के बाहर खड़ी क्रेटा को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने वाहन का लॉक तोड़कर उसे चोरी कर लिया। वारदात के बाद बदमाश क्रेटा लेकर मौके से निकल गए। घटना का तरीका और कार चोरी होने के बाद शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। त्योहारी सीजन में पुलिस की ओर से रात्रिकालीन गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच और अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद घर के बाहर खड़ी कार चोरी होने की घटना ने वाहन सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दीद्य नीमच केंट थाना पुलिस सहित अन्य जांच टीमें कॉलोनी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं। पुलिस का विशेष ध्यान उस स्विफ्ट कार पर है, जिससे संदिग्ध बदमाश वारदात को अंजाम देन पहुंचे।



मंदसौर में पटरी से उतरा रेल्वे का ओएचई निरीक्षण यान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

सोमवार को रेलवे का ओएचई निरीक्षण यान मंदसौर में शेड से बाहर निकलते ही पटरी से नीचे उतर गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के तुरंत बाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच गए और यान को वापस पटरी पर लाने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार, मंदसौर रेलवे स्टेशन से करीब 200 मीटर दूर बने शेड में यह निरीक्षण यान खड़ा था। सोमवार को इसे शेड से निकालकर स्टेशन के रास्ते रतलाम की ओर ले जाया जा रहा था, तभी शेड से लगभग 20 मीटर की दूरी पर यान के दो पहिए पटरी से उतर गए। घटना के बाद सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे अधिकारियों ने आवश्यक कदम उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि ओएचई निरीक्षण यान का उपयोग रेलवे की ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन यानी बिजली के तारों की जांच और उनके रखरखाव के लिए किया जाता है।

छोटे भाई ने बड़े का हाथ काटा, घर ले जाकर फेंका

रतलाम : थाना क्षेत्र के ग्राम पालवा में खेत में पड़े बिजली के तारों को उठाने की बात पर दो सगे भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद छोटे भाई ऊंकार चरपोटा ने अपने बड़े भाई 55 वर्षीय कमलाशंकर चरपोटा पर धारदार धारिये से हमला कर दिया। बचाव में कमलाशंकर ने हाथ ऊपर किए तो एक हाथ कटकर अलग हो गया, जबकि दूसरे हाथ के कंधे के पास भी गंभीर चोट आई। बीच-बचाव के दौरान कमलाशंकर के पुत्र महेंद्र की उंगलियों में भी चोट लगी। गंभीर घायल कमलाशंकर को रतलाम मेडिकल कालेज से इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपित ऊंकार और उसके बेटे आशीष को गिरफ्तार कर लिया है। ऊंकार का एक और बेटा रामपाल फरार है। पुलिस मामले की जांच कर तहकीकात में लगी हुई है।

साध्वी रत्न निधि श्रीजी की निश्रा में दादा गुरुदेव जिन कुशल सूरी पूजन संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

महावीर जिनालय में चातुर्मासिक आराधना के मध्य साध्वी चंद्रप्रभा श्रीजी मसा की शिष्या साध्वी रत्न निधि जी महाराज साहब की निश्रा में सोमवार को सुबह 8 महावीर जिनालय विकास नगर आराधना भवन पर दादा गुरुदेव जिन कुशल सूरी का विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित किया ।

पूजा के पाट पर श्रीफल, दीपक प्रज्वलित कर अक्षत रंगोली से श्रृंगार किया गया। थाली से डंका बजाया गया। दादा गुरुदेव पूजा की परिक्रमा कर आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा दादा गुरु ने किया साध्वी जी महाराज साहब मण्डल से पारना आशीर्वाद के लिए प्रेम प्रकाश राहुल जैन द्वारा विनती की गई। महावीर जिनालय विकास नगर श्री संघ ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश जैन आंचलिया व चातुर्मास समिति अध्यक्ष राजमल छाजेड़ ने बताया कि कार्यक्रम के दादा गुरुदेव की पूजा एवं साधार्मिक भक्ति के धर्म लाभार्थी डॉ विमल कुमार डॉक्टर सिद्धि वर्धन, परिवार थे। साध्वी रत्न निधि कला नीधि पुण्य निधि प्रज्ञा निधि एवं श्रद्धा निधि के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये

यात्री सुरक्षा को ध्यान रखते हुए यात्री बसों की जांच चालान भी बनाएं

नीमच। जिला स्तर पर पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशानुसार 25 अक्टूबर को आमजन की सुरक्षा एवं लोक परिवहन के वाहनों द्वारा यातायात के नियमों की अनुपालन को सुनिश्चित कराने हेतु,थाना प्रभारी यातायात मलखान सिंह एवं हमराह यातायात टीम द्वारा आज पुलिस लाइन सामने कनावटी रोड पर लोक परिवहन के वाहनों की फिटनेस, टैक्स, बीमा पीयूसी,परमिट,फर्स्ट एड बॉक्स ,स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, पैनिक बटन आपात कालीन विंडो की क्रियाशीलता आदि आपातकालीन सुरक्षा उपकरण एवं उपायों की जांच की गई साथ ही ड्राइवर्स व परिचालक के लाइसेंस, आदि की जांच की गई एवं आगामी समय में होने वाली दस्तावेजी कमियों के बारे में चालक परिचालकों को अवगत कराया गया उक्त कार्यवाही में 13 बसों को जांच की गई जिनमें से 6 बसों में कमी पाई जाने से चालानी कार्यवाही कर 16500 का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।

शरद पूर्णिमा पर 36 ब्राह्मण उपजातियों का संयुक्त गरबा रास,700 मातृशक्ति ने भाग लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 36 ब्राह्मण उप जातियों के समाजजनों ने संयुक्त रूप से गरबा रास, धार्मिक पूजा एवं सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पर्व मनाना नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कार, संस्कृति और आपसी भाईचारे को मजबूत करना रहा। शरद पूर्णिमा को कोजागरी/रास पूर्णिमा भी कहा जाता है; इस दिन लक्ष्मी पूजन, चंद्र पूजन, खीर का भोग तथा रात्रि जागरण की पारंपरिक परंपरा रही है उसको ही पुनः स्थापित करने के लिए आयोजन किया गया

कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना अतिथि प्रदीप उपाध्याय ,बी एल पुरोहित,डा संजय पांडे, राजेश व्यास, राकेश शर्मा, डा मंगलेश्वरी जोशी (प्राचार्य), श्रीमती मनीषा शर्मा के कर कमलों से हुआ इसके बाद कक्षा ६ की बालिका सुश्री कु. सौम्या पनहालकर वन्दे मातरम् गीत की अनुपम प्रस्तुति ने माहौल को देश भक्ति पूर्ण बना दिया इसके बाद समाज की महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने शरद पूर्णिमा की चांदनी में गरबा रास प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा से भर उठा।

आयोजन में वरिष्ठ समाजजनों ने कहा कि शरद पूर्णिमा केवल उत्सव नहीं, बल्कि आस्था, आत्म-अनुशासन और संस्कारों को जीवन में उतारने का अवसर है। नई पीढ़ी को समाज की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक मूल्यों से परिचित कराया गया। उत्सव के माध्यम से अनुशासन, सेवा, आदर और सामूहिक भावना का संदेश दिया गया। 36 ब्राह्मण उपजातियों के समाजजन एक मंच पर आकर आपसी निकटता, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देने लगे। 36 उपजातियों का सहभाग आपसी समझ और संगठन को मजबूत करता है। पारिवारिक संस्कारः बच्चे-युवा धर्म, संस्कार और सामूहिक आचरण सीखते हैं। आपसी सहयोगः उत्सव में मिलने से रिश्ते बनते हैं, सहयोग बढ़ता है और समस्याओं पर साझा चर्चा होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित समाजजनों ने शरद पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं और संकल्प लिया कि ऐसे आयोजन नियमित रूप से होंगे, ताकि ब्राह्मण समाज की संस्कृति, शिक्षा, संस्कार एवं एकता लगातार विकसित हो। श्री संदीप व्यास ने बताया कि यह आयोजन केवल गरबा और पूजा नहीं था; यह 36 ब्राह्मण उपजातियों के बीच संस्कृति का सेतु, संस्कारों का संदेश दिया।

न्यूज कालम



सांवरिया सेठ धाम में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव

पिपलिया मंडी। रात्रि 11.30 बजे हुई भगवान श्री सांवलिया सेठ की विशेष आरती, खीर प्रसादी का वितरण किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मल्हारगढ़ तहसील के बरखेड़ा पंथ स्थित श्री सांवरिया सेठ धाम मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में भगवान श्री सांवलिया सेठ के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर रात्रि 11.30 बजे भगवान श्री सांवलिया सेठ की विशेष आरती की गई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की। भगवान के दर्शन और आरती में शामिल होकर भक्तों ने धर्मलाभ लिया।महोत्सव के दौरान भगवान श्री सांवलिया सेठ को खीर का भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद का वितरण किया गया। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा का पर्व विशेष महत्व रखता है। इस दिन भगवान की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के माध्यम से श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करते हैं।

दशहरा मिलन समारोह में मनाया प्रेस क्लब अध्यक्ष पं. व्यास का जन्मदिन



पिपलिया मंडी। 25 अक्टूबर रविवार को टिलाखेड़ा स्थित राठौर रिजॉर्ट परिसर में स्थानीय प्रेस क्लब के तत्वाधान में दशहरा मिलन समारोह हर्षोल्लाह से मनाया। उपस्थित सभी पत्रकार, मंडी व्यापारी संघ, नगर परिषद कर्मचारी अधिकारी मंडी समिति कर्मचारी अधिकारी, कांग्रेस-बीजेपी के सभी वरिष्ठ जनों बड़ी संख्या में उपस्थित स्नेही जनों ने दशहरा मिलन समारोह के तहत एक दूसरे को दशहरा की शुभकामनाएं बधाई दी। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष तथा पंचवटी समाचार पत्र के संपादक पंडित जगदीश व्यास का जन्मदिन होने पर उपरोक्त सभी आमंत्रित अतिथियों ने प्रेस कब अध्यक्ष श्री व्यास का पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

बालिका वॉलीबॉल टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हासिल की जीत



मंदसौर। इंदौर में चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और खेल एवं युवा कल्याण विभाग इंदौर के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मन्दसौर की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में मन्दसौर की टीम ने द उमिया स्कूल को 2-0 से और दूसरे मैच में एमजीएम स्कूल को सीधे 2-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल मुकाबले में मन्दसौर ने देवास की टीम को 2-1 से हराया। इसके बाद फाइनल मुकाबले में मन्दसौर ने माधव कन्या विद्यालय इंदौर को सीधे 2-0 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। विजेता मन्दसौर टीम को 11 हजार रुपये, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। टीम की इस उपलब्धि पर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कियावत, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान, सचिव त्रिभुवन कविश्वर और कोच अभिषेक सेठिया आदि ने बधाई दी है।

महाराष्ट्र समाज ने शरद पूर्णिमा पर आयोजित किया सुगम संगीत कार्यक्रम



मंदसौर। महाराष्ट्र समाज की ओर से शरद पूर्णिमा यानी कोजागिरी पूर्णिमा के अवसर पर एक भव्य सुगम संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर के डीन डॉ. दीपक हरि रानाडे रहे, जिन्होंने भगवान गणेश के पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। समारोह में समाज के अध्यक्ष दिनेश कोरान्ने, सचिव सुधीर चांदेकर, कोषाध्यक्ष धीरज पाठक और अन्य पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रानाडे ने अपने लेखन के अनुभव और रोचक संस्मरण साझा किए। इसके बाद गायक जयंत तारे ने गणेश वंदना के साथ संगीत संध्या की शुरूआत की और पुराने फिल्मी गीतों की एक से बढ़कर एक मधुर प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सह-सचिव श्रीमती जयश्री लक्कड़ ने किया, जिसमें समाज के कई वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

गीता बाई राठौर का निधन



सारंगपुर। स्वर्गीय मणिशंकर राठौर की धर्मपत्नी एवं सामाजसेवी सुरेश राठौर की माताजी गीता बाई राठौर का रविवार को दुखद निधन हो गया। उनके निधन से परिवार एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनकी अंतिम यात्रा रविवार शाम 4:00 बजे उनके निज निवास मोहल्ला पछेतवाडी से शव वाहन द्वारा निकाली गई, जो मुक्तिधाम पहुंची जहां उनके पुत्र पुरुषोत्तम, सुरेश, देवेंद्र और आनंद राठौर ने मुखाग्नि दी। शवयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजजन एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ ने मनाया दशहरा मिलन समारोह

सुसनेर। प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ द्वारा दशहरा मिलन समारोह का आयोजन संघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आपस में मिलकर दशहरे की शुभकामनाएं दीं और आपसी सद्भाव व एकता के साथ संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की। इस अवसर पर संघ के संरक्षक डॉ. रामप्रसाद भावसार, गुलाबचंद्र जैन, सुरेशचंद्र त्रिवेदी, गोकुल कारपेंटर, संतोष जैन सहित सदस्य जगदीश तेजरा, प्रदीप जैन, कमलेश जैन, नागेश्वर वर्मा एवं पुरुषोत्तम पटवारी, शिवनारायण शर्मा उपस्थित रहे। समारोह के दौरान श्यामपुरा निवासी राजेश जैन को प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ में शामिल किया गया। उपस्थित सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा जताई।

कांग्रेस नेताओं ने शाजापुर में सनातन यात्रा में लिया भाग



सुसनेर। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सनातन यात्रा रविवार को शाजापुर पहुंची। उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही इस यात्रा में सुसनेर क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने शाजापुर पहुंचकर सहभागिता की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर, राणा लवराज सिंह, कमल चौहान, जावेद कुरैशी, प्रसून गोयल और मोहित सिंह सहित अन्य नेता शामिल हुए।

पूर्व मंत्री को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया



जगोटी। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव को निजी प्रवास पर उज्जैन पहुंचे, उनसे जगोटी क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों व किसानों ने मुलाकात कर विद्युत व खाद की आपूर्ति में आरही परेशानी से अवगत कराते हुए अपर्याप्त बारिश को लेकर महिदपुर विधानसभा क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने हेतु हस्तक्षेप का आग्रह किया। इस अवसर पर उज्जैन कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर आंजना जमालपुरा, पत्रकार विश्वास शर्मा, महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी रजनीश तिवारी, रणछोड़ मालवीय, आजाद शाह, राहुल आंजना, जीवन सिंह सोलंकी खुरचनिया, कमल सूर्यवंशी, ईश्वर बरखेड़ी आदि मौजूद थे। उक्त जानकारी कांग्रेस जगोटी मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा ने दी।

अपर संचालक ने लिया उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का जायजा

सुसनेर। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के अपर संचालक अरुण सिंह ने शनिवार, 24 अक्टूबर को सुसनेर विकासखंड अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने 'उल्लास - नवभारत साक्षरता मिशन' के तहत आयोजित परीक्षा की व्यवस्थाओं और जमीनी क्रियान्वयन का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया।

बढ़ी कीमतों से रसोईघर का बिगड़ा बजट

त्योहारों पर आम जनता पर दोहरी मार, महं-गाई के साथ मिलावटखोरों की बढ़ी करतूत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



जैसे-जैसे त्योहारी सीजन परवान चढ रहा है, सारंगपुर शहर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में आम आदमी की जेब पर महंगाई का बोझ तेजी से बढता जा रहा है। एक तरफ जहां आसमान छूती कीमतों ने रसोई का बजट बिगाड दिया है, वहीं दूसरी ओर त्योहारी सीजन में सक्रीय होने वाले मिलावटखोरों के डर से लोग सहमे हुए हैं। रविवार को आस्था और परंपरा का पावन पर्व शरद पूर्णिमा मनाया गया। मान्यतानुसार इस दिन भगवान को दूध और पारंपरिक मावे के लड्डुओं का भोग लगाया जाता है लेकिन इस बार महंगाई के तीखे तेवरों ने त्योहार की मिठास पर बडा असर डाल दिया है।

सारंगपुर के स्थानीय बाजारों में इस बार शरद पूर्णिमा पर मिठाइयों की कीमतों में भारी उछाल देखा जा रहा है। पिछले वर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर जो मावे के लड्डू 200 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से आसानी से मिल रहे थे, वे इस बार सीधे 100 रुपये की छलांग लगाकर 300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गए हैं। अचानक हुए इस भारी इजाफे से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लिए त्योहार की परंपरा निभाना भी बजट से बाहर होता दिख रहा है।

महंगाई के साथ-साथ इस समय सारंगपुर वासियों के लिए सबसे बडी चिंता मिलावटखोरी बनी हुई है। त्योहारी सीजन में शहर में दूध और मावे की मांग कई गुना बढ जाती है। इस भारी मांग को पूरा करने के लिए सिंथेटिक दूध, डिटर्जेंट और रसायनों से बना नकली मावा बाजार में खपाए जाने की आशंका बढ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इतनी महंगी कीमत चुकाने के बाद भी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं मिल पा रही है। शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की सुस्ती के कारण मिलावटखोर बेखौफ होकर घटिया व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सामग्री बेच रहे हैं।

क्यों बढे दाम मिष्ठान विक्रेताओं का तर्क

सारंगपुर के प्रमुख मिष्ठान विक्रेताओं और बाजार के जानकार देवेंद्र नेमा के अनुसार मावे के लड्डुओं की कीमतों में आए इस अचानक उछाल की मुख्य वजह कच्चे माल की लागत में हुई बेतहाशा वृद्धि है। त्योहारी मांग बढते ही थोक बाजार में दूध, शुद्ध मावा, घी और शक्कर के दामों में लगातार तेजी बनी हुई है। दूध और मावे की आवक में कमी तथा परिवहन खर्च बढने के कारण मिठाइयों के उत्पादन की कुल लागत काफी बढ गई है।



प्रत्येक व्यक्ति को कानून की जानकारी होना अनिवार्य- न्यायाधीश दशौरा

महिदपुर रोड। नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन न्यायालय महिदपुर की न्यायाधीश सुश्री चेतना दशोरा की उपस्थिति में संपन्न हुआ शिविर में न्यायाधीश दशौरा ने छात्र छात्राओं को पाक्सो एक्ट, मोबाइल के दुरु पयोग, साइबर फ्रॉड, दो पहिया चार पहिया वाहन चलाते समय यातायात नियमों के पालन, हेलमेट के उपयोग, 18 वर्ष से कम उम्र के छात्र-छात्राओं द्वारा गाड़ी नहीं चलाने संबंधी विभिन्न जानकारियां तथा बाल विवाह, घरेलू हिंसा, किसी भी तरह के नशे से दूर रहने, रैगिंग से होने वाले दुष्प्र भाव के बारे में छात्र छात्राओं को बताया तथा छात्र छात्राओं से सीधे संवाद किया तथा कहा कि आप सभी को संविधान के मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के पालन की जानकारियां भी होनी चाहिये कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायाधीश दशौरा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया । छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की स्वागत प्रभारी प्राचार्य अशोक पोरवाल, श्रद्धा सूर्यवंशी, बंसीलाल सौलंकी सूरज पोरवाल ने किया विधिक सहा यता शिविर कार्यक्रम का संचालन हरीश सौलंकी ने किया।

अपहरण एवं डकैती के प्रकरण में 5 आरोपी गिरफ्तार, डकैती की वारदात को दिया था अंजाम

■ 250 ग्राम चांदी की पैरों की नेवरियां जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राजगढ़ श्रीमती भावना दांगी के नेतृत्व में थाना प्रभारी कालीपीठ उप निरीक्षक जितेन्द्र अजनारे की टीम द्वारा अपहरण एवं डकैती के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों से डकैती में ले जाए गए पशु एवं अन्य माल बरामद किया गया है। फरियादी रवि पिता मोहनलाल तंवर, निवासी ग्राम पाटलीकला ने थाना कालीपीठ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह करीब 8:00 बजे वह अपने पिता मोहनलाल तंवर, माता धापूबाई, बहन सविताबाई एवं भाभी पूजाबाई के साथ घर पर मौजूद था। इसी दौरान आरोपियों ने घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। आरोपियों ने एकराय होकर परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की तथा घर में तोड़फोड़ की।

फरियादी के अनुसार, आरोपी बंटी तंवर ने उसके कानों में पहनी करीब 10 ग्राम सोने की बालियां छीन लीं, जबकि आरोपी माऊ सिंह ने उसके हाथों में पहने करीब 250 ग्राम चांदी के कड़े निकाल लिए। आरोपियों ने घर की छत पर लगी सीमेंट की टीनशेड तोड़कर नुकसान किया तथा घर का सामान बिखेर दिया। इस दौरान करीब 70,000 रु की क्षति हुई। आरोपी घर में बंधे 3 भैंस, 2 छोटे पाड़ा, 1 पाड़ी, 6 बकरी, 1 घोड़ी, एवं अन्य सामान के साथ पानी की मोटर तथा फरियादी की बहन की संदूक में रखी करीब 250 ग्राम चांदी की नेवरियां भी ले गए।

पोस्ट ऑफिस से पेंशनरों को मिलेंगे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

नगर में बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के रह रहे जीवित पेंशनरों उनके आश्रितों को नवंबर माह में बैंक की शाखाओं में जाकर दिये जाने वाले जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की परेशानी से केंद्रीय विभाग दूर करने जा रहा है।

विभाग के स्थानीय पोस्ट आफि स के माध्यम से केंद्र तथा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के सेवा निवृत कर्मचारियों अधि कारियों के जीवन प्रमाण पत्र उन के घरों पर जाकर पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी उनसे जानकारी प्रा प्त कर बैंक की पोर्टल पर अपडेट करेंगे नगर में रेल्वे ,राज स्व, शि क्षा, कृषि, स्वास्थ्य महिला बाल विकास विभाग से सेवा निवृत हुए कर्मचारियों अधिकारियों तथा उन के वैध वारिस पेंशन के हकदार परिजनों के जीवित होने के प्रमाण पत्र बनाने का कार्य करेंगे।

स्थानी पोस्ट ऑफिस के कार्यालय प्रभारी रोहित साहनी के अनुसार हालांकि पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पहले से ही विभाग द्वारा प्रचलित है लेकिन यहां उनके कार्यालय द्वारा अभी तक तो किसी भी पेंशनर का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है अब केंद्र शासन के निर्देश अनुसा र 1 नवंबर से 30 नवंबर के बीच नगर तथा नगर के आसपास के गांव के सब पोस्ट ऑफिस में निवास रत पेंशनरों के प्रमाण पत्र टोल फ्री नंबर 155 299 के माध्यम से संपर्क कर आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित पेंशनरों के घर पर जाकर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाएँगे।

खेलो इंडिया योजना के तहत आयोजन स्पर्धा में महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



खाचरोद। भारत सरकार की खेलो इंडिया की प्रेरणादायी योजना की पहल के अंतर्गत, महिलाओं की खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देना है। छोटे-छोटे शहरों व गांवों से महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने तथा नई खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें निखारने एवं आगे बढ़ाने के उद्देश्य से खेलो इंडिया खेल का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत खाचरोद में अस्मिता भारोत्तोलन नगर टूनार्मेंट श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ, खेल परिसर खाचरोद में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वेटलिफ्टिंग के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना रहा। उद्घाटन हनुमान जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन में अश्विन डिंडोरकर, मनीषा शर्मा, अनिल बागरेचा, प्राचार्य बीना कुंठी, डॉ. शरद नागर, राजेश राठौर, गणेश भदौरिया, राजेश जोशी एवं संजय शर्मा, राकेश द्विवेदी, नितेश संगीलाल, वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रभान सिंह देवड़ा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। संचालन कमल नंदवाना ने किया। अंत में आदित्य द्विवेदी ने सभी अतिथियों, आयोजकों, निर्णायकों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मां वैष्णो देवी मंदिर में हुआ विशाल कन्या भोज-भंडारा

मंदिर ट्रस्ट ने किया कन्या पाद पूजन, हजारों लोगों ने ग्रहण की भोजन प्रसादी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

नगर में शक्ति और उपासना का महापर्व नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर में नौ दिनों तक भक्ति और श्रद्धा का माहौल रहा। नवरात्रि समापन पर हर साल की तरह इस बार भी मंदिर परिसर में विशाल कन्या भोज-भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। इससे पूर्व मंदिर ट्रस्ट द्वारा कन्याओं के पाद पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालु परिवार सहित मां वैष्णो देवी के दर्शन करने पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया। मां की आरती और पूजा के बाद कन्या पूजन की परंपरा निभाई गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्यों ने कन्याओं के चरण धोकर उनका पूजन किया। इसके बाद कन्याओं को भोजन, पूड़ी-सब्जी, हलवे की प्रसादी के साथ उपहार स्वरूप शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई।

नवरात्रि के नौ दिनों में मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों की झालरों और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। प्रतिदिन विशेष पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं और स्थानीय कलाकारों ने रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। पूरे आयोजन में भक्तिए सौहार्द और सेवा का सुंदर संगम दिखाई दिया।

खाली जमीन पर बाउंड्रीवॉल और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित वाल्मीकि मोहल्ले में लंबे समय से खाली पड़ी जमीन पर बाउंड्रीवॉल अथवा तार फेंसिंग कराने और महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई है। इस संबंध में महादलित परिसंघ के जिला अध्यक्ष दिलीप कलोसिया के नेतृत्व में समाजजनों एवं वार्डवासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी से मुलाकात कर मांग रखी। समाजजनों ने बताया कि मोहल्ले में खाली पड़ी शासकीय अथवा नगर परिषद की जमीन पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं, असामाजिक तत्वों के एकत्रित होने और अतिक्रमण की आशंका बनी रहती है। बारिश एवं सामान्य दिनों में यहां गंदगी फैलने से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पगड़ी रस्म सम्पन्न

महिदपुर रोड। अखिल भारतीय गुर्जर गौड ब्राह्मण महिला सभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष माया त्रिवेदी के निधन पर त्रयोदशी पगड़ी कार्यक्रम में उनके पुत्र ऋषिकेश त्रिवेदी को पगड़ी बांधकर रस्म सम्पन्न की गई।

वाल्मीकि प्रतिमा स्थापित करवाने की मांग

परिसंघ के पदाधिकारियों एवं वार्डवासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष से संबंधित जमीन की नाप-जोख करवाकर जल्द बाउंड्रीवॉल अथवा तार फेंसिंग कराने तथा परिसर में महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा स्थापित करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही समाज की धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं का सम्मान भी होगा।

ग्राम पंचायत भाटपचलाना में विभिन्न विकास कार्यो का भूमि पूजन संपन्न



बड़नगर। विधानसभा के ग्राम भाटपचलाना में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या द्वारा शासकीय कन्या मा.विद्यालय का भुमि पूजन लागत राशि 18.25 लाख, सीसी निर्माण पारस जैन के घर से विक्रमसिंह की हवेली की ओर लागत राशि 5 लाख, सीसी निर्माण बगदीराम चावड़ा के घर से कान्हा चावला वाली गली की ओर स्वीकृत राशि 6 लाख कुल लागत 29 लाख 25 हजार के कार्यो का भुमि पूजन कर जनता जनार्दन को दी बड़ी सौगाते दी। भूमि पूजन के इस अवसर पर विधायक पण्ड्या ने कहा कि ये कार्य ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ करने के साथ साथ विकास की गति को नई दिशा प्रदान करेगे। जनता का स्नेह एवं आशीर्वाद ही सेवा कार्यो की सबसे बड़ी प्रेरणा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, रोनक जैन सदस्य जनपद पंचायत, भानुप्रतापसिंह सरपंच प्रतिनिधि, भेरूलाल काका, गोपाल धाकड़, प्रहलाद धाकड़, कुन्दन डोडिया महामंत्री मंडल खरसोदकलां, अंकुर जैन, हुकुमसिंह चैधरी, मनीष चौरसिया एवं अधिकारी कर्मचारी समस्त पंचायतो के पंचगण, सचिव, सहायक सचिव व ग्रामीणजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी विधायक कार्यालय द्वारा दी गई।

देवास गेट बस स्टैंड हटने से यात्रियों की जेब पर दोहरी मार,

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

उज्जैन के देवास गेट बस स्टैंड को नानाखेड़ा स्थानांतरित किए जाने का असर अब महिदपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों की जेब पर पड़ रहा है। बस किराये में वृद्धि और बस स्टैंड तक पहुंचने के अतिरिक्त खर्च ने आम यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। यात्रियों के लिए सफर अब पहले से अधिक महंगा और असुविधाजनक होता जा रहा है।

उज्जैन से महिदपुर का बस किराया पहले 76 रुपये था, जो बढ़कर 106 रुपये हो गया है। यात्री अभी किराये में हुई इस बढ़ोतरी से उबरे भी नहीं थे कि बस स्टैंड बदलने से अतिरिक्त खर्च का बोझ भी उन पर आ पड़ा।

देवास गेट से नानाखेड़ा पहुंचने के लिए मैजिक में 20 रुपये और ऑटो में करीब 50 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। ऐसे में महिदपुर से उज्जैन आने-जाने वाले यात्रियों का कुल खर्च काफी बढ़ गया है। पूर्व में 150 रुपये खर्च होने की तुलना में अब 240 से 320 रुपये तक खर्च होने का उल्लेख किया गया है।

अन्य क्षेत्रों पर पड़ा असर

इस बदलाव का असर केवल महिदपुर ही नहीं, बल्कि आगर, तराना, नागदा और झालावाड़ सहित आसपास के क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों पर भी पड़ रहा है। विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों और रोजाना आवागमन करने वालों के लिए यह अतिरिक्त खर्च परेशानी का कारण बन सकता है।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा हेतु ब्यावरा में जनसंपर्क

ब्यावरा। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जाने वाली सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से प्रारंभ होकर अयोध्या की ओर प्रस्थान करेगी। 27 अक्टूबर को राजगढ़ जिले में पहुंचेगी। यात्रा के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में जनसंपर्क कर नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है।

ब्यावरा शहर कांग्रेस के मार्गदर्शन में ब्यावरा मंडलम के अंतर्गत जगत चौक मंडलम में मंडलम अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र पाराशर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीले चावल बांटकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान नगर के नागरिकों से संपर्क कर उन्हें सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। भारतीय राजनीति में पदयात्रा केवल पैदल चलकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता से सीधे जुड़ने, उनकी समस्याओं को सुनने और सामाजिक विषयों पर संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण तरीका रही है।

जनपद पंचायत में सुनी पीएम नरेन्द्र मोदी की मन की बात



सुसनेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर नगर एवं ग्रामीण इलाकों में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने अपने अपने बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम सुना। स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय बैठक हाल में बड़ी स्क्रीन पर पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह के मुख्य आतिथ्य में पीएम के मन की बात का आयोजन किया गया। जहाँ कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सौरभ जैन की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप लक्ष्मणसिंह कांवल, सजनसिंह कलारिया, विष्णु भावसार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया एवं पवन शर्मा, बीएस वर्मा, भाजपा नेता दिलीप जैन सारंज्ञाखेड़ी, शैलेन्द्र सिंघई, अर्जुन जादमें, एल्डरमैन अंशुल जैन, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

29 अक्टूबर को मनेगा करवा चौथ, बाजारों में सजी पूजन सामग्री की दुकानें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



सुहागिन महिलाओं के प्रमुख पर्व करवा चौथ को लेकर नगर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस वर्ष करवा चौथ का पर्व गुरुवार, 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर नगर के बाजारों में रौनक दिखाई देने लगी है। दुकानदारों ने करवा चौथ की पूजन सामग्री से अपनी दुकानें सजा ली हैं। वहीं महिलाएं भी पर्व की तैयारियों और खरीदारी में जुटी हुई हैं।

करवा चौथ का पर्व भारतीय परंपरा और आस्था से जुड़ा हुआ है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। महिलाएं सुबह से ही व्रत की शुरूआत कर दिनभर बिना अन्न-जल ग्रहण किए व्रत का पालन करती हैं। शाम को सोलह शृंगार कर विधि-विधान से करवा माता की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देने और पति के हाथों जल ग्रहण करने के साथ व्रत का पारण किया जाता है।

करवा चौथ पर्व को देखते हुए नगर के बाजारों में पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। दुकानों पर करवे, छलनी, पूजा की थाली, दीपक और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध है। महिलाएं अपनी जरूरत के अनुसार खरीदारी कर रही हैं। पर्व के नजदीक आने के साथ बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। दुकानदारों को भी करवा चौथ पर अच्छी खरीदारी होने की आस है।

परंपरा और आस्था के साथ मननेगा पर्व

करवा चौथ महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। इस दिन महिलाएं परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना करती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। कई स्थानों पर महिलाएं एकत्रित होकर करवा चौथ की कथा सुनती हैं और सामूहिक रूप से पूजा करती हैं।

लौंग की चाय पीने से फेफड़ों को मिलेगी मजबूती



फेफड़ों के लिए लौंग की चायः अगर आप चाहते हैं कि आपके फेफड़े मजबूत रहें तो आप लौंग की चाय पी सकते हैं जो कि फेफड़ों की सूजन कम करने के साथ इस अंदर से साफ रखने में मददगार है।

सर्दियां आ रही हैं और इसी के साथ सेहत का अतिरिक्त ध्यान रखना जरूरी है। दरअसल, इस मौसम में लोगों को सर्दी-जुकाम की समस्या बहुत ज्यादा परेशान करती है और इसकी वजह से लोग कंजेशन से परेशान रहते हैं। ऐसी स्थिति में आयुर्वेदिक डॉ. कहते हैं कि आप रोजाना सुबह 1 कप लौंग की चाय पिएं तो सर्दियों के लिए अपनी सेहत को तैयार कर सकते हैं। लौंग की चाय पीने से न सिर्फ आपके फेफड़ों की क्षमता बेहतर होती है, बल्कि शरीर तमाम प्रकार के रोगों से भी खुद का बचाव कर पाता है।

डॉ. श्रेय शर्मा कहते हैं कि लौंग की चाय फेफड़ों के लिए बेहद फायदेमंद है क्योंकि लौंग की चाय उत्तेजक काम करती है। यह पित्त कफ शामक और कंजेशन कम कर सकती है। इसके अलावा जिन लोगों को सर्दी-जुकाम की वजह से सुस्ती और आलस महसूस होती है उनके लिए इसका सेवन काफी कारगर है जैसे-



कंजेशन कम करने में कारगर

फेफड़ों के लिए लौंग की चाय पीना बेहद फायदेमंद इसलिए क्योंकि सबसे पहले तो यह कंजेशन कम करने में मदद करती है। साल 2021 में ट्ड्डी४ी२ जर्नल में प्रकाशित स्टडी कहती है कि लौंग में भरपूर मात्रा में यूजेनॉल होता है यूजेनॉल एक नेचुरल 'एक्सपेक्टोरेंट' यानी कफ निकालने में मदद करने वाला तत्व है। यह सांस की नली में जमे गाढ़े कफ को ढीला, पतला और तोड़ने में मदद करता है, जिससे इसे बाहर निकालना आसान हो जाता है इसलिए कंजेशन में आप लौंग की चाय पी सकते हैं।

एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुणों से भरपूर

डॉ. कहते हैं कि लौंग में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं जो कि सर्दी-खांसी के साथ होने वाले श्वसन तंत्र या गले के मामूली संक्रमण को लड़ने से मदद कर सकते हैं। जब आप लौंग की चाय पीते हैं तो यह गले में खुजली कम करने के साथ से बार-बार होने वाली खांसी पर लगाम लगाती है। इससे आपके फेफड़ों को राहत मिलती है और आप अच्छा महसूस करते हैं। आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि लेकिन लौंग की चाय पीना एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है। जब आप इसे पीते हैं तो यह फेफड़ों की सूजन को कम करने के साथ इसे अंदर से मजबूत करने में मददगार है। लौंग की चाय पीने से इसका यूजेनॉल तत्व ऊपरी श्वसन मार्ग, गले और नाक के रास्तों में होने वाली सूजन और जलन को कम करने में मदद करती है।

कब और कैसे पिएं लौंग की चाय?



डॉ. कहते हैं कि आप लौंग की चाय सुबह भी पी सकते हैं क्योंकि लौंग गर्म नहीं होती है कि आप ये मानें की सुबह इस चाय को पीने से शरीर की गर्मी बढ़ जाएगी। इस चाय को आराम से आप अपनी मॉर्निंग रूटीन में शामिल कर सकते हैं। बस ध्यान रखें इन बनाने का तरीका जैसे-

लौंग की चाय सिर्फ लौंग को पानी में उबालकर बनाएं इसे छान लें और इसमें 1 चम्मच शहद मिलाकर लें। इससे होगा यह लौंग ठंडी है और शहद इसकी प्रकृति ले लेगी। इससे शरीर की गर्मी नहीं बढ़ेगी और फेफड़ों के लिए भी यह कॉम्बिनेशन अच्छा रहेगा। इसके अलावा लौंग की चाय में आप अदरक और मुलेठी को भी शामिल कर सकते हैं जो कि सर्दियों में खांसी-जुकाम के लिए बेहद फायदेमंद है।

एक दिन में कितनी कैलोरी बर्न करनी चाहिए

वजन कम करने के लिए कैलोरी बर्न का कोई फिक्स काउंट नहीं है। यह व्यक्ति की उम्र, लिंग और एक्टिविटी पर निर्भर करता है। बैलेंस डाइट, नियमित एक्सरसाइज और पर्याप्त नींद के साथ हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना जरूरी है।



आज की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल में अक्सर लोग वजन कम करने के लिए कैलोरीज का इनटेक कम कर देते हैं और ज्यादा कैलोरी बर्न करने लगते हैं। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल आता है कि आखिर एक दिन में कितनी कैलोरी बर्न या कैलोरी डेफिसिट सही होता है? क्लिनिकल डाइटिशियन के अनुसार, कैलोरी का कोई ऐसा फिक्स काउंट नहीं है, जिसे हर किसी को एक दिन में बर्न करने का लक्ष्य रखना चाहिए। शरीर आराम की स्थिति में भी सांस लेने, ब्लड सकुर्लेशन, पाचन और शरीर का तापमान बनाए रखने जैसे जरूरी कार्यों के लिए लगातार एनर्जी का इस्तेमाल करता है। कुल एनर्जी की जरूरत उम्र, लिंग, लंबाई, वजन, मसल मास, फिजिकल एक्टिविटीज के स्तर और स्वास्थ्य से जुड़ी स्थितियों के आधार पर अलग-अलग होती है। इसलिए, सिर्फ एक्सरसाइज के दौरान बर्न होने वाली कैलोरी पर ध्यान देने से ओवरऑल स्वास्थ्य और वेट मैनेजमेंट की पूरी तस्वीर नहीं मिल पाती है।

कैलोरी बर्न करने का सही तरीका- डाइटिशियन वीना कहती हैं, जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनका लक्ष्य बहुत अधिक कैलोरी बर्न करने की कोशिश करने के बजाय, एक बैलेंस कैलोरी डेफिसिट (खपत से कम कैलोरी लेना) बनाने का होना चाहिए। इसे बैलेंस खान-पान और नियमित एक्सरसाइज के जरिए हासिल किया जा सकता है। तेज चलना (ब्रिस्क वॉक), साइकिल चलाना, तैराकी, डांस और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग (मांसपेशियों को मजबूत करने वाली एक्सरसाइज) एनर्जी की खपत बढ़ाने के साथ-साथ कार्डियोवैस्कुलर फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और मेटाबॉलिक स्वास्थ्य में सुधार करने के प्रभावी तरीके हैं।

150 मिनट एक्सरसाइज है जरूरी- वयस्क हर हफ्ते कम से कम 150 मिनट की मध्यम तीव्रता वाली एरोबिक एक्सरसाइज कर सकते हैं, साथ ही हफ्ते में दो या उससे ज्यादा दिन मांसपेशियों को मजबूत करने वाली एक्सरसाइज भी कर सकते हैं, जो लोग अभी शारीरिक रूप से एक्टिव नहीं हैं। उन्हें धीरे-धीरे शुरूआत करनी चाहिए और अपने फिटनेस स्तर के अनुसार, एक्सरसाइज की ड्यूरेशन और तीव्रता बढ़ानी चाहिए। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि फिटनेस वॉच और एक्सरसाइज की मशीनों पर दिखने वाली कैलोरी की मात्रा सिर्फ एक अनुमान होती है, न कि एकदम सटीक माप।

Sport

चोट के कारण दूसरा मैच नहीं खेला था; वैभव को फिर मौका मिल सकता है

ईशान न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 से भी बाहर

एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च

ईशान किशन चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे ळ20 मैच से भी बाहर हो गए हैं। यह मैच मंगलवार को वेलिंग्टन में खेला जाएगा। उनकी जगह वैभव सूर्यवंशी को मौका मिल सकता है।

ईशान जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 24 अक्टूबर को दूसरे मैच में भी नहीं खेले थे। टीम इंडिया ने यह मुकाबला 4 विकेट से जीता था। अब टीम की नजर तीसरा टी20 जीतकर सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त लेने पर है।

गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने सोमवार को कहा कि ईशान की रिकवरी अच्छी चल रही है। वे ट्रेनिंग में हिस्सा ले रहे हैं, लेकिन तीसरे टी20 के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उन्हें एहतियात के तौर पर आराम दिया जा रहा है। ईशान को 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टी20 के दौरान चोट लगी थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी रिकवरी पर नजर रख रही है। ईशान इस साल टी-20 इंटरनेशनल मैचों में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय हैं। वैभव को फिर मिल सकता है मौका वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग इलेवन में फिर मौका मिल सकता है। वैभव दूसरे टी-20 में ईशान की जगह तीसरे नंबर पर बैटिंग करने उतरे थे। वे मैच में सिर्फ 4 रन बना पाए थे। बीसीसीआई ने ईशान की जगह कुमार कुशाग्र को टीम में शामिल किया है, लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह मिलने की उम्मीद कम है।



टेस्ट सीरीज के लिए बैकअप गेंदबाजों का ग्रुप तैयार

मोर्ने मोर्कल ने ईशान की चोट की अपडेट देने के अलावा टीम के गेंदबाजों के वर्कलोड पर भी बात की। उन्होंने बताया कि टीम मैनेजमेंट 2 टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले कुछ गेंदबाजों को बैकअप के तौर पर न्यूजीलैंड में रोक सकता है। इनमें टी-20 सीरीज में खेल रहे अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं। टेस्ट सीरीज 19 नवंबर से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि जसप्रीत बुमराह समेत सभी गेंदबाजों को वनडे और टेस्ट के लिए तैयार रखने की योजना बनाई गई है। टीम का लक्ष्य खिलाड़ियों का वर्कलोड संतुलित रखना और थकान के कारण चोट के जोखिम को कम करना है।

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ने छिपाई आर्थराइटिस की बीमारी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर उस्मान ख्वाजा ने खुलासा किया है कि उन्होंने पूरे इंटरनेशनल करियर में रूमेटॉइड आर्थराइटिस छिपाकर रखा। ख्वाजा ने बताया कि उन्हें 22 साल की उम्र में इस बीमारी का पता चला था। उस समय वे न्यू साउथ वेल्स के लिए प्रोफेशनल क्रिकेट में जगह बना रहे थे। बीमारी के कारण उनके बाएं घुटने में तेज दर्द रहता था। उन्हें लगा कि वे दोबारा क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। दवा और नियमित इंजेक्शन से वे करीब छह महीने बाद मैदान पर लौटे। ख्वाजा ने जनवरी 2026 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पांचवें एशेज टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया।

देवदत्त पडिक्कल एक रन से दोहरा शतक चूके

नई दिल्ली। देवदत्त पडिक्कल सोमवार को महज एक रन से डबल सेंचुरी लगाने से चूक गए। वे न्यूजीलैंड के लिंकन में चल रहे पहले अनऑफिशियल टेस्ट में इंडिया ए की दूसरी पारी में 199 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, पडिक्कल की पारी ने टीम इंडिया की मैच में वापसी करा दी। तीसरे दिन स्टंप्स तक इंडिया ए ने 8 विकेट पर 488 रन बना लिए हैं। वॉशिंगटन सुंदर 51 रन पर नाबाद हैं। सुंदर से पहले यश राठौर ने 66 और साई सुदर्शन ने 91 रन की पारियां खेलीं। पडिक्कल जैक गिब्सन की ढीली गेंद को विकेटकीपर माइकल हे के दस्तानों में मार बैठे।

मकान किराये से देना है
शहर की पॉश कॉलोनी आज़ाद नगर 1
हाल, 2 कमरे, किचन, स्टोर रूम किराये से देना है
संपर्क: 8319023209 8989404428

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें 8253063625

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें 8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **पाकिस्तान ने इंग्लैंड को रोमांचक शिकस्त दी-** पाकिस्तान के शादाब खान ने नाबाद 113 रन बनाकर इंग्लैंड के खिलाफ एक विकेट से शानदार जीत दिलाई। आखिरी विकेट की साझेदारी निर्णायक रही।
- **महिला क्रिकेट में हरमनप्रीत का ऐतिहासिक शतक-** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना आठवां वनडे शतक लगाया। भारत ने दूसरे मुकाबले में 121 रन से जीत दर्ज की।
- **भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने रचा इतिहास-** एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत ने रिकॉर्ड 114 पदक जीतकर अपना पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पीछे छोड़ दिया। देश चौथे स्थान पर रहा।
- **फुटबॉल में रियल मैड्रिड की रोमांचक जीत-** एल क्लासिको मुकाबले में रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को 2-1 से हराया। किलियन एमबाप्पे के अंतिम समय में किए गोल ने मुकाबले का फैसला किया।
- **अहमदाबाद को मिली विश्व चैंपियनशिप-** अहमदाबाद में 2029 की सीनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप आयोजित होगी। भारत पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सीनियर संस्करण की मेजबानी करेगा।
- **भारत ए के पडिक्कल दोहरे शतक से चूके-** न्यूजीलैंड ए के खिलाफ देवदत्त पडिक्कल 199 रन बनाकर आउट हुए।

कैसे बनीं दीप्ति दुनिया की बेस्ट विमेंस ऑलराउंडर

हॉकी बॉल से छक्के लगाने की प्रैक्टिस की, टी-20 में सबसे ज्यादा 191 विकेट लिए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

क्रिकेट में शतक लगाना किसी भी बल्लेबाज के लिए बड़ी उपलब्धि होती है। लेकिन क्या हो, जब 113 रन की पारी खेलने के बाद भी कोच कहे कि बल्लेबाजी में कमी रह गई? भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के करियर में ऐसा ही एक वाकया हुआ।

1 अप्रैल 2021 को घरेलू वनडे टूर्नामेंट में बंगाल की ओर से खेलते हुए दीप्ति ने रेलवे के खिलाफ शतक लगाया। सामने अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाज थे। इसके बावजूद बंगाल के कोच चरणजीत सिंह का मानना था कि दीप्ति अपनी पारी में 25-30 रन और जोड़ सकती थीं।

यह आलोचना उनके शतक को कमतर दिखाने के लिए नहीं थी। कोच ने बल्लेबाजी की एक खास कमी पहचानी थी। दीप्ति ऑफ-साइड में आसानी से रन नहीं बना पा रही थीं।



यहीं से शुरू हुई दीप्ति की खुद को बेहतर बनाने की कोशिश। उन्होंने अपनी कमियों को स्वीकार किया, कोच से मदद मांगी और उन शॉट्स पर मेहनत की, जिनमें वह पीछे रह रही थीं।

17 साल की उम्र में डेब्यू

दीप्ति ने 17 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। 2017 में उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 188 रन की पारी खेली। यह भारतीय महिला क्रिकेट में वनडे का रिकॉर्ड व्यक्तिगत स्कोर बना हुआ है। दीप्ति की तकनीक अच्छी थी, लेकिन उनकी बल्लेबाजी की कुछ सीमाएं भी सामने आने लगीं। वह पारी की शुरूआत धीमी करती थीं, विकेटों के बीच दौड़कर रन लेने में उतनी तेज नहीं थी।

कोच के पास पहुंचीं, ऑफ साइड खेलने पर ध्यान दिया-जब दीप्ति को अपनी कमियों का अहसास हुआ, तो उन्होंने खुद समाधान खोजने की कोशिश की। उन्होंने चरणजीत सिंह से संपर्क किया। कोविड-19 के दौरान उन्होंने कोच के साथ बैट की स्पीड बढ़ाने, छोटी गेंदों को पुल करने और गेंद को बेहतर तरीके से उठाकर मारने पर काम किया।

न्यूज कॉलम

130 मोहल्लों में संघ का पथ संचलन निकला

धार। नगर की 14 बस्तियों के अंतर्गत आने वाले 130 मोहल्लों में एक साथ पथ आरएसएस का संचलन निकाला। अलग-अलग स्थानों से निकले संचलनों में हजारों स्वयंसेवक हुए शामिल। इस दौरान 14 घोष दलों ने सामूहिक वादन किया। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कई स्थानों पर आरती उतारकर अभिनंदन किया गया। मातृशक्ति और छोटी बच्चियों ने भी आरती कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के दो आरोपी पकड़े

मनावर। मनावर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की लाल रंग की ट्रैक्टर-ट्रॉली और वारदात में इस्तेमाल किया गया नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर जब्त किया। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 6 लाख रुपये है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम नौशाद (23), निवासी मनावर और अर्श उर्फ गोल्डी (26), निवासी कुक्षी हैं। मनावर थाना प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि गणेश प्रजापत की ट्रॉली 5 अक्टूबर की शाम महावीर कॉलोनी के खाली प्लॉट से चोरी हुई थी।

पेटलावद में बच्चों के पैदल मार्च मामले में तीन गिरफ्तार

झाबुआ। जिले के पेटलावद में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के पैदल मार्च के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रेमसिंह भूरिया, नरवेसिंह सोलंकी और गोविंद अमलियार को जिला जेल भेजा गया है। तहसीलदार यशपाल मुजाल्दे की कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को तय की है। शनिवार को हॉस्टल से निकले छात्र-छात्राएं करीब 15 किलोमीटर पैदल चलकर देदला तक पहुंच गए थे।

एसडीएम कार्यालय के बाहर किसान के साथ चप्पलों से मारपीट



धार में 3 महिलाओं समेत 4 पर केस जमीन और रास्ते को लेकर था विवाद

धार। धार जिले के सरदारपुर में एसडीएम कार्यालय परिसर में किसान के साथ चप्पलों से मारपीट का मामला सामने आया है। किसान बोन्दरलाल सिर्वी की शिकायत पर पुलिस ने तीन महिलाओं और एक पुरुष के खिलाफ केस दर्ज किया है। किसान ने आरोप लगाया कि जमीन विवाद की शिकायत लेकर कार्यालय पहुंचने पर कोर्ट के बाहर उन्हें घेरकर पीटा गया। घटना का वीडियो भी सामने आया था। बोन्दरलाल पिता नाथाजी सिर्वी के मुताबिक, जमीन और रास्ते को लेकर सरदारपुर एसडीएम कोर्ट में चल रहा था। 12 अक्टूबर 2026 को न्यायालय ने तहसीलदार सरदारपुर के आदेश को रद्द करते हुए उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। किसान ने शिकायत में बताया कि 22 अक्टूबर को वह जमीन विवाद की शिकायत लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान कार्यालय परिसर में कोर्ट के बाहर महिलाओं ने उन्हें घेर लिया और चप्पलों से मारपीट की। उन्होंने गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप भी लगाए हैं। पुलिस ने बोन्दरलाल की शिकायत पर रामी बाई पति कैलाश सिर्वी, केशर बाई पति प्रकाश सिर्वी, रत्ति बाई पति जगदीश सोलंकी और कमल पिता पुनमचंद चोयल, निवासी ग्राम कंजरोटा, के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

नैनो न्यूज

- **सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश की तैयारी-** मध्यप्रदेश में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और हाईटेक उद्योगों के लिए 15,425 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे 14,450 से अधिक रोजगार संभावित हैं।
- **आईटी पार्क में कंपनियों को जगह-** इंदौर के आईटी पार्क-4 में सात कंपनियों को कार्यालयों के लिए आशय पत्र दिए गए हैं। प्रस्तावित इकाइयों से 1,280 रोजगार के अवसर बनने की संभावना है।
- **एमआर-10 क्षेत्र में होटल कारोबार-** इंदौर के एमआर-10 कॉरिडोर में 202 कमरों वाला विवांता होटल शुरू हुआ है। इससे शहर के व्यावसायिक, पर्यटन और कॉन्फ्रेंस कारोबार को नई सुविधाएं मिली हैं।
- **दीपावली पटाखा दुकानों के लाइसेंस-** इंदौर में दीपावली के लिए अस्थायी पटाखा दुकानों के आवेदन 27 से 30 अक्टूबर तक लिए जाएंगे। प्रत्येक मैदान में अधिकतम 50 लाइसेंस जारी होंगे।
- **यूपीआई शुल्क पर व्यापारी संगठनों की नाराजगी-** इंदौर के 125 व्यापारिक संगठनों ने यूपीआई लेनदेन पर शुल्क के विरोध में नकद भुगतान को प्राथमिकता देने की चेतावनी दी है। इससे डिजिटल भुगतान व्यवस्था पर बहस बढ़ी है।

इंद्रेश उपाध्याय ने युवाओं से संवाद किया, उन्होंने कहा-युवा यूजलेस नहीं, उनका इस्तेमाल हो रहा

राजनीति और संवैधानिक व्यवस्थाओं में जेन जेड को लाने की जरूरत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में आयोजित जेन जेड चर्चा में कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय ने युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अब लड़ाई राजपूत और ब्राह्मण जातियों की नहीं, बल्कि जेन जेड और जेन अल्फा की शुरू हो गई है।

उन्होंने युवाओं को राजनीति और संवैधानिक व्यवस्थाओं में लाने की बात भी कही। महेंद्र सिंह धोनी, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली की सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि ये खिलाड़ी इसलिए सफल हुए, क्योंकि वे कभी टूटे नहीं।

हर्षिता जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम का अनुभव अच्छा रहा। अगर सवाल पूछने का मौका मिलता, तो वे जानना चाहतीं कि अध्यात्म और पढ़ाई को साथ लेकर कैसे चला जा सकता है और दोनों में सफल कैसे हो सकते हैं। गोविंद ने कहा कि युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन सवाल विरासत से जुड़े होने चाहिए। वहीं, सृष्टि ने बताया कि कार्यक्रम में सब्र करने की बात उन्हें काफी अच्छी लगी। इंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि युवाओं को राजनीति और संवैधानिक व्यवस्थाओं में भी लाना चाहिए।

जेन जेड की क्षमता का इस्तेमाल कम हो रहा- इंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि जेन जेड यूजलेस नहीं है, बल्कि उनका उपयोग कम किया जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दे पर भारत सरकार से ध्यान देने की अपील की।

कलयुग में भगवान के नाम से आएगा बदलाव- इंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि जिस युग में हम रहते हैं, उसमें भगवान प्रकट नहीं होंगे। कल्कि भगवान बहुत बाद में आएंगे। हमारे आसपास असंख्य रावण और कंस हैं, जिनका नाश करने के लिए भगवान नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि कलयुग में भगवान का नाम ही बदलाव लाएगा। बच्चों को एक नाम लेने की आदत डालें और 30 दिन तक रोज भगवान का नाम लेने का ट्रायल करें। 31वें दिन बदलाव देखने को मिलेगा।

सफलता के लिए मुश्किलों में भी टिके रहना जरूरी

इंद्रेश उपाध्याय ने युवाओं के बीच बदलती पीढ़ी और उनकी सोच के संदर्भ में अपनी बात रखी। उन्होंने धोनी, सचिन और विराट का उदाहरण देते हुए सफलता के लिए मुश्किल परिस्थितियों में डटे रहने के महत्व पर जोर दिया। उनके मुताबिक, इन खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनका न टूटना भी एक अहम वजह रही।

देवी अहिल्या ने होलकर वंश ही नहीं, देश में बनाई पहचान

इंद्रेश उपाध्याय ने देवी अहिल्याबाई होलकर का जिक्र करते हुए कहा कि बहू ऐसी होनी चाहिए, जो शादी से पहले पिता और भाई का सम्मान करे और शादी के बाद ससुराल का नाम रोशन करे। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने न केवल होलकर वंश, बल्कि पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई और नाम रोशन किया।

युवाओं को सवाल पूछने का मौका नहीं मिला

हर्षिता जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम का अनुभव काफी अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सवाल पूछने का मौका मिलता, तो वे पूछतीं कि आध्यात्म और पढ़ाई को साथ लेकर कैसे चला जा सकता है और दोनों में सफल कैसे हुआ जा सकता है।

महापौर की अपील- पहले 2-3 बार समझाएगा नगर निगम, फिर होगी कार्रवाई

पानी व्यर्थ बहाया तो कटेगा चालान, दीपावली तक निगरानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



शहर में पानी की बबार्दी रोकने के लिए नगर निगम अब जागरूकता के साथ सख्ती की तैयारी में है। घरों में जरूरत से ज्यादा पानी बहाने और पीने योग्य पानी का अनावश्यक इस्तेमाल करने वालों को पहले दो-तीन बार समझाइश दी जाएगी। इसके बाद भी यदि पानी की बर्बादी नहीं रुकी तो वीडियो बनाकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसी अभियान के तहत महापौर पुष्यमित्र भार्गव सोमवार को शहर की गलियों में पहुंचे और रहवासियों से पानी बचाने की अपील की।

महापौर ने पार्श्वनाथ, विनय नगर, जैन कॉलोनी और लोकमान्य नगर में लोगों से बातचीत कर पानी का जरूरत के मुताबिक इस्तेमाल करने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि गर्मी में पानी की जरूरत बढ़ जाती है। ऐसे में पानी की बर्बादी का नुकसान अंततः शहरवासियों को ही उठाना पड़ेगा। हर घर में पानी का इस्तेमाल जरूरत के मुताबिक होना चाहिए, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके।

पहले समझाइश, फिर वीडियो बनाकर चालान

महापौर ने अभियान में जुटी एनजीओ की टीम को निर्देश दिए कि पानी बर्बाद करते पाए जाने वाले लोगों को शुरुआत में दो-तीन बार समझाया जाए। इसके बाद भी यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है तो पानी की बर्बादी का वीडियो बनाकर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाए। निगम का उद्देश्य लोगों को पानी बचाने के लिए जागरूक करने के साथ अनावश्यक खपत पर रोक लगाना है।

राहुल गांधी का पुतला दहन

मंत्री खरगे के खिलाफ भी नारेबाजी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे के बयानों के विरोध में रविवार दोपहर इंदौर में रैली निकाली गई।

प्रदर्शन में राहुल गांधी और प्रियांक खरगे के खिलाफ नारेबाजी की गई। रैली के बाद छोटी ग्वालटोली स्थित सरदार पटेल प्रतिमा के पास राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयानों पर सवाल उठाए। माज खान ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बयानों में विरोधाभास नजर आता है। उन्होंने राहुल गांधी के दिल्ली में कांग्रेस कन्वेंशन के दौरान आरएसएस को लेकर दिए गए बयान और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे की ओर से संघ पर प्रतिबंध लगाने संबंधी कथित बयान का हवाला दिया। एक तरफ राहुल गांधी संघ के खिलाफ कार्रवाई का विरोध करने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के ही एक नेता आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हैं। अनिक जोशी ने राहुल गांधी के इंदौर दौरे के दौरान शिक्षक भर्ती को लेकर दिए गए बयान का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षकों की नियुक्तियों को लेकर सवाल उठाए गए थे।

'रवि' बताकर शादी का झांसा दिया, निकला जुनैद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम थाना क्षेत्र में पहचान छिपाकर एक महिला के साथ धोखा करने, शारीरिक शोषण और उसके 4 वर्षीय बेटे के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की लिखित शिकायत पर रविवार रात पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इसके बाद आरोपी जुनैद को रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक, मुकेरीपुरा नरसिंह बाजार की रहने वाली 28 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि वर्ष 2015 में उसकी मुलाकात ऑटो ड्राइवर जुनैद से हुई थी। आरोपी ने खुद को रवि निवासी नरसिंह बाजार बताकर अपनी असली पहचान और मुस्लिम धर्म की बात छिपाई थी। इसके बाद उसने खुद को रवि बताकर महिला से प्रेम का नाटक किया और शादी का झांसा देकर इंदौर के कई इलाकों- कालानी नगर, चंदन नगर, जूना रिसाला और महावर नगर में किराए के कमरे लेकर कई साल तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

खुदाई के दौरान फूटी नर्मदा की पाइपलाइन

7 फीट गहरे गड्ढे में भरा पानी, तीसरी बार सप्लाई प्रभावित, रहवासियों ने मरम्मत का काम रुकवाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अंबिकापुरी एक्सटेंशन में 60 फीट रोड के पास शनिवार दोपहर जेसीबी से खुदाई के दौरान नर्मदा की पाइपलाइन टूट गई। यहां दुकान और मकान निर्माण के लिए खुदाई की जा रही थी। पाइपलाइन टूटने के बाद क्षेत्र में पानी की सप्लाई प्रभावित हो गई, जिससे रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

शनिवार रात करीब 10 बजे पाइपलाइन सुधारने के लिए मजदूर बुलाए गए, लेकिन रहवासियों ने काम करने से रोक दिया। उनका कहना है कि पहले भी खुदाई के दौरान पाइपलाइन टूट चुकी है और शिकायत के बावजूद निर्माण कार्य जारी है। रहवासियों का आरोप है कि जिस जमीन पर निर्माण किया जा रहा है, वह बगीचे की जमीन है। यहां अवंतिका गैस की हाई प्रेशर पाइपलाइन की चेतावनी वाला बोर्ड लगा होने के बावजूद खुदाई की जा रही है। मौके पर सात फीट से अधिक गहरे गड्ढे में पानी भरा हुआ है। जलसंकट के बीच नर्मदा की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से रहवासियों में आक्रोश है।

लिव-इन में रही महिला को धमकाने के आरोप में एहसान पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

चंदन नगर में नाश्ता व्यापारी से धमकी और मारपीट के मामले में पुलिस को चकमा दे रहे एहसान उर्फ भय्यू सुरीला खान पर रविवार को खजराना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

उस पर लिव-इन में रह चुकी महिला को धमकाने और साथ रहने के लिए दबाव बनाने का आरोप है। महिला का आरोप है कि भय्यू ने उसकी बात नहीं मानने पर बेटी को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी खजराना पुलिस का मुखबिर भी रहा है।

ज्योति ने खजराना पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से भोपाल की रहने वाली है और फिलहाल अपनी बेटी के साथ हारून नगर (चंदन नगर) में रह रही है। वह पहले भय्यू के साथ लिव-इन में रहती थी। भय्यू के जेल जाने के बाद उसने उसका घर छोड़ दिया था। महिला के मुताबिक जेल में रहने के दौरान भी भय्यू उसे धमकाता था। जेल से बाहर आने के बाद वह उस पर दोबारा साथ रहने का दबाव बनाने लगा। महिला ने बताया कि वह अपने दादा-दादी और मुंहबोले भाई समीर के साथ खजराना जा रही थी। इसी दौरान ताज नगर मेन रोड पर भय्यू मिला और साथ चलने के लिए दबाव बनाने लगा।

चंदन नगर पुलिस को भी एक माह से तलाश- करीब एक माह पहले भय्यू पर चंदन नगर में महिला की दुकान के नीचे समीर के साथ मारपीट करने और उसे धमकाने का आरोप लगा था। समीर की शिकायत पर चंदन नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस तभी से उसकी तलाश कर रही है, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया है। आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर इंदौर पुलिस के अधिकारियों को चेतावनी भी दी। इससे जुड़ा ऑडियो-वीडियो महिला के मोबाइल पर भेजे जाने की बात सामने आई है।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हेड कॉन्स्टेबल की 51 प्रॉपर्टी जिसकी कीमत 68 करोड़ रुपये

लोकायुक्त के बाद ईडी की एंट्री संभव, मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से हो सकती है जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल (ड्राइवर) फिरोज खान से जुड़ी आय से अधिक संपत्ति की जांच में 51 अचल संपत्तियां मिली हैं। इनका अनुमानित बाजार मूल्य 68 करोड़ रुपए से अधिक है।

ऐसे में प्रवर्तन निदेशालय भी आगे जांच कर सकता है। हालांकि, इसके लिए लोकायुक्त की विवेचना पूरी होने और कोर्ट में चालान पेश होने के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ने की संभावना है, ताकि जांच एजेंसी को ठोस आधार मिल सके। फिलहाल, लोकायुक्त संपत्तियों के दस्तावेज, बैंक खातों और निवेश के स्रोतों की पड़ताल कर रही है। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि संपत्तियां भ्रष्टाचार से अर्जित रकम से खरीदी गईं या नहीं और क्या उस रकम को दूसरे लोगों या कंपनियों के नाम पर रखकर उसका स्रोत छिपाने की कोशिश की गई।

पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का मामला बनने के लिए यह स्थापित करना जरूरी है कि संबंधित संपत्ति किसी अनुसूचित अपराध से जुड़ी आपराधिक गतिविधि से अर्जित हुई है। इसके बाद उस संपत्ति को छिपाने, अपने कब्जे में रखने, हासिल करने, इस्तेमाल करने या बेदाग संपत्ति के रूप में पेश करने जैसी गतिविधियों की जांच की जा सकती है।

सरकारी सेवा में रहते आय से अधिक संपत्ति अर्जित की

फिरोज खान ने सरकारी सेवा में रहते हुए आय से अधिक राशि अर्जित की। इनमें जो संपत्ति बनाई उसकी बाजार में अनुमानित कीमत 68 करोड़ रुपए है। इसमें खासकर जमीन के बड़े सौदे किए और कंपनियां खड़ी की है। कानूनी प्रावधानों के मुताबिक- यदि जांच में मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के तहत आवश्यक शर्तें पूरी होती हैं, तो प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में जांच कर सकता है। हालांकि, केवल संपत्तियों का बड़ा मूल्य सामने आना या आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगना अपने आप में मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध साबित नहीं करता।

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com